You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-26 ❒ सोमवार, 23 फरवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की भूमि पर, जहाँ भाजपा की नींव रखी गई, ऐसे हेरिटेज क्षेत्र खाड़िया में उपस्थित रहकर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम देखने का अनुभव यादगार और अविस्मरणीय है।

नितिन नवीन


यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब : मोदी 11

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला का किया शिलान्यास 12


## संक्षेप

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ झूंसी थाने में प्राथमिकी दर्ज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में पोक्सो की विशेष अदालत के आदेश पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध झूंसी थाने में यौन शोषण के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एफआईआर पोक्सो एक्ट की धारा 5/6 समेत अन्य प्रासंगिक धाराओं में दर्ज की गई है। आरोप स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा लगाया गया था। आरोप में दो कथित नाबालिग पीड़ितों की ओर से झूंसी थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किये जाने पर 28 जनवरी को दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत जिला अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। इस पर सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट) के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने शनिवार 21 फरवरी को अर्जी स्वीकार करते हुए एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश के अनुपालन में झूंसी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू की जा रही है।

### लखनऊ के विकास पर खर्च होंगे 4692 करोड़, सफाई पर सबसे ज्यादा जोर

**लखनऊ।** नगर निगम कार्यकारिणी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 4692 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दे दी। सड़क निर्माण के लिए 271 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं, यह पुनरीक्षित बजट 332.40 करोड़ से 61 करोड़ रुपये कम हैं। सबसे ज्यादा सफाई और कूड़ा प्रबंधन पर 300 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हर वार्ड में वेंडिंग जोन बनाकर बाजारों को जाम से निजात दिलाई जाएगी। नगर निगम मुख्यालय में रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बजट पेश किया। कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। इसके बाद बिना किसी संशोधन के प्रस्तावित बजट को मंजूरी दे दी गई। इसमें किसी नए कर का प्रावधान नहीं किया गया है। कुछ पार्षदों ने वार्ड विकास निधि बढ़ाने की मांग की थी, जिसे कार्यकारिणी ने खारिज कर दिया। महापौर और नगर आयुक्त के कोटे में भी कोई बढ़ोतरी या कटौती नहीं की गई है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि बजट शहर के समग्र विकास, बेहतर सफाई व्यवस्था, मजबूत आधारभूत ढांचे और राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले वर्ष का बजट नए प्रस्तावित कार्यालय भवन में प्रस्तुत किया जाएगा। इस बार बजट में किसी नए कर को लागू करने या पुराने करों में वृद्धि का प्रस्ताव नहीं रखा गया है। बैठक में अनुराग मिश्रा 'अन्नू', राजेश सिंह गब्बर, गौरी सांवरिया सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

# आने वाली लड़ाई विकास बनाम नकारात्मक राजनीति

## मेरठ से मोदी का कांग्रेस पर तीखा हमला




❒ 'महिला सांसदों को भेज, सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते'

❒ 'कांग्रेस ने वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया'

❒ देश की सबसे पुरानी पार्टी वैचारिक रूप से दिवालिया हो गई- मोदी

एजेंसी

मेरठ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष विशेषकर कंग्रेस, पर तीखा हमला बोला और विकास बनाम जहरीली राजनीति को आगामी दौर की मुख्य लड़ाई बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन जैसे राष्ट्रीय गौरव के अवसर को भी कंग्रेस ने अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बनाने की कोशिश की और देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मेरठ की क्रांतिधरा से नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो सेवा का लोकार्पण करने के बाद मेरठ में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुए वैश्विक एआई सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों और करीब 20 राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया, जिससे भारत का वैश्विक मान बढ़ा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसी दल का नहीं, बल्कि देश का था, लेकिन कंग्रेस ने इसकी मर्यादा भंग करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि सम्मेलन स्थल पर कंग्रेस से जुड़े लोगों ने अनुचित आचरण कर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कंग्रेस पहले से ही नंगी है उसे सम्मेलन स्थल पर कपड़े उतारने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि देश की सफलता पर गर्व करने के बजाय कंग्रेस नेतृत्व ने उसे अनावश्यक विवादों में घसीटने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि कंग्रेस को उनसे, भाजपा से या एनडीए से राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन राष्ट्रीय कार्यक्रमों को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सम्मान से जुड़े आयोजनों को बदनाम करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है और ऐसे में नकारात्मक राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विनम्रतापूर्वक देश के मीडिया से भी एक अनुरोध करना चाहता हूँ। वैसे मैं मीडिया को हर प्रकार से झेलने के लिए तैयार हूँ, ईश्वर मुझे शक्ति दे। मैं प्रार्थना करता हूँ कि जब हम इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो कृपया यह हेडलाइन न चलाएँ कि 'पीएम मोदी ने विपक्ष को धो डाला।' आप कंग्रेस को बचाने की ऐसी चालाकियाँ बंद कीजिए। ऐसा करके आप कंग्रेस को बचाते हैं, जबकि विपक्ष में बैठे उसके साथी भी समझ चुके हैं कि पाप कंग्रेस करती है और उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ता है। श्री मोदी ने मीडिया से यह भी अपील की कि ऐसे मामलों में विपक्ष शब्द का प्रयोग कर पूरे विपक्ष को एक तराजू में न तौला जाए, बल्कि जिस दल की भूमिका हो, उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाए। उन्होंने कहा कि गलत आचरण की आलोचना विशिष्ट रूप से होनी चाहिए ताकि जवाबदेही तय हो सके। उन्होंने दावा किया कि कंग्रेस की कार्यशैली से उसके सहयोगी दल भी असहज हैं और देश की जनता इस प्रकार की राजनीति को स्वीकार नहीं करती। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के लिए देश का विकास सर्वोपरि है, जबकि कुछ दल भारत की उपलब्धियों को स्वीकार करने में असमर्थ हैं। प्रधानमंत्री ने लघु और कुटीर उद्योगों, एमएसएमई, किसानों और बुनकरों के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार छोटे शहरों और कारीगरों की क्षमता को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बजट में घोषित विशेष कोष और निर्यात नियमों में ढील का जिक्र करते हुए इसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार निरंतर कार्य कर रही है तथा आधुनिक कनेक्टिविटी विकसित भारत की सबसे बड़ी पहचान बनकर उभर रही है। श्री मोदी ने कहा कि पहली बार एक ही दिन नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का शुभारंभ हुआ है, जो विकसित भारत की कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शहर के भीतर मेट्रो और ट्विन सिटी विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन देश में नई क्रांति ● शेष पेज 11 पर

### पीएम मोदी नए और आधुनिक भारत के निर्माताः योगी

**मेरठ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नए व आधुनिक भारत का शिल्पी व निर्माता बताया है। उन्होंने कहा कि पीएम के 'विकसित भारत' विजन की वैश्विक नेता भी जमकर सराहना कर रहे हैं, जिसमें अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ गरीब-वंचित, अन्नदाता किसान, महिला व युवा समेत समाज के हर तबके को मिलना सुनिश्चित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की कार्यशैली से प्रेरणा लेते हुए कहा कि पूरे देश के विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री जी करते हैं, उतनी तो कोई मंत्री अपने विभागीय कार्यों की भी नहीं करता। सीएम योगी रविवार को मेरठ के मोहिउद्दीनपुर में प्रधानमंत्री द्वारा दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल संपूर्ण कॉरिडोर व मेरठ मेट्रो का लोकार्पण किए जाने के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा होली से ठीक पहले नमो भारत ट्रेन के साथ मेरठ मेट्रो का भी उपहार दिया जा रहा है। यह उपहार विकसित भारत की उस नींव को सुदृढ़ करने का नया माध्यम है, जिसमें अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से भारत की ताकत दिखती है। पहले मेरठ से दिल्ली की दूरी एक चुनौती होती थी। इसे तय करने में चार से पांच घंटे तक मशक्कत करनी पड़ती थी। दिल्ली दूर है, यह मानते हुए लोग थक-हार कर बैठ जाते थे और सोचते थे कि जाम में फंसना पड़ेगा। आज 12 लेन के एक्सप्रेसवे से दिल्ली व मेरठ जुड़े हैं। मेरठ से दिल्ली पहुंचने में मात्र 45-50 मिनट लगते हैं। आज प्रधानमंत्री जी ने नमो भारत रैपिड रेल व ● शेष पेज 11 पर

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को समर्पित कीं 12,930 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ की धरा से 12,930 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में सराय काले खां से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत खंड (5 किमी.), मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक नमो भारत खंड (21 किमी.) के उद्घाटन के साथ दिल्ली-मेरठ नमो भारत का संपूर्ण कॉरिडोर राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही मेरठवासियों को मेट्रो (मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक 21 किमी) की सौगात दी। इसके पहले प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने किया मेट्रो का सफर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्रांति की धरा मेरठ पर रविवार को सबसे पहले शताब्दी नगर हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग मेरठ साउथ से शताब्दी नगर तक मेट्रो में सफर भी किया।

## शीर्ष नक्सली देवजी ने किया 'आत्मसमर्पण'

❒ कुछ महीने पहले ही देवजी को संगठन का महासचिव बनाया गया था

एजेंसी

छत्तीसगढ़। नक्सली संगठन के महासचिव टिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण की खबर है। बताया जा रहा है कि देवजी ने अपने साथी सीसीएम संग्राम के साथ पुलिस के सामने हथियार डाले दिए हैं। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की है। कुछ महीने पहले ही देवजी को संगठन का महासचिव बनाया गया था।

इससे पहले पूर्व महासचिव नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजू पिछले साल मई को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में मारा गया था। अगर देवजी के आत्मसमर्पण की आधिकारिक पुष्टि होती है, तो एक वर्ष के भीतर दूसरी बार संगठन शीर्ष नेतृत्व विहीन हो जाएगा। वहीं, सूत्रों का कहना है कि देवजी के साथ कई सशस्त्र कैडरों के भी आत्मसमर्पण करने की बात भी संभावना है। इससे पूर्व 19 नवंबर 2025 में एक करोड रुपए से ज्यादा के इनामी खूंखार नक्सली माडवी हिड़मा को मारने के बाद नक्सलियों के टॉप लीडर देवजी को भी ढेर करने की खबर सामने आई थी। हालांकि आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई थी।

छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर मारेडुमिल्ली के जंगलों में हुई मुठभेड़ में पोलित ब्यूरो मेंबर और नक्सल महासचिव देवजी समेत कुल सात नक्सली मारे आने की खबर सामने आई थी। अब देवजी के तेलंगाना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने सरेंडर करने की खबर सामने आ रही है। हालांकि अभी भी इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। बता दें कि वर्ष 2025 से अब तक बीच-बीच में देवजी के आत्मसमर्पण या मारे जाने की खबर सामने आती रही हैं।

## मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक दूरदराज के इलाके में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में पाकिस्तानी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि चटरू बेल्ट में पासरकुट के सामान्य क्षेत्र में 'ट्रैशी-आई' ऑपरेशन के दौरान दोनों आतंकवादी मारे गए और उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया, जिसमें दो एके -47 राइफलें शामिल थीं। सेना ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स (सीआईएफ) डेल्टा के जवानों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ करीबी समन्वय में आज सुबह लगभग 11 बजे चुनौतीपूर्ण इलाके में आतंकवादियों को घेर लिया। सेना ने कहा कि सामरिक सटीकता, सहज तालमेल और दृढ़ आक्रामकता का प्रदर्शन करते हुए सैनिक मुठभेड़ स्थल पर हावी हो गए, जिसमें दो आतंकवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया गया। प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए अधिकारियों ने कहा कि मारे ● शेष पेज 11 पर

## एआई सम्मेलन में किया गया प्रदर्शन सार्वजनिक व्यवस्था पर सीधा हमला : अदालत

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि 'एआई इम्पैक्ट' शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कंग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकर्ताओं का आचरण असहमति जताने का वैध तरीका नहीं था, बल्कि यह ''सार्वजनिक व्यवस्था पर एक सीधा हमला'' था, जिसने देश की ''कूटनीतिक छवि'' को भी नुकसान पहुंचाया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि ने शनिवार को यह टिप्पणी तब की, जब भारत मंडपम में ''कमीज उतारकर'' विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कंग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को उनकी अदालत में पेश किया गया। अदालत ने प्रदर्शनकारियों से पूछताछ के लिए पुलिस को उन्हें पांच दिन की हिरासत में रखने की अनुमति दी। मजिस्ट्रेट ने हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगने संबंधी दिल्ली पुलिस की याचिका को स्वीकार किए जाने के कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि आरोपी बिहार, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना के दूरदराज के इलाकों से हैं, जिससे उनके फरार होने की अत्यधिक आशंका है। अदालत ने कहा कि ''प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों से बाहरी साजिश के संबंधों का संकेत मिलने से यह स्थिति और भी गंभीर'' हो जाती है। मजिस्ट्रेट रवि द्वारा पारित आदेश के एक अंश में कहा गया है कि विरोध प्रदर्शन ने न केवल आयोजन की शुचिता को खतरे में डाला, बल्कि देश की राजनयिक छवि को भी नुकसान पहुंचाया। अदालत के आदेश में कहा गया, ''आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने वैश्विक प्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन 2026 के दौरान भारत मंडपम के उच्च सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की सुनियोजित साजिश रची। इसमें कहा गया है कि प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर ''भड़काऊ नारों वाली टी-शर्ट पहन रखी थी, जिन पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के दौरान प्रधानमंत्री झुक गये के आपत्तिजनक नारे लिखे थे। आदेश में कहा गया कि प्रदर्शनकारियों ने लोक सेवकों को उनके कर्तव्यों का निर्वहन करने में बाधा डाली और पुलिसकर्मियों पर शारीरिक हमले किए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं, जैसा कि रिकॉर्ड में मौजूद 'मेडिको-लीगल' मामलों (एमएलसी) से प्रमाणित होता है। मजिस्ट्रेट ने कहा, ''ऐसा आचरण वैध तरीके से असहमति जताए जाने की परिधि से स्पष्ट रूप से परे है और सार्वजनिक व्यवस्था पर स्पष्ट ● शेष पेज 11 पर

## छह मार्च तक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं : नवदीप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने नागरिकों से अपील की है कि दावा एवं आपत्ति अवधि की अंतिम तिथि छह मार्च 2026 तक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए नागरिक इसीनेट मोबाइल ऐप और वोटर्स.इसीआई.जीओवी.इन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी आवेदन कर सकते हैं

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत रविवार को प्रदेशभर के सभी 1.77 लाख मतदेय स्थलों पर चौथा विशेष अभियान दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा मतदाता सूची को शुद्ध बनाना है। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को भी तीन विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा चुके हैं। अभियान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहे और मतदाताओं से नाम जोड़ने, संशोधन और अन्य संबंधित आवेदन प्राप्त किए।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर हेल्प डेस्क की विशेष व्यवस्था की गई थी, जहां मतदाताओं को प्रपत्र-6 और प्रपत्र-8 भरने में सहायता प्रदान की गई। साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट ने ● शेष पेज 11 पर


### एआई समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएँ देखने को मिलीः मोदी

## डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिये सर्तक रहें

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएँ देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई माडल भी लांच किए। डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुये लोगों से सतर्क रहने कहा आह्वान करते हुये कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अभी भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं।

श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में आज कहा कि 'मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है। देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इन्नोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इंपैक्ट समिट के लिये भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढ़ेर सारी चीजें दिखाई। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूँ। सम्मिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24ब7 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढी के अनुरूप ढ़ाल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिये सुश्रुत



संहिता का चयन किया गया। पहले चरण में दिखाया गया कि कैसे तकनीक की मदद से हम पांडुलिपियों की तस्वीर की गुणवत्ता सुधारकर उन्हें पढ़ने लायक बना रहे हैं। दूसरे चरण में इस तस्वीर को मशीन के पढ़ने लायक मूलपाठ में बदला गया। अगले चरण में मशीन से पढने लायक मूलपाठ को एक एआई अवतार ने पढ़ा। और फिर, अगले चरण में हमने ये भी दिखाया कि कैसे तकनीक से ये अनमोल भारतीय ज्ञान भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया जा सकता है। भारत के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक अवतार के माध्यम से जानने में विश्व नेताओं ने बहुत दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने कहा कि इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएँ देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई माडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है। इस समिट को लेकर युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। मैं सभी देशवासियों को इस समिट की सफलता की बधाई देता हूँ। उन्होंने अपने संबोधन में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें) और फिर से केवाईसी के बारे में भी समझाया। उन्होंने कहा कि जब बैंक केवाईसी अपडेट करने के लिए कहते हैं, तो घबराने या नाराज़ होने की जरूरत नहीं है। यह आपके बैंक खाते की सुरक्षा के लिए होता है। आज पेंशन, सब्सिडी, बीमा और यूपीआई जैसी सुविधाएं बैंक खाते से जुड़ी हैं, इसलिए समय-समय पर केवाईसी अपडेट करना जरूरी है।

श्री मोदी ने लोगों को चेतावनी दी कि ठग फर्जी कॉल, एसएमएस और लिंक भेजकर लोगों को धोखा देते हैं। इसलिए केवाईसी या फिर से केवाईसी केवल बैंक की शाखा, आधिकारिक ऐप या अधिकृत माध्यम से ही कराएं। उन्होंने किसी को भी ओटीपी, आधार नंबर या बैंक खाते की जानकारी नहीं देने के साथ समय समय पर अपने पासवर्ड बदलते रहने की भी सलाह दी।

प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया था और अब यह जागरूकता अभियान पूरे साल चलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आरबीआई के संदेशों पर ध्यान दें और अपनी केवाईसी अपडेट रखें। उन्होंने ने कहा कि सही और समय पर केवाईसी कराने से खाता सुरक्षित रहता है। सशक्त नागरिक ही मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करते हैं।

# 'नेट ज़ीरो सरोजनीनगर' अभियान का शुभारंभ

## डॉ राजेश्वर सिंह व संजय दत्त का ऐतिहासिक रोड शो, पर्यावरण संरक्षण और यूथ एम्पावरमेंट का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बंगला बाज़ार में आज 'नेट ज़ीरो सरोजनीनगर' अभियान का भव्य शुभारंभ जनसैलाब के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात अभिनेता संजय दत्त उपस्थित रहे। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के साथ आयोजित रोड शो में 20,000 से अधिक नागरिकों, युवाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा, ल्लमेरे लिए दो मुद्दे अत्यंत भावनात्मक हैं – एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन और यूथ एम्पावरमेंट। सरोजनी नगर मेरा परिवार है और इसे मुझे मॉडल विधानसभा बनाना है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं 20,000 से अधिक नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही यह अभियान जनआंदोलन बनेगा।

युवाओं को संबोधित करते हुए संजय दत्त ने अपने विशिष्ट मुंबइया अंदाज में




कहा– ओए मामू, बात सुन। जित्ते भी मामू यहां खड़ेला हैं न? सब बात सुनने का। जिंदगी में तीन काम करने का। एक- पौधा लगाने का। दूसरा- पानी बचाने का, क्योंकि जल सोना है! तीसरा- वोटर बनो, वोट डालो। और एक बात और – नशा मत करना। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वॉट लगाने का। उन्होंने स्वयं को परदे का स्टार बताते हुए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह को वास्तविक जीवन का सुपरस्टार बताया और कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले जनप्रतिनिधि ही सच्चे नायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान 'नेट ज़ीरो सरोजनीनगर' अभियान को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। यह अभियान छह प्रमुख आयामों – नेट ज़ीरो स्कूल्स एंड कॉलेजेस, नेट ज़ीरो सोसाइटीज़ एंड आरडब्ल्यूएज़, नेट ज़ीरो टाउनशिप्स, नेट ज़ीरो इंडस्ट्री, नेट ज़ीरो विलेजेस एंड सरोवर्स तथा नेट ज़ीरो न्यू पॉलिसी सजेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन – के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प है।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री सुनील चौधरी (प्रिंसिपल चीफ कंज़र्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स), डॉ उत्कर्ष शुक्ला (डिप्टी डायरेक्टर, लखनऊ जू) एवं डॉ पूजा सिंह (प्रेसिडेंट, आरडब्ल्यूए भगीरथी एन्क्लेव) को 'एनवायरनमेंट वॉरियर्स' सम्मान प्रदान किया गया। 19 फरवरी को आयोजित एनवायरनमेंटल अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार 1,00,000 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी की छात्रा दीपिका मिश्रा एवं छात्र सौरभ वर्मा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 50,000 मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वर्चस्व तिवारी, दिव्या पांडेय एवं दीपक विश्वकर्मा को दिया गया।

तृतीय पुरस्कार 25,000 स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की आशा तिवारी, माही यादव एवं ताशु यादव को प्रदान किया गया। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से डेमोक्रेसी चैंपियंस की घोषणा की गई। रामा शंकर त्रिपाठी, मणिक सिंह, बीबी तिवारी, कृपा शंकर शुक्ला, निखिल शर्मा, राजेश त्रिपाठी, के.एन. सिंह, शिविता गोयल, आनंद जोशी, अरुण मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नेहा सिंह, नीता मल्होत्रा, नाहर सिंह चौहान, अनुराग गुप्ता, कौस्तुभ रस्तोगी, रईस अहमद, देव भाटिया तथा शिवम पांडेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने सरोजनीनगर में पर्यावरण संरक्षण, युवा सहभागिता और लोकतांत्रिक चेतना के एक नए युग की शुरुआत का संदेश दिया।

# प्रसव के दौरान 25 वर्षीय महिला की मौत, हाईवे जाम कर परिजनों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ।सैरपुर थाना क्षेत्र में स्थित सन राइज हॉस्पिटल में प्रसव ऑपरेशन के दौरान 25 वर्षीय प्रसूता की मौत से हड़कंप मच गया। आक्रोशित परिजनों ने शव को हाईवे पर रखकर जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया और यातायात कई घंटे बाधित रहा।

जानकारी के मुताबिक, रामपुर बेहड़ा गांव निवासी अनुष्का पत्नी शोभित के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अनुष्का का इलाज पहले राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा था। मृतका के ससुर सुरेश चंद्र का आरोप है कि गांव की आशा कार्यकर्ता ने कमीशन के लालच में सरकारी अस्पताल छोड़ निजी अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।

परिजनों का कहना है कि शनिवार शाम करीब आठ बजे अनुष्का को सन राइज अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी और रविवार दोपहर लगभग तीन बजे सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद एक स्वस्थ बेटे का जन्म हुआ, जिससे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।लेकिन आरोप है कि कुछ ही देर बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों का कहना है कि गंभीर स्थिति के बावजूद न तो विशेषज्ञ डॉक्टर बुलाए गए और न ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इलाज के नाम पर लगभग 50 हजार रुपये जमा कराने के बाद भी समुचित उपचार न मिलने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया। शाम करीब सात बजे परिजन और ग्रामीण शव को लेकर हाईवे पर पहुंच गए और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर सैरपुर व बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया।पुलिस अधिकारियों के अनुसार परिजनों से लिखित तहरीर प्राप्त हो गई है। देर रात शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में काशी को शिखर पर ले जाने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। काशी को स्वच्छता सर्वेक्षण की राष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान दिलाने के लिए शासन और प्रशासन ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को सर्किट हाउस में पार्षदों के साथ सीधा संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि बनारस की बेहतर रैंकिंग केवल कागजी कार्रवाई से नहीं, बल्कि वास्तविक जनसहभागिता से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार 'सोर्स सेग्रिगेशन' (कूड़ा पृथक्करण) में महज 63 प्रतिशत अंक मिलने के कारण शहर 17वें स्थान पर रह गया था। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता को लेकर प्रधानमंत्री स्वयं सदैव चिंतित रहते हैं और उन्होंने इसी पावन धरा से पूरे देश को स्वच्छता का संदेश दिया था, इसलिए काशी की स्वच्छता एक मिसाल होनी चाहिए। उन्होंने सामूहिक जिम्मेदारी का आह्वान करते हुए कहा कि



पिछली चूक को सुधारने के लिए अब धरातल पर कड़े प्रयास करने होंगे।

अभियान की सफलता के लिए मंत्री ने पार्षदों और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन अपने क्षेत्र के लोगों से मिलें और उन्हें गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष रूप से पार्षदों से अपील की कि वे अपने वार्ड के स्कूलों और कॉलेजों में जाकर प्रधानाचार्यों, शिक्षकों तथा बच्चों के साथ संवाद करें ताकि नई पीढ़ी इस मुहिम का हिस्सा बने। इसके अलावा, बाजारों में दुकानदारों को अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित करने तथा सफाईकर्मियों की उपस्थिति का सटीक रिकॉर्ड रखने की जिम्मेदारी भी तय की गई है। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल डिजिटल अटेंडेंस पर निर्भर न रहें, बल्कि मौके पर जाकर सफाईकर्मियों की भौतिक उपस्थिति की जांच करें और यदि कोई अनुपस्थित हो तो उससे व्यक्तिगत संपर्क कर कारण जानें।

शहरी ढांचे और सौंदर्यीकरण को लेकर मंत्री एके शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने नगर आयुक्त को सख्त निर्देश दिए कि बरसात शुरू होने से पहले शहर के सभी 250 गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) को पूरी तरह समाप्त कर वहां सौंदर्यीकरण कराया जाए। इसके साथ ही सड़कों या गलियों में पड़े पत्थर या ईंट के टुकड़ों को तत्काल हटाने तथा कच्ची पटरियों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि शहर का कोई भी हिस्सा धूलभरा या अव्यवस्थित न दिखे। बिजली विभाग के संदर्भ में उन्होंने पार्षदों से कहा कि कहीं भी बांस-बल्ली के सहारे लटके खतरनाक तारों की सूचना तत्काल वाट्सएप पर दें।

# उप्र की आईटीआई में खेल संस्कृति को मिला बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## लखनऊ में पहली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

## चार हजार प्रशिक्षार्थियों की भागीदारी, योगी सरकार में आईटीआई खेलों को नई पहचान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन मे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में रविवार को सम्पन्न हुई। समापन समारोह में विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम एवं निदेशक प्रशिक्षण अभिषेक सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और मंत्री कपिल देव अग्रवाल के नेतृत्व में आईटीआई प्रशिक्षार्थियों के लिए पहली बार इस प्रकार की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के साथ शारीरिक फिटनेस भी आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ प्रशिक्षार्थी ही उद्योगों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में निजी आईटीआई को भी शामिल करते हुए प्रतियोगिता को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि बीते चार माह में जनपद और मंडल स्तर पर चयन प्रक्रिया के बाद लगभग चार हजार प्रशिक्षार्थियों ने 12 खेलों में भाग लिया, जिनमें से करीब 600 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचे। तीन दिवसीय इस आयोजन में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन प्रशिक्षार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और संस्थानों में उपस्थिति बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे तथा छात्राओं के लिए यह आत्मविश्वास बढ़ाने का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ है। निदेशक प्रशिक्षण अभिषेक सिंह ने कहा कि मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव के मार्गदर्शन में आयोजित यह पहली राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता भविष्य में प्रत्येक



वर्ष और बेहतर स्वरूप में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में विभागीय अधिकारियों, तकनीकी निदेशालय तथा राजकीय आईटीआई अलीगंज के नोडल अधिकारियों के योगदान की सराहना की। इस राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये डीके सिंह, निदेशक (प्राविधिक) एवं मयंक गंगवार, संयुक्त निदेशक, एससीवीटी तथा राज कुमार यादव, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई अलीगंज का विशेष योगदान रहा। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त निदेशक, मानपाल सिंह, राजेन्द्र प्रसाद अतिरिक्त निदेशक, योगेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक, अनिल वर्मा, संयुक्त निदेशक, ए.के राणा, संयुक्त निदेशक बी.वी. सिंह, संयुक्त निदेशक, अरविन्द कुमार संयुक्त निदेशक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### गुटखा की कालाबाजारी से फुटकर दुकानदार परेशान

प्रयागराज।जिले में इन दिनों गुटखा की कालाबाजारी की शिकायतें तेजी से सामने आ रही हैं। फुटकर विक्रेताओं का आरोप है कि होलसेल व्यापारियों द्वारा अचानक दाम बढ़ा दिए गए हैं, जिससे खुदरा बाजार प्रभावित हो रहा है। कई दुकानदारों का कहना है कि बढ़ी हुई कीमतों के कारण उन्हें ग्राहकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि थोक स्तर पर दरों की निगरानी नहीं की गई तो अवैध मुनाफाखोरी और बढ़ेगी। संबंधित विभागों से बाजार की स्थिति पर नजर रखने और छापेमारी की मांग की जा रही है।

### नैनी में कमरे के भीतर सड़ी हालत में युवक का शव बरामद

प्रयागराज। जिले के नैनी क्षेत्र स्थित चक हीरानंद मोहल्ले में एक मकान के कमरे के भीतर युवक का सड़ा हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक को पीएसी से हटाया गया जवान बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड टीम की मदद से जांच–पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो

### डीएम ने तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

महराजगंज ,रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।

# डीएम ने नवनिर्मित संकुल भवन का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड महराजगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को रु0 15 लाख तथा आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को रु0 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भेट किये, निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन 17 मई 2022 को हुआ था, जिसके अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम संगठन तथा उनमे गठित 228 महिला स्वयं सहायता समूह आते है। संकुल भवन का निर्माण में मनरेगा (9.97 लाख) राज्य वित्त (1.5 लाख) तथा निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति द्वारा अपने स्टार्टअप फण्ड से ऑफिस सेटअप हेतु (49 हजार) से व्यय किया गया है। कार्यक्रम में निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं से निर्मित उत्पाद (सजावटी झालर, अचार, आलू पापड़, आलू चिप्स, देशी घी, कम्पोस्ट खाद, हर्बल गुलात, नर्सरी के पौधे आदि प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया गया। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड की टीम द्वारा किये गये अच्छे कार्य की सराहना की तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया।

# मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का किया गया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा माननीय कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुमोदनोपरांत, माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में राजकीय इण्टर कालेज, रायबरेली में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा विधिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश रायबरेली अमित पाल सिंह, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय भूपेन्द्र राय, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, नोडल अधिकारी लोक अदालत अमित कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी नवीन चन्द्रा व जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार द्वारा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभ वितरित किये गये।



लाभार्थियों को ट्रैक्टर, छिड़काव कृषि ड्रोन, ट्राई साइकिल, मछली विक्रय हेतु मोपेड, कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना अन्तर्गत स्वीकृति पत्र, पॉपकार्न मशीन, पॉली हाउस, उद्यम ऋण, डेमो चेक व विभिन्न योजनाओं के लाभों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवासीय ग्रामीण योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को डेमो चाभी, स्वरोजगार योजना के प्रमाणपत्र, कृषि विभाग द्वारा कृषि यन्त्रों व विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को डेमो चेक प्रदान किये गये। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश अमित पाल सिंह द्वारा बताया गया कि सेवा मानवता का मूल है। सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। इसके अतिरिक्त जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो पर भी प्रकाश डाला गया। अन्य गणमान्य व्यक्ति ने भी लाभार्थियों को बधाई व शुभकामनायें दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमोद कंठ के द्वारा सभी लाभार्थियों व आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी न्यायिक अधिकारी, एडीएम (वि0/राजस्व) रायबरेली, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उप मुख्यचिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द, क्षेत्राधिकारी महराजगंज, विधि छात्र, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफ़ेन्स काउन्सिल के अधिवक्ता पराविधिक स्वयं सेवकगण तथा भारी संख्या में लाभार्थी व लोग उपस्थित रहे।

# वेद भवन महाविद्यालय व महाराष्ट्र लोक सेवा ट्रस्ट के बूथों का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत आयोजित चौथे विशेष अभियान दिवस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विधानसभा शहर-उत्तर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने वेद भवन महाविद्यालय में बनाए गए बूथ संख्या 401 से 405 तथा महाराष्ट्र लोक सेवा ट्रस्ट में स्थापित बूथ संख्या 416 से 420 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने और सूची को त्रुटिरहित बनाने हेतु चार विशेष अभियान दिवस आयोजित किए गए हैं। जनपद में इससे पूर्व 11 जनवरी, 20 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) उपस्थित रहे। उनके पास 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा फार्म-6, 6इ, 7 और 8 सहित आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध रहे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गई, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की गई। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भ्रमणशील रहकर अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने बूथ पर जाकर 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची में अपना व अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु फार्म-8 भरा जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए।

इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी उपस्थित रहे और अभियान में सहयोग प्रदान किया। तहसीलदार सदर सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे।

# उद्यान मंत्री ने तीन दिवसीय सरस मेला का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने आज जीआईसी के मैदान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (गटख्रख्र) के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला-2026 का फीता काटकार उद्घाटन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वःनिर्मित उत्पादों की विक्रय एवं प्रदर्शनी के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी,मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में उद्यान मंत्री ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 04 महिला समूह की महिलाओं को 07 करोड़ 63 लाख से अधिक का डमी चेक देकर सम्मानित किया। योजना में उत्कृष्ट कार्य



करने वाले खंड विकास अधिकारी दीनशाहगौरा अशोक कुमार सचान, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी लालगंज गगनदीप सिंह एवं बैंक स्तर पर उत्कर्ष कार्य करने वाले अग्रणी बैंक प्रबंध रुपेश दुबे, क्षेत्रीय प्रबंधक अनुज कुमार यादव व शैलेंद्र प्रताप सिंह को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आदर्श स्वयं सहायता समूह की महिला गंगा सिंह ने बताया कि उन्होंने लगभग 258 समूह का गठन कर महिलाओं को समूह से जोड़कर खुद भी सशक्त व आत्मनिर्भर बनने के साथ अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मातृ शक्ति को स्वावलंबी व सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है, आज देश व प्रदेश में महिलाओं को बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर उनको सशक्त बनाकर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आज आप छोटे-छोटे कार्यों से लेकर महिलाओं के समूह के कार्यों का आकलन करेंगे तो आपको गर्व होगा कि हमारी मातृ शक्ति सशक्त, स्वावलंबी बनकर आगे बढ़ रही है हर क्षेत्र में देश, प्रदेश व जनपद का नाम रोशन कर रही है। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ज्ञापित किया गया।कार्यक्रम में उपनिदेशक कृषि विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व समूह की महिलाएं, लाभार्थीगण आदि उपस्थित रहे।

### योजना नैमिष नगर बसाने की, रैथा रोड अब भी बदहाल, आवागमन हुआ दूभर

# करीब 600 मीटर में 100 से अधिक गड्ढे

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर रोड के छठामील स्थित सैरपुर थाने के पास से गुजरने वाली रैथा रोड पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। करीब 600 मीटर की सड़क पर छोटे बड़े मिलाकर 100 से अधिक गड्ढे है। बीकेटी विधानसभा के अंतर्गत आने वाली यह सड़क अपनी बदहाली पर आशू बहा रही है सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। उखड़ी सड़क और बड़े बड़े गड्ढे अब लोगों के लिए नासूर बन चुके है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क लंबे समय से खराब पड़ी है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। गड्ढों के कारण आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग सबसे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। विडंबना यह है कि इसी मार्ग पर लखनऊ विकास प्राधिकरण नैमिष नगर योजना बसाने की तैयारी कर रहा है। योजना से संबंधित बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन आधारभूत सुविधा के रूप में सड़क की हालत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब मौजूदा सड़क की हालत इतनी खराब है तो नई आवासीय योजना कैसे सफल होगी। वहीं लोगों के मुताबिक रैथा रोड पर बड़ी संख्या में अवैध अतिक्रमण भी है जिसके चलते चौड़ी सड़क सिकुड़कर गली में तब्दील हो गई है। लोगों का आरोप यह भी है इस क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार तेजी से चल रहा है। भारी-भरकम डंपर दिन-रात इस सड़क से गुजरते हैं, जिससे सड़क और आसपास की कॉलोनियों की हालत और खराब हो गई है। बावजूद इसके अब तक जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रैथा रोड के




जर्जर और गड्ढों से भरे होने के कारण कई गांव और कालोनियों के लोग बड़ी संख्या में प्रभावित हैं। स्थानीय निवासियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत शासन में बैठे लोग इसे नजर अंदर कर रहे है। नैमिष नगर योजना को लेकर लगातार सर्वे हो रहा है लेकिन इस बदहाल सड़क पर अब तक किसी भी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। लोगों ने मांग की है कि नैमिष नगर योजना पर काम शुरू करने से पहले रैथा रोड का निर्माण कराया जाए और मिट्टी के अवैध कारोबार व चलने वाले डंफर पर रोक लगाई जाए ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। सीतापुर रोड से नैमिष नगर योजना की ओर मुड़ते ही रैथा रोड पर लगभग 600 मीटर के भीतर 100 से अधिक गड्ढे नजर आते हैं। पूरी सड़क क्षतिग्रस्त है। इसी हिस्से में बड़ी संख्या में व्यावसायिक दुकानें, होटल, स्कूल, फैक्ट्री, बाजार और एक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा भी स्थित है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ ग्राहकों व स्कूली बच्चों, ऑफिस आने जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### व्यापारियों को हो रहा नुकसान

बताया जाता है कि इस मार्ग पर देर रात तक लोगों का आवागमन बना रहता है, लेकिन बदहाल सड़क के कारण ग्राहक यहां रुकना पसंद नहीं करते। इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि सड़क की स्थिति ठीक न होने से उनकी आय में लगातार गिरावट आ रही है।

# पूर्व राज्य मंत्री मानद उपाधि से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारथ वर्चुअल यूनिवर्सिटी फॉर पीस एंड एजुकेशन द्वारा उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व राज्य मंत्री को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। भारथ वर्चुअल विश्वविद्यालय फोर पीस एण्ड एजुकेशन के निदेशक डा0 दीपक गुप्ता के अनुसार यह सम्मान समारोह 22 फरवरी को भारतीय विधि संस्थान भगवान दास रोड सुप्रीम कोर्ट के समक्ष नई दिल्ली में आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के अकादमिक काउंसिल द्वारा मूल्यांकन बोर्ड की संस्तुति के आधार पर वीरेन्द्र कुमार तिवारी के दीर्घकालीन सार्वजनिक जीवन संगठनात्मक नेतृत्व एवं समाजहित में किए गए कार्यों को मान्यता देते हुए उन्हें यह मानद डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। श्री तिवारी भारतीय जनता पार्टी में स्थापना वर्ष से अब तक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने छात्र जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद



संगठन से जुड़े रहने के साथ ही भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया।सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अधिवक्ताओं के बीच सक्रियता तथा संगठनात्मक क्षमता के कारण उन्होंने जनमानस में विशेष पहचान स्थापित की। मानद डॉक्टरेट उपाधि उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान की जाती है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज में सकारात्मक प्रभाव डाला हो। इस आयोजन में पर विभिन्न गणमान्य अतिथि, शिक्षाविद ,सामाजिक कार्यकर्ता एवं विशिष्ट नागरिक उपस्थित रहे।

### मैजिक डाला की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिगंवा थाना के अंतर्गत रविवार की सुबह एक व्यक्ति साइकिल से खोया बेचने जा रहा था। तभी पीछे से मैजिक डाला ने टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर हालत में पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां उसने दम तोड़ दिया। मृतक राजाराम ग्राम ददेरा थाना बाराबंकी का निवासी है। जगदीश निवासी ददेरा जनपद बाराबंकी की तहरीर के मुताबिक उसका भाई राजाराम (60) वर्ष साइकिल से कुम्हरावा खोया बेचने आ रहा था। तभी महिंगवा रोड भवानीपुर मोड़ के पास पीछे से मैजिक डाला ने टक्कर मार दी। वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए रामसागर मिश्र सौ सैया अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डाला और चालक को पकड़ लिया है।

### नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाने के एक गांव में अज्ञात चोरों ने छत से घर में प्रवेश कर कमरे में रखे बक्से से ढाई लाख के जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गये। घर वालों को जागने पर चोरी का पता चला।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शनिवार रात सालेह नगर पंचायत के मजरे हरिहरपुर गांव निवासी कृष्ण पाल यादव के घर अज्ञात चोर छत से घर के अंदर दाखिल हुये और कमरे का तोड़कर बक्से में रखी सोने की झुमकी, पांच नग  नाक की कील और सोने का हार तथा तीन जोड़ी पायल, आठ जोड़ी बिछिया और पचान्नबे हजार(95000)की नकदी निकल कर फरार हो गये। घर वालों को चोरी होने की भनक रविवार सुबह जागने के बाद लगी। तब उन्होंने डायल112पर दी। इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित कृष्ण पाल की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

### गौशाला प्रीमियम लीग थावर का शुभारंभ



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थावर गांव में गौशाला प्रीमियम लीग – थावर का शुभारंभ हुआ।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य,ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव,ग्राम प्रधान माधुरी सिंह प्र अतुल कुमार सिंह सहित अधिवक्ता सुजीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सभी का स्वागत समिति के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर किया। थावर गांव स्थित थावर स्टेडियम स्पोर्ट् ग्राउंड (खेल मैदान)में शाश्वत गौधाम समिति द्वारा आयोजित रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। प्रधान प्र अतुल कुमार सिंह व अधिवक्ता सुजीत कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया।साथ ही मैच खेलने उतरी दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।टूर्नामेंट का पहला मैच हसनापुर और सैमसी के बीच खेला गया जिसमें सैमसी की टीम ने जीत दर्ज की।उद्घाटन मैच में हसनापुर गांव की टीम ने 10 ओवर में 119 रन बनाकर 120 रनों का टारगेट दिया।जिसके जवाब में सैम सी गांव की टीम ने 9 ओवर 4 गेंदों में जीत हासिल कर ली। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में करन रावत,उज्ज्वल शर्मा,यश बंसल,विकास मौर्य,करन मौर्य,रमाकांत त्रिपाठी सहित अन्य युवाओं का योगदान रहा।

### जॉइंट सेक्रेटरी 'हाउसिंग' ने किया प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जॉइंट सेक्रेटरी ''हाउसिंग'' अमित शुक्ला ने विकासखंड गोसाईगंज के सदरपुर करोरा गांव में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने गोसाईगंज के खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर से जरूरी जानकारी ली और मौके पर मौजूद आवास के लाभार्थियों से भी बातचीत की। लाभार्थियों की ओर आवास निर्माण में धन को कमी को बाधा बताया। उनकी ओर से आवास के निर्माण के लिए मिलने वाले धन में बढ़ोत्तरी करने की बात कही गई। जॉइंट सेक्रेटरी ने आवासों की स्थिति देखकर उनकी सराहना की। इस मौके पर पंचायत सचिव मनोज कुमार गुप्ता,उपायुक्त आवास अखिलेश कुमार सिंह, डीसी मनरेगा सुशील कुमार सिंह, बीडीओ काकोरी भानु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# गंगा अपार्टमेंट वेल्फ़ेयर सोसाइटी विवाद थाने पहुँचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गंगा अपार्टमेंट वेल्फ़ेयर सोसाइटी में पूर्व कालातीत द्वारा सोसाइटी के कार्यों में बाधा पहुँचाने का मामला थाने तक पहुँच गया है।

किसी भी सोसाइटी में यह नियम होता है कि हर वर्ष चुनावी प्रक्रिया के बाद कालातीत का चयन सभी सदस्यों की सहमति से किया जाता है, लेकिन इस सरल प्रक्रिया को कैसे जटिल बनाया जाता है, इसका ताज़ा उदाहरण गोमती नगर विस्तार स्थित गंगा अपार्टमेंट वेल्फ़ेयर सोसाइटी में देखने को मिल रहा है। यहाँ विवाद रजिस्ट्रार से होते हुए गोमती नगर विस्तार थाने तक पहुँच गया है, लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

सोसाइटी के नामित सचिव डी.एस. सिंह सहित अन्य सदस्यों ने थाना गोमती नगर विस्तार में तहरीर दी है। तहरीर में उल्लेख किया गया है कि गंगा अपार्टमेंट की पूर्व गठित सोसाइटी न तो अपना चार्ज छोड़ने को तैयार है और न ही अपने खर्चों का ऑडिट कराने को सहमत है। नामित सचिव ने बताया कि पिछले 9 वर्षों से पूर्व कालातीत अनामिका चतुर्वेदी अपने पद पर बनी हुई हैं, जबकि नियमों के अनुसार हर वर्ष चुनाव कराए जाने का प्रावधान है।

उनका कहना है कि 6 फरवरी 2025 को रजिस्ट्रार द्वारा दिए गए आदेश के बावजूद अनामिका चतुर्वेदी न तो ऑडिट कराने को तैयार हैं और न ही चुनाव कराने को। आरोप है कि उनके द्वारा सोसाइटी के कार्यों और कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भी बाधा डाली जा रही है। रविवार को जब नवीन कालातीत द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की बात कही गई, तो मौके पर उपद्रव किया गया, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस पूरे मामले की जाँच में जुटी हुई है। अब देखना होगा कि पूर्व कालातीत कब अपने कार्यभार का त्याग करती हैं और सोसाइटी में चुनावी प्रक्रिया कब प्रारंभ होती है। इस तरह के रवैये से न केवल अपार्टमेंट की साख पर असर पड़ रहा है, बल्कि वहाँ कार्यरत कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह मामला जल्द शांत होगा।

# मरने के बाद भी पांच लोगों को नया जीवन दे गए संदीप, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में रविवार को एक ब्रेन डेड मरीज ने मरने के बाद भी पांच लोगों को नया जीवन देने की उम्मीद जगाई है। संस्थान के विशेषज्ञों की देख रेख में सफल मल्टी-ऑर्गन डोनेशन संपन्न हुआ। यह संस्थान के लिए पिछले लगभग 20 वर्षों में ब्रेन स्टेम डेथ के बाद पहला मल्टी-ऑर्गन डोनेशन है, जिसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

लखनऊ निवासी 42 वर्षीय संदीप कुमार सात फरवरी को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। विभिन्न अस्पतालों में उपचार के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजनो ने उन्हें एक दिन पूर्व 21 फरवरी की रात्रि में एसजीपीजीआईएमएस के एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। रविवार सुबह इलाज के दौरान चार विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल द्वारा उन्हें ब्रेन स्टेम डेड घोषित कर दिया।

ब्रेन डेड घोषित होने के बाद विशेषज्ञों ने संदीप के परिजनों को आर्गन डोनेशन के बारे में जानकारी देने के साथ ही डोनेशन के प्रति प्रेरित किया। परिजनों की सहमति प्राप्त होने के पश्चात स्टेट आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन उत्तरप्रदेश (सोटो-यू.पी.) के संयुक्त निदेशक एवं एसजीपीजीआईएमएस के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन के मार्गदर्शन में एसजीपीजीआईएमएस एवं किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के संयुक्त सहयोग से लीवर रिट्रीवल एवं प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सुप्रिया शर्मा एवं डॉ. राहुल के नेतृत्व में लीवर हार्वेस्ट कर सोटो-यू.पी. द्वारा स्थापित ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से शीघ्रता से केजीएमयू पहुँचाया गया। साथ ही केजीएमयू की प्रतीक्षा सूची में पंजीकृत रोगी को संयुक्त टीम द्वारा लीवर प्रत्यारोपित किया गया। वहीं यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. एम.एस. अंसारी, डॉ. संजय सुरेका एवं डॉ. संचीत रुस्तगी की टीम द्वारा किडनी रिट्रीवल किया गया, जबकि नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. नारायण प्रसाद की टीम ने रिसीपिएंट का प्रबंधन एवं प्रत्यारोपण की तैयारी सुनिश्चित की।

इसी प्रकार कॉर्निया हार्वेस्टिंग एवं प्रत्यारोपण की प्रक्रिया विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अपिजीत कौर के समन्वित प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. देवेंद्र गुप्ता, डॉ. सुरुचि अंबास्ता एवं उनकी टीम ने डोनर मेंटेनेंस सहित महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही कॉर्निया को सोटो-यू.पी. के माध्यम से केजीएमयू के कम्युनिटी आई बैंक में दान किया गया, जिससे जरूरतमंदों को नई दृष्टि प्राप्त होगी।

अंगदान के उपरांत दिवंगत संदीप को सम्मानपूर्वक संस्थान के गार्ड द्वारा ऑनर वॉक प्रदान किया गया। संदीप कुमार अपने पीछे पत्नी लक्ष्मी एवं आठ वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं।

# खेल भावना के साथ संपन्न हुआ लोहिया नगर प्रखंड क्रिकेट टूर्नामेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के लोहिया नगर प्रखंड द्वारा 12-12 ओवर का रोमांचक क्रिकेट मैच शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड में आयोजित किया गया। मुकाबला लोहिया नगर रॉयल्स और लोहिया नगर टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें खेल भावना और उत्साह का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।लोहिया नगर रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम की ओर से ओपनर अमर नाथ मिश्रा (चीफ वार्डे न नागरिक सुरक्षा लखनऊ) और गुरप्रीत सिंह सेठी(डिप्टी चीफ वार्डे न) ने पारी की शुरुआत की। गेंदबाजी की शुरुआत डिविजनल वार्डे न सुनील कुमार तिवारी ने की। विमल कुमार वर्मा (घटना नियंत्रण अधिकारी) ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 58 रन बनाए और टीम को 12 ओवर में 137 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में लोहिया नगर टाइगर्स की ओर से डॉ.



पंकज कुमार (डिप्टी डिविजनल वार्डे न) और अनुभव द्विवेदी ने ओपनिंग की। अनुभव द्विवेदी ने आक्रामक अंदाज में 30 गेंदों पर 68 रन की तूफानी पारी खेली।आशुतोष मिश्रा ने एक ओवर में चार छक्के लगाकर 25 रन जोड़े और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। अंत में ऋतुराज रस्तोगी ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को 2 ओवर शेष रहते 7 विकेट से शानदार जीत दिलाई।मैच के दौरान मनोज वर्मा (एडीसी) ने उत्कृष्ट फील्डिंग और उत्साहवर्धन कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।समापन समारोह में नागरिक सुरक्षा लखनऊ की एडीसी रेखा पांडेय ने विजेता टीम के कप्तान नबी हसन को ट्रॉफी प्रदान की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय नवल टाइम्स के प्रकाशक/सम्पादक नवल किशोर त्रिपाठी ने उपविजेता कप्तान आमिर अब्बास को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।अजीत सिंह (हमराह) ने मैन ऑफ द मैच अनुभव द्विवेदी तथा बेस्ट बॉलर पंकज पंत को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का सम्मान डिविजनल वार्डे न सुनील कुमार तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डे न डॉ. पंकज कुमार और स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। मैच में अंपायर की भूमिका अनंत सिंह तोमर और मुनीम पांडे ने निभाई। इस अवसर पर डिविजनल वार्डे न दिनेश माथुर (राजाजीपुरम), नफीस अहमद (गोमतीनगर), डिप्टी डिविजनल वार्डे न मजीद अली (बीकेटी), ऐश्वर्य (गोमतीनगर), स्टाफ ऑफिसर प्रदीप शर्मा (महानगर) सहित लोहिया नगर प्रखंड के सत्य कुमार तिवारी, विनय मौर्या, राहुल मिश्रा, सचिन नागर, अंबेश, धनंजय वर्मा और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के शहजादेपुर गांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस लाइन पर नवनिर्मित काशी विश्वनाथ शिव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आयोजन में क्षेत्रभर से उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा शहजादेपुर स्थित पूर्वांचल फार्म हाउस फ़ेज-2 से प्रारंभ होकर मंदिर परिसर से होते हुए लोनी नदी तट तक पहुंची। पीत वस्त्र धारण किए सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। ह्लहर-हर महादेवङ्क के जयघोष और भक्ति गीतों से मार्ग गुंजायमान रहा। लोनी नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न हुआ।

कथा के मुख्य आयोजक एवं यजमान पी.एस. एंड एम.एस. ग्रुप के डायरेक्टर मोहित शर्मा अपनी धर्मपत्नी अर्चना शर्मा के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। कथा प्रारंभ



से पूर्व हवन-पूजन कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की गई।

कथावाचक त्रिलोकी नाथ तिवारी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन को नई दिशा देती है और व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि कथा का वास्तविक फल तभी मिलता है जब उसके संदेशों को व्यवहार में उतारा जाए।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के इस भव्य शुभारंभ से क्षेत्र में धार्मिक उल्लास और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। आने वाले दिनों में कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न, सैकड़ों ने कराई जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कुर्मी टोला स्थित रिसालदार पार्क में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। 22 फरवरी 2026 को आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर (डायबिटीज), वजन एवं उम्र्क की जांच निःशुल्क की गई। इसके अतिरिक्त हृदय एवं श्वास संबंधी रोगों पर परामर्श तथा नेत्र रोग संबंधी जांच भी अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की गई। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और आमजन को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते



हैं। इस अवसर पर 174-लखनऊ मध्य विधानसभा के उपविजेता रजनीश कुमार गुप्ता एवं विनोद सिंघल (पूर्व पार्षद), सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के आयोजक  महेश कश्यप एवं नारायण मिश्र ने बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

शिविर के सफल आयोजन में क्षेत्र के कई सहयोगियों एवं स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। अंत में आयोजकों ने सभी चिकित्सकों, अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में दिलीप शर्मा,तरुण कश्यप,ब्रह्म शंकर,सुजीत माथुर,सौरभ मिश्रा,अंकित गुप्ता, सिद्धार्थ सोनकर,लालबहादुर,रोहित जयसवाल,शशि त्रिवेदी,सोनी कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

### पुरातन छात्रों ने साझा किए अनुभव, महाविद्यालय के विकास में सहयोग का लिया संकल्प

# सजे यादों के रंग, एल्युमिनाई मीट में छलका अपनापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। चन्द्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में रविवार को आयोजित एल्युमिनाई मीट भावनाओं, उत्साह और आत्मीय मिलन का साक्षी बना। 32 वर्ष बाद एक मंच पर जुटे पुराने साथियों ने गेट-टू-गेदर के माध्यम से छात्र जीवन की यादों को ताजा किया। महाविद्यालय परिसर दिनभर ठहाकों, मुस्कुराहटों और आत्मीय आलिंगन से गूंजता रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. फिदा हुसैन अंसारी एवं प्रबंधक डॉ.टीपी सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रबंधतंत्र के सदस्यों का पौध भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद पुरातन छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय में बिताए पलों को याद किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामूहिक भोज ने आयोजन को और भी



यादगार बना दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. फिदा हुसैन अंसारी ने कहा कि वर्षों बाद पुराने मित्रों से मिलना अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने बताया कि भगवती सिंह द्वारा स्थापित यह महाविद्यालय देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। प्रबंधक डॉ. टीपी सिंह ने पुरातन छात्रों से अपील की कि वे महाविद्यालय के विकास और गौरव को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

पुरातन छात्र आरसी गुप्ता ने बताया कि उन्होंने इसी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अपनी कंपनी स्थापित की है, जो बायोटेक्नोलॉजी, बायो पेस्टीसाइड एवं स्मार्ट बायो उर्वरक का उत्पादन कर किसानों को सस्ती दरों पर उपलब्ध करा रही है तथा युवाओं को रोजगार भी दे रही है। ऑस्ट्रेलिया में शिक्षक पद पर कार्यरत डॉ.तुलसीराम भुसाल ने महाविद्यालय की शिक्षण गुणवत्ता की सराहना करते हुए छात्रों को इसका अधिकतम लाभ लेने की सलाह दी।

मीडिया प्रभारी डॉ.सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वे स्वयं इस महाविद्यालय के पुरातन छात्र हैं और 32 वर्षों से छात्र एवं शिक्षक के रूप में जुड़े हुए हैं। अब तक लगभग 7500 कृषि स्नातक और 900 परास्नातक छात्र-छात्राएं यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में सेवाएं दे रहे हैं।इस अवसर पर प्रबंधतंत्र के सदस्य अशोक सिंह, डॉ. बैजनाथ रावत, प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय भदोरिया, डॉ.हृदय नारायण तिवारी, डॉ. सुधीर कुमार रघुवंशी सहित 150 से अधिक पुरातन छात्र उपस्थित रहे।

# गोल्ड मेडल जीत कर मुस्कान सिंह ने सीतापुर का लखनऊ मे लहराया परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कसमंडा कमलापुर । जनपद सीतापुर के विकास खंड कसमण्डा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेवादा की रहने वाली मुस्कान सिंह ने लखनऊ मे खेल जगत में अपनी जीत का डंका बजाया है।

एस आर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी परिसर में चल रही दो दिवसीय शौर्य प्रतियोगिता 2026 के अंतिम दिन शनिवार को बीटेक कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान सिंह ने 3 मीटर की लांग जंप में गोल्ड मेडल,चार सौ मीटर रिले रेस में मुस्कान सिंह,अंजली,सौम्या शुक्ला,अर्पिता श्रीवास्तव ने गोल्ड मेडल,बास्केट बाल में गोल्ड मेडल,रस्सा खींच में गोल्ड मेडल तथा चार सौ मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपना परचम लहराया है। इस प्रतियोगिता में मुस्कान सिंह ने 4 गोल्ड व एक ब्रॉन्ज मेडल जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।मुस्कान को कालेज के चेयरमैन व विधान परिषद सदस्य सीतापुर पवन सिह चौहान ने मेडल ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया।मुस्कान सिंह की माता कल्पना सिह ग्रहणी व पिता सत्यप्रकाश सिंह सीतापुर आई इण्डिया न्यूज चैनल के पत्रकार है,मुस्कान सिंह को खेल का कोई अच्छा प्लेट फार्म न मिलने के बावजूद भी मुस्कान सिंह ने अपनी प्रतिभा के बल पर अभी तक करीब दो दर्जन से अधिक मैडल जीत चुकी है।



इस जीत पर कॉलेज के कोच संजय यादव,कसमण्डा स्टेट के कुवर दिनकर प्रताप सिंह,मंगल प्रताप सिंह,धर्मेंद्र सिंह,आदेश तिवारी,उदय प्रकाश सिंह चौहान,अनुराग जयसवाल,अनुज बाजपेई,अभिषेक ठाकुर,वीरबहादुर सिंह,अनिकेत सिंह,विनय सिंह,अमर शर्मा,सोनू तिवारी,विद्याधर पाण्डेय, छोटू सिह, नीरज रस्तोगी,रमेश कुमार गुप्ता,सहित बड़ी सख्या मे लोगों ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री श्याम सतरंगी फाल्गुनी अमृत महोत्सव

**सुप्रसिद्ध भजन गायिका उपासना मिश्रा ने सुन्दर भजनों का बांधा समां**

**पूरे पंडाल में मौजूद श्याम भक्तों को किया सम्मोहित**

**बाबा के भजनों में रात भर झूमे श्रद्धालु,खेली गयी फूलों की होली, हुआ गजरा उत्सव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। श्री श्याम सत्संग भवन पुरैनी गंज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को शाम 7 बजे से श्री श्याम सतरंगी फाल्गुनी अमृत महोत्सव 2026 बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरी रात सभी श्रद्धालु भक्त खाटू श्याम के सुन्दर भजनों में डुबकी लगाते रहे। इसके अलावा हवन कुंड की अग्नि से अखंड श्याम ज्योति का आविर्भाव हुआ। श्री खाटू श्याम जी का फूलों द्वारा विशेष अलौकिक श्रंगार कर उन्हें छप्पन भोग लगाया गया।

इस अवसर पर बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ फूलों की होली खेल कर गजरा उत्सव भी मनाया गया। भक्तों ने हवन पूजन किया तथा आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम में सीतापुर से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका ने अपने भजनों से समां बांध दी। उनके भजनों को सुनकर पूरा पंडाल झूम उठा। उनके सुन्दर भजनों से श्रद्धालु इतना सम्मोहित हो गये कि भोर पहर तक उठने का नाम ही नहीं लिया।

भजन गायक अम्बर श्रीवास्तव ने ''देवा ओ देवा गणपति देवा......'' गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन गायक राहुल सिंधी ने गाया ''बाबा तुम जो मिल गये फूलों जैसे खिल गये'' भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाराबंकी से पधारे गायक शानू सोनी ने ''मेरी नैय्या का खेवैय्या है मेरा सांवरा'' भजन गाकर सबको नाचने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम में भक्तों को श्याम खजाना भी दिया गया। इस दौरान आयोजक सांवरा सेठ एवं संयोजक श्री श्याम परिवार के शिव प्रसाद सिंघल, बसंत खेतान, विजय कुमार अग्रवाल,अमित सिंघल,पंकज खेतान, मनीष बंसल,रवि प्रकाश बंसल,राज कुमार अग्रवाल,अमन श्रीवास्तव, नितिन मंगल, प्रदीप जायसवाल व विकास सहित पुरैनी गंज व आसपास क्षेत्र के सैकड़ों महिला, पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।आयोजकों द्वारा कलाकारों सहित गणमान्य लोगों का श्रीश्याम चुनर डालकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम भोर पहर तक चलता रहा।

# कुत्तों के झुंड का कहर, ग्रामीणों की सूझबूझ से बची बारहसिंघा की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर) । विकास खंड सकरन अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा खुर्द में शनिवार देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल से भटककर एक बारहसिंघा अचानक गांव में आ पहुंचा। गांव में घुसते ही आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों के हमले से बारहसिंघा गंभीर रूप से घायल हो गया और जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगा।

घटना को देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जैसे ही लोगों को अहसास हुआ कि कुत्ते झुंड बनाकर बारहसिंघा को दौड़ा रहे हैं, ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। ग्रामीणों की तत्परता से कुत्ते पीछे हटे, जिससे घायल बारहसिंघा की जान बच सकी।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुत्तों से बचने के प्रयास में बारहसिंघा गांव निवासी पुटू मास्टर के घर में घुस गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए घर वालों ने बिना घबराए उसे सुरक्षित एक कमरे में बंद कर दिया, ताकि वह दोबारा किसी हमले का शिकार न हो सके।

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग और उत्तर प्रदेश पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके के लिए रवाना हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कुत्तों को न भगाया जाता, तो बारहसिंघा की जान जाना तय थी।

ग्रामीणों की सूझबूझ और साहस से एक वन्य जीव की जान बच पाई, जिसकी क्षेत्र में सराहना हो रही है। वहीं, इस घटना ने गांवों के आसपास जंगल से सटे इलाकों में बढ़ते आवारा कुत्तों और वन्य जीवों के टकराव की समस्या को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

# विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत भराये गये फार्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जहांगीराबाद (सीतापुर)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देश पर शनिवार 22 फरवरी को विधानसभा 150 सेवता अन्तर्गत बिसवां तहसील के मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय कम्पोजिट जहांगीराबाद पर विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ लगाकर नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 तथा परिवर्धन के लिए फार्म- 8 तथा अपमार्जन के लिए फार्म- 7 भरवाने का कार्य किया गया।


इस दौरान बूथ संख्या 265 से 272 का निरीक्षण ए0ई0आर0ओ0 डा0 आशाराम वर्मा ने किया। उनके साथ सुपरवाइजर के रूप में क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव भी मौजूद थे। रविवार दोपहर 2 बजे तक बूथ संख्या 265 से 271 तक 71 मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाया वहीं 25 लोगों ने फार्म-8 भरकर संशोधन करवाया वहीं 3 फार्म-7 भरकर अपमार्जन करवाया। निरीक्षण में ए0ई0आर0ओ0 ने सभी बीएलओ से फार्म 6 व 8 की उपलब्धता तथा उन्हें भरवाये जाने के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा नोटिसों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर बीएलओ सुनीता वर्मा, अफरोज जहां, मेहनाज बेगम, फिरोज आलम, शीला श्रीवास्तवा, निशा वर्मा, सुमन कुमारी वर्मा, सुनीता देवी वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि मुशीर अहमद, बीएलए सुधाकर मिश्र, कन्हैया रस्तोगी व वकार अहमद आदि मौजूद रहे।



# हत्याओं का सिलसिला जारी, लखीमपुर खीरी में कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद में लगातार हो रही हत्याओं की घटनाओं से लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। कोतवाली सदर क्षेत्र में 24 वर्षीय आशीष उर्फ नितिन अवस्थी की हत्या से शहर दहल उठा। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन स्थित सभागार में एडीजी जोन लखनऊ द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की जा रही थी, उसी दौरान हत्या की साजिश रची जा रही थी। घटना ने जनपद की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, जब मृतक के परिजनों ने कंपनी मालिक राहुल मिश्रा से संपर्क किया और फोन न उठाने का कारण पूछा, तो कुछ देर बाद राहुल मिश्रा ने बताया कि नितिन ने आत्महत्या कर ली है। हालांकि पुलिस जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृतक की छाती से कारतूस बरामद किया, जिससे हत्या की पुष्टि हुई।




कोतवाली सदर पुलिस ने राहुल मिश्रा और उसके भाई राजा मिश्रा को हिरासत में लिया है। मृतक के पिता मणि शंकर की तहरीर पर राहुल, राजा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मृतक के पिता मणि शंकर ने बताया कि उनका बेटा आशीष उर्फ नितिन अवस्थी सलेमपुर कोन में किराए के कमरे में रहता था और पिछले दो वर्षों से राहुल के यहां वसूली का काम करता था। उन्होंने बताया कि नितिन ने घर आकर कहा था कि मालिक के एक लाख बीस हजार रुपये गिर गए हैं, जिसको लेकर वह काफी परेशान था।

## बसंतपुर में नवयुवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

तिलोई अमेठी । थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव बसंतपुर में एक नवयुवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर निवासी बेचू पुत्र विजई की तबियत अचानक बिगड़ गई और परिजन उसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी गीता समेत बेटा देवांश, आयुष और बेटी लवली का रो रोकर बुरा हाल है।ग्रामीणों के मुताबिक युवक का महाराजगंज जिले की एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसको लेकर पूर्व में विवाद की स्थिति भी बनी थी। रविवार को युवक के विषाक्त पदार्थ सेवन की बात सामने आ रही है हालांकि पुलिस ने इन चर्चाओं की आधिकारिक पुष्टि नही की है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला विषाक्त पदार्थ सेवन का प्रतीत हो रहा है लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# युवक की गड़ासे से नृशंस हत्या, गांव में तनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले के फरधान थाना क्षेत्र के गांव खेतौसा में शनिवार शाम एक दलित युवक की गड़ासे से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया है, जबकि परिजनों में भारी आक्रोश है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मीर कुमार (23) पुत्र राजाराम गौतम निवासी गांव खेतौसा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक और दूसरे पक्ष के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। गांव के लोगों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच अक्सर छोटे-मोटे विवाद होते रहते थे।

शनिवार की शाम करीब 7 बजे दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि उस समय कुछ लोग शराब के नशे में थे और गाली-गलौज के दौरान झगड़ा बढ़ गया। आरोप है कि दबंगों ने मीर कुमार को घर से बाहर निकाल लिया और गांव के सामने ही उस पर धारदार हथियार, गड़ासे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।



हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में तनाव की स्थिति बन गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश और विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वहीं परिजनों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मतदान स्थलों का लिया जायजा, प्रगति की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान ने रविवार को जिले भर में गति पकड़ ली। ल्लविशेष अभियान दिवसङ्क के तहत जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बड़ी संख्या में लोग अपने नाम जुड़वाने और संशोधन कराने पहुंचे। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वयं कई बूथों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डीएम ने ईआरओ एवं एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह के साथ क्रमशः मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय ईदगाह (भाग संख्या 205 से 209) तथा संविलियन विद्यालय छाउछ (भाग संख्या 19 से 25) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथों पर लगी हेल्प डेस्क, मतदाता पंजीकरण से संबंधित अभिलेख, प्राप्त आवेदन पत्रों और निस्तारण की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय डीएम सीधे बीएलओ के हेल्प डेस्क तक पहुंचीं और वहां मौजूद रजिस्टर, प्राप्त फॉर्म-6 (नए मतदाता के नाम जुड़ने हेतु) तथा फॉर्म-8 (त्रुटि सुधार के लिए) की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने दस्तावेजों की जांच करते हुए बीएलओ से पूछा कि कितने आवेदन प्राप्त हुए, कितनों का सत्यापन हो चुका है और लंबित मामलों का निस्तारण कब तक किया जाएगा। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का समयबद्ध सत्यापन किया जाए और पात्र लोगों का नाम शीघ्र मतदाता सूची में जोड़ा जाए। इस दौरान डीएम ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके एक भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची से छूटना नहीं चाहिए। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र में सक्रिय रूप से संपर्क अभियान चलाया जाए और डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में योग्य नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करा पाते, इसलिए बीएलओ की जिम्मेदारी है कि वे लोगों को सही जानकारी दें और आवेदन प्रक्रिया में मदद करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बूथ पर मौजूद आम नागरिकों से भी संवाद किया। उन्होंने बताया कि जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, वे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ को जमा कर सकते हैं या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। वहीं, यदि किसी मतदाता के नाम, पता या अन्य विवरण में त्रुटि है तो फॉर्म-8 भरकर सुधार कराया जा सकता है। डीएम ने मतदाताओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर विशेष अभियान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) भ्रमणशील रहे और विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बीएलओ से बातचीत कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें अधिक सक्रियता के साथ काम करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि अभियान के दौरान आने वाले प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए।



# एसपी डा. ख्याति गर्ग के निर्देश पर वांछित अभियुक्त की संपत्ति पर कुर्की की कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त की चल एवं अचल संपत्ति कुर्क कर ली। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डा. ख्याति गर्ग के निर्देशन में की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जनपद में अपराध नियंत्रण और फरार आरोपियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी पलिया के मार्गदर्शन में थाना मझगई पुलिस टीम ने रविवार (22 फरवरी 2026) को वांछित अभियुक्त रामसागर पुत्र गौरीशंकर के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कुर्की की कार्रवाई की। बताया गया कि थाना मझगई में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 58/2025, धारा 64(1)/351(2) बीएनएस के मामले में रामसागर लंबे समय से फरार चल रहा था। न्यायालय द्वारा जारी आदेश के तहत धारा 85 बीएनएसएस के अंतर्गत अभियुक्त की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई अमल में लाई गई। पुलिस टीम अभियुक्त के गांव नौगवां, पोस्ट बबौरा स्थित पते पर पहुंची, जहां विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसकी चल संपत्ति को जब्त कर लिया गया। जब्त की गई संपत्ति को थाना मझगई लाकर दाखिल किया गया। वहीं अभियुक्त की अचल संपत्ति, यानी मकान को सील करते हुए उसके दरवाजे पर ताला लगाकर न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की की कार्रवाई पूरी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि अपराधियों में कानून का भय कायम रहे और कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे।






इस कार्रवाई में थाना मझगई की पुलिस टीम सक्रिय रही। टीम में उपनिरीक्षक गौरव सिंह, उपनिरीक्षक रामसुमेर साहनी, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार यादव, कांस्टेबल रोबिन सिंह और कांस्टेबल रवि गंगवार शामिल रहे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिक प्रक्रिया के तहत पूरी कार्रवाई संपन्न कराई। पुलिस का कहना है कि वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने के लिए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रामचंद्र मिशन आश्रम में देश-विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। रामचन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में रामचन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के तीसरे चरण के तीसरे दिन का शुभारंभ प्रातःकाल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से आये हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर सतना मध्य प्रदेश के सांसद गणेश सिंह व ब्रिटेन की पार्लियामेंट के सांसद लार्ड क्रिस लेवन विशेष रुप से मौजूद रहे।

इस दौरान कमलेश डी. पटेल 'दाजी' ने कहा कि ध्यान मन की अंतः यात्रा है और ईश्वर से जुड़ने का सहज मार्ग है। ध्यान से जो मौन मार्गदर्शन मिलता है, वह प्रेम और उद्देश्य के साथ जीवन को आगे बढ़ाता है। कहा कि अपने कार्यों को करते हुए भी ईश्वर के प्रति समर्पण और स्मरण बनाए रखें। यह निरंतर स्मरण ही हमें सांसारिक प्रभावों से सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं, साधना के संगम के बीच तीन युगल विवाह बंधन में बंधे। पहला विवाह दिल्ली के जतिन के साथ सतना की आख्या, दूसरा विवाह यूपी के गोंडा की ममता का बस्ती के वेदप्रकाश और तीसरा विवाह कान्हा हैदराबाद के चित्रांश और सुशहाली का सम्पन्न हुआ। नवदंपति ने एक-दूसरे को वरमाला अर्पित कर प्रेम और विश्वास के सूत्र में बंधने की प्रतिज्ञा ली और दाजी से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने वैवाहिक जीवन की शुभ शुरुआत की। आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, एके गर्ग, गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, संजय मिश्रा, राज गोपाल अग्रवाल, कृष्णा भारद्वाज, शुभम सक्सेना, उमेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, पूनम जायसवाल राकेश सक्सेना, डा. प्रसन्न कुमार, केएम त्रिपाठी, डा. अनुभव सक्सेना सहित कई साधकों का योगदान रहा।

# किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में ना छूटे : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत दावा एवं आपत्ति अवधि में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को मतदाता सूची में शामिल कराने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने के उद्देश्य से रविवार को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर चैथा विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। इस अभियान में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था रही, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता की गई। साथ ही 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वालों से फार्म 60 घोषणा पत्र सहित भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने 135 शाहजहांपुर विधानसभा क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के बूथ संख्या 274 से 276 और देवी सम्पद इण्टर कालेज के बूथ संख्या 267 से 270 का निरीक्षण किया और संबंधित से फार्म 06 की जानकारी ली। डीएम ने कहा कि ईसीआईएनईटी मोबाइल एप्लीकेशन या वोटर ईसीआई डाट इन पोर्टल पर ऑनलाइन भी आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा आलेख्य मतदाता सूची में अंकित अपनी प्रविष्टि में किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए फॉर्म 8 भरा जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में छूटने न पाए। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार, तहसीलदार सदर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ये चमक ये दमक फुलवन मा महक सब कुछ सरकार तुम्ही से है : संतोष व्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के 25 वें श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव खुर्शीद क्लब में नाथ नगरी बरेली की अंजली द्विवेदी और संतोष ब्यास के मधुर भजनों पर भक्त झूम उठे। रजत जयंती वर्ष मे कोलकाता से आए कलाकारों ने मेवे से भव्य खाटू नरेश का नयनाभिराम दरबार सजाया. यहाँ श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर दर्शन एवं पूजन किया।

? महोत्सव का शुभारंभ मंडल के वरिष्ठ सदस्य अशोक अग्रवाल एवं अशोक मुरारका ने सपत्नीक विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर ज्योत प्रज्वलित कर किया. बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के भजन प्रवाहक राजवीर श्रीवास्तव ने गणेश वंदना और हनुमत वंदना के साथ भजन संध्या का शुभारंभ किया.?मंडल के सदस्य महक कसौधन एवं अंकुश शुक्ला ने श्याम भजन प्रस्तुत किए। यहाँ ?अंजली द्विवेदी ने ''तेरी नजरों से नजर जो मिलाया जादूगर है श्याम मेरा दरबार में जादू है,श्याम नाम के पागल हम ,खाटू की गलियों की तो बात निराली है एक मैं नहीं पागल दुनिया मतवाली है,देखे ताज और कुतुबमीनार,उनसे बढ़कर तोरण द्वार,'दानी दयालु तेरे द्वार पे जो भी आया, श्याम तेरी किरपा उस पर हो गई' जैसे भजनों से भक्तगण भाव विभोर होकर थिरकने लगे। राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित ?संतोष ब्यास (रिंग्स राजस्थान ): के सुरीले भजन यह चमक यह दमक फुलवन में महक , सब कुछ सरकार तुम्ही से है, तुम्हे प्रीत निभानी पड़ेगी, मुझे श्याम अपना बना कर देखो,मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है हमें तो जो भी दिया श्याम बाबा ने दिया और भर दे रे श्याम झोली भर दे' पर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। जनपद में पहली बार श्याम प्रभु का श्रृंगार कोलकाता के कारीगरों द्वारा निर्मित सूखे मेवे से किया गया था,खाटू श्याम की गर्भ गृह की तर्ज पर यहां भी बाबा का मंदिर का स्वरूप का दरबार बनाया गया था। इस वर्ष श्याम भक्तों की इतनी अपार भीड़ थी कि पूरा खुर्शीद क्लब खचाखच भरा हुआ था। सजीव चित्रण झांकी के माध्यम से नृसिंह अवतार का मनमोहक मंचन किया गया। आयोजक मंडल के पुरुषों के लिए ड्रेस कोड कुर्ता पैजामा फटका तथा कुर्ता पर कृष्ण जी का बैज तथा महिलाओं ने राजस्थानी चुनरी धारण की थी जो कि आकर्षण का केंद्र रहा। यहाँ श्याम प्रेमियों ने 'राधे जी की रसोई' में भोजन प्रसाद का आनंद लिया कार्यक्रम में तोरण द्वार एवं गौसेवा का सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था।

आज बिरज में होली रे रसिया', 'होलिया में उड़े रे गुलाल श्याम तेरे मंदिर में' जैसे भजनों पर फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एडवोकेट, पिंटू अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, आलोक कनोडिया, अशोक मुरारका, रजत कनोडिया, अंकुर, विजय विद्रोही, श्वेतम अग्रहरि, श्याम मोदनवाल, राजकुमार अग्रवाल, गंगा प्रसाद कसौधन और रवि जायसवाल, मनीष आदि की भूमिका उल्लेखनीय रही।इसके अतिरिक्त प्रमुख रूप से सुरेंद्र सिंह (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट) , डॉ धीरेंद्र(जिला सूचनाअधिकारी), उपनिदेशक कृषि, विभाग सर संघ चालक डॉक्टर एके सिंह, जिला प्रचारक आशीष जी ,विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्षसत्येंद्र वीर सिंह, सरदार बलदेव सिंह सी ए संतोष सिंह , डॉ संजय मिश्रा एवं जिले के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मेगा शिविर में प्रयत्न संस्था ने भरी हूंकार

सम्भल । उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल के तत्वाधान में रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदौसी में मेगा / वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी विभागों के साथ जिले में बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्यरत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था को भी आमंत्रित किया गया था जिसमें संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बाल विवाह के खिलाफ चलाया जा रहे सौ दिवसीय अभियान के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभू का सपना है 2030 तक भारत बाल विवाह मुक्त हो लेकिन वह तभी संभव है जब सभी एक साथ इस समाजिक बुराई को खत्म करने के लिये साथ आएं, अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के के विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उन सभी को दो साल की सजा और एक लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनो हो सकते हैं यदि आप कहीं बाल विवाह होता देखें, तो तुरंत इन नंबरों पर सूचना दें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112, जे आर सी हेल्पलाइन 1800-102-7222 आपका एक छोटासा प्रयास किसी बच्चे का पूरा जीवन बचा सकता है।

## एनएसएस सात दिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गेंद देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ।उद्घाटन समारोहकार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथियों में प्रबंधन समिति के सचिव श्री गौरव रस्तोगी, अध्यक्षा श्रीमती मोनिका रस्तोगी और पर्व रस्तोगी शामिल रहे। मुख्य संदेश मुख्य वक्ता प्रो. गार्गी बुलबुल ने महिला सशक्ति करण पर व्याख्यान दिया। गौरव रस्तोगी और मोनिका रस्तोगी ने सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी पर बल दिया। शिविर की दिशा प्राचार्या प्रो. सरला देवी चक्रवर्ती ने छात्राओं को अनुशासन, सहयोग और समर्पण के साथ शिविर में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अवनीशा वर्मा ने किया।सात दिवसीय शिविर की यह शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा के साथ हुई।

## बिसौली-बिल्सी रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर, दो घायल

बिसौली कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ जनपद के बिसौली-बिल्सी रोड पर गंगा एक्सप्रेसवे पुल के नीचे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मामला बिसौली कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वाहन चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक छात्रा की परीक्षा में तैनात हुए 20 कर्मचारी, मामला बना चर्चा का विषय

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में शनिवार को इंटरमीडिएट इतिहास विषय की बोर्ड परीक्षा में मात्र एक छात्रा शामिल हुई, लेकिन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कुल 20 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।केंद्र व्यवस्थापक के अनुसार बोर्ड के नियमानुसार दो कक्ष निरीक्षक, दो परीक्षा प्रभारी, तीन आंतरिक सचल दल सदस्य, एकअभिमोचक, एक केंद्र व एक बाह्य केंद्र प्रभारी, एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट, दो लिपिक, पांच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा एक इंस्पेक्टर के साथ दो कांस्टेबल तैनात रहे। एक परीक्षार्थी के लिए इतने बड़े प्रशासनिक इंतजाम को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

## स्काउटिंग के जनक बेड़ेन पावेल की जयंती पर देशभर में कार्यक्रम

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । विश्व स्काउट आंदोलन के संस्थापक रॉबर्ट स्टीम इंजन स्मिथ वेडेन पावेल (लॉर्ड बेडेन पावेल) की जयंती आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जा रही है। स्काउट- गाइड इकाइयों ने इस अवसर पर विशेष सभाएं, प्रतिज्ञा कार्यक्रम और सेवा गतिविधियों का आयोजन किया। 1908 में प्रकाशित उनकी प्रसिद्ध पुस्तक स्काउटिंग फॉर बॉयज ने स्काउटिंग आंदोलन की नींव रखी और आज यह विश्वभर के युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और निःस्वार्थ सेवा की भावना विकसित कर रहा है। भारत में भी कई जिलों में स्काउट-गाइड रैलियां, सामु दायिक सेवा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है।

## रुदायन में सरेआम मारपीट, कानून-व्यवस्था पर उठे सवाल

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । रुदायन/थाना इस्लामनगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन में हाल ही में हुई अभद्रता और मारपीट की घटना ने स्थानीय कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना का असर घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती हैं और आम लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।मांगें और कार्रवाई स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज एवं गवाहों से जानकारी जुटाई जा रही है। निष्कर्ष कस्बा रुदायन की यह घटना कानून- व्यवस्था की समीक्षा की जरूरत को उजागर करती है और प्रशासन पर दबाव बढ़ा रही है कि नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## गुलड़िया में विशाल टूर्नामेंट संपन्न, मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर विजेताओं को किया सम्मानित

बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पंचायत गुलड़िया में एक विशाल टूर्नामेंट का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया, मुख्य अतिथि पंडित शिवकांत शर्मा का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।विजेताओं को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल न केवल मानसिक बल्कि शारीरिक विकास के लिए भी अनिवार्य हैं।असली टैलेंट अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों से ही निकलकर आता है।यही छोटी-छोटी प्रतिभाएं आगे चलकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करती हैं। इस मौके पर जितेंद्र कश्यप, सुमित पटेल, अज्जू पटेल, अमन नारंग, अंशुल पटेल और लब्बू पटेल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मेगा शिविर का शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सम्भल। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के तत्वाधान एवं माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल स्थित चन्दौसी, डॉ विदुषी सिंह के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में आज दिनांक-22.02.2026 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी जनपद सम्भल में मेगा / वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। मेगा शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश श्रीमती रागिनी सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया । कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव/सिविल जज सी0डि0 श्री आदित्य सिंह, सिविल जज जू0डि0 श्रीमती दिव्या गर्ग व न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल श्री संजीव कुमार सिंह आदि अधिकरगण उपस्थित रहें। उक्त मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा व्हील चेयर, श्रवण यन्त्र तथा बैसाखी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चो का अन्न प्रासन, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व दवाइयों का वितरण किया गया व आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा शुगर, बी0पी0, टाईफाइड, मलेरिया आदि की निःशुल्क जांच भी की गयी।, चन्दौसी भारत गैस एजेन्सी व ताहिर गैस एजेन्सी द्वारा उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन बांटे गये। पशुपालन विभाग द्वारा लाभार्थियो को क्रिमी नाशक दवा वितरण, जल जीवन मिशन ग्रामीण द्वारा क्र्2ट्ट वॉयल का वितरण जल में जीवाणु परिक्षण हेतु किया गया तथा कार्यक्रम में लघु सिचाई विभाग, कृषि विभाग, पराग डेरी, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला ग्रामोद्योग विभााग, विधुत विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजकी पॉलीटेक्निक चदौसी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी, परिवहन विभाग, जिला कारागार मुरादाबाद, डाक विभाग, आदि विभागो द्वारा सहभाग व अपनी योजनओं का प्रचार-प्रसार व लाभार्थियों को लाभ देने हेतु नवीन पंजीकरण किया गया। यह जानकारी प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल श्री आदित्य सिंह द्वारा दी गयी।

## दिनदहाड़े महिला से ठगी, पुलिस चौकी से 100 मीटर पर उड़ाए गहने और नकदी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बनियाठेर /चन्दौसी । दिनदहाड़े हो रही ठगी की वारदातों ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शुक्रवार को मंडी समिति के पास, जहां से महज 100 मीटर की दूरी पर पुलिस चौकी स्थित है, वहीं ठगों ने हिंदुस्तान अखबार के पत्रकार की मां को झांसे में लेकर गहने और नकदी उड़ा ली। भीड़भाड़ वाले इलाके में कुछ ही मिनटों में वारदात को अंजाम देकर ठग फरार हो गए। महिला को कुछ देर बाद ठगी का अहसास हुआ। तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के अशोक नगर निवासी अंकित कुमार हिंदुस्तान अखबार में पत्रकार है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी मां भाना देवी बृहस्पतिवार सुबह करीब 11 बजे रेलवे अस्पताल दवा लेने के लिए घर से निकली थीं। मंडी समिति के पास पहुंचते ही दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। बातचीत के दौरान युवकों ने उनके छोटे बेटे पर संकट आने की बात कहकर महिला को डरा दिया और झांसे में ले लिया। इसके बाद शातिरों ने महिला के कानों से करीब एक तोला सोने के कुंडल उतरवा लिए और पर्स में रखे 1500 रुपये भी ले लिए। ठगी को अंजाम देने के बाद दोनों युवकों ने महिला से कुछ कदम पीछे चलने को कहा और मौके से फरार हो गए। कुछ दूरी तय करने के बाद जब महिला को ठगी का एहसास हुआ, तो वह घबराकर मंडी चौकी पहुंचीं और वहां तैनात सिपाही को पूरी घटना की जानकारी दी। वहीं, भीड़भाड़ वाले इलाके में और पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# रुदायन काण्ड के आरोपियों पर एनएसए लगना चाहिए : आबिद रज़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने प्रेस के माध्यम से बताया कि रुदायन में जो घटना हुई वह बेहद अफसोस जनक है, इंसानियत को कलंकित करने वाली है। इस सम्बन्ध में एसएसपी को पत्र लिखकर कहा है कि रुदायन में जो हुआ वह खुलेआम गुण्डागर्दी है। आरोपी पर एनएसए लगना चाहिए ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति कोई दोबारा करने की हिम्मत ना कर सके। सदायन में जो हुआ वह मामला सिर्फ मारपीट का नहीं है बल्कि पूरे इलाके को नफरत की आग में झोकने की एक साजिश थी। आरोपी ने ना केवल मारपीट की बल्कि आरोपी में इस घटना की वीडियो बनाकर वायरल भी की, जिससे यह प्रतीत होता है कि वह इस घटना में शर्मिदा होने की जगह गर्व महसूस कर रहा है। यह समाज के लिए बेहद विन्ताजनक बात है। बदायूँ जिले के हिन्दु व मुसलमान बेहद समझदार है। सेकुलर हिन्दु भाईयों ने भी इस घटना की घोर निंदा की है। इसलिए नफरत पैदा करने वाले लोगों को इस मुद्दे पर कामयाबी नहीं मिली। हम बदायूँ जिले के विशेषतौर पर सत्ता के जनप्रतिनिधियों (भाजपा) से एक सवाल करना चाहता है कि वह इस घटना पर अपना ब्यान जारी करके बताए कि यह घटना सही है या गलत। जो मुद्दा पूरे प्रदेश की मीडिया पर सुर्खियों में चल रहा है। इस मुद्दे पर जिले में भाजपा जनप्रतिनिधि खामोश क्यूं है। सत्ता या विपक्ष राजनीति का एक हिस्सा है, चुनाव अपनी जगह है, राजनीति अपनी जगह है, विचारधारा अपनी जगह है। इंसानियत और मानवता के लिए पक्ष-विपक्ष को एक राय होना चाहिए। इस घटना ने पूरे बदायूँ जिले को पूरे प्रदेश में कलंकित किया है। इसलिए सत्ता के नेता जो ''सबका साथ सबका विकास'' का नारा देते हैं उनका ब्यान आना चाहिए। हम और बदायूँ जिले के सेकुलर हिन्दु व मुसलमान रूदायन की घटना पर सत्ता के जनप्रतिनिधियों का नजरिया जानना चाहते है। कभी शंकराचार्य जी के साथियों का अपमान हो रहा है कभी टोपी-दाडी देखकर मारपीट की जा रही. कभी ईसाई समुदाय का अपमान हो रहा है। यह देश किस तरफ जा रहा है. क्या देश के हिन्दु, मुसलमान, सिख, ईसाईयों ने देश की आजादी के लिए यह दिन देखने के लिए अपनी जिन्दगी की कुर्बानी दी थी। देश के लिए शहीदों को रुदायन जैसी घटना से उनकी आत्मा को तकलीफ होती होगी। हमारी पुलिस प्रशासन से मांग है कि रुदायन की घटना के जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ एन0एस0ए0 लगना घाहिए क्योंकि यह घटना दिखने में भले ही मारपीट की दिख रही है. लेकिन यह घटना पूरे जिले को नफरत की आग में झोंकने की कोशिश व साजिश थी। इस घटना के माध्यम से आरोपी धार्मिक भावनाओं को भड़काना चाहता था दो समुदाय को आपस में लड़ाना चाहता था सेकुलर लोगों ने इसकी घिनौनी चाल को नाकाम कर दिया। मैं पूरे जिले के सेकुलर हिन्दु, मुसलमान का शुक्रिया अदा करता हूँ कि दोनों समुदाय के समझदार लोगों ने इस घटना पर बहुत समझादारी से काम लिया। विशेषतौर पर सेकुलर हिन्दु भाईयों ने सोशल मीडिया से लेकर हर प्लेटफॉर्म पर इस घटना की घोर निंदा की।

# दिल्ली मैराथन में डॉ. सुप्रीत वर्मा का कीर्तिमान, बढ़ाया मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। जनपद के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि प्रसिद्ध सर्जन डॉ. सुप्रीत वर्मा ने नई दिल्ली मैराथन में रिकॉर्ड समय में दौड़ पूरी कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल चिकित्सा जगत बल्कि पूरे सुल्तानपुर जनपद का नाम रोशन हुआ है। नई दिल्ली में आयोजित इस प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा और चुनौतीपूर्ण मार्ग के बीच डॉ. सुप्रीत वर्मा ने अद्भुत सहनशक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए निर्धारित दूरी को रिकॉर्ड समय में पूरा किया। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत निरंतर हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। डॉ. सुप्रीत वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, संतुलित जीवनशैली और माता पल्लवी वर्मा एवं पिता सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आर ए वर्मा परिवार के सभी लोगों तथा शुभचिंतकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि व्यस्त चिकित्सकीय दायित्वों के बावजूद स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना और समय निकालकर अभ्यास करना ही उनकी सफलता का मूल मंत्र रहा। जनपद के सामाजिक, चिकित्सा एवं खेल प्रेमी वर्ग में हर्ष का वातावरण है। विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. सुप्रीत वर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सुल्तानपुर वासियों का मानना है कि उनकी यह उपलब्धि युवाओं को खेल एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देगी।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 21.03.2024 को थाना मुजरिया क्षेत्र के ग्राम कोल्हाई के जंगल मे लिप्टिस के पेड़ो के बीच एक अज्ञात किशोर उम्र करीब 14 वर्ष का शव मिला था प्राप्त सूचना के आधार पर मौके पर जाकर शव को कब्जा पुलिस मे लिया गया था। शव का पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर मोर्चरी बदायूँ भेजकर शव शिनाख्त हेतु मोर्चरी बदायूँ पर रखा था। अज्ञात शव के सम्बन्ध में कोई जानकारी न होने पर अज्ञात शव का नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया तथा उक्त के सम्बन्ध में थाना मुजरिया जनपद बदायूँ पर मु0अ0सं0 96/2024 धारा 302/201 भा.द.वि. बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। यदि किसी जनपद के किसी थाना क्षेत्र या आसपास के किसी अन्य जनपद के थाना में उक्त के सम्बन्ध में कोई गुमशुदगी या अभियोग पंजीकृत हो तो निम्न नम्बर पर सूचित करने का कष्ट करे।

**हुलिया**:- नीली जींस, हल्की गुलाबी टीशर्ट जिस पर जगह-जगह SUPERDRY अंकित है, पैरो में चप्पल बाजारू नीली लाल पट्टीदार, तथा रंग सावंला लम्बाई करीब 4 फीट उम्र करीब 14 वर्ष है।

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना मुजरिया, बदायूँ**
**मो0न0 9454402944**

# सर्राफा की दुकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की वजीरगंज पुलिस ने 13 फरवरी को वजीरगंज कस्बे में विकास सोनी की सर्रा फा दुकान में हुई चोरी का आज रविवार को खु लासा किया है।पुलिस ने इस मामले में तीन शा तिर चोरों रामकृपाल चौहान,जगदंबा चौहान और विवेक कुमार उर्फ बच्चन को गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से तीन किलो 572 ग्राम चांदी, 6 सोने की अंगूठी, 6 सोने की कान की कील, दो जोड़ी कान की बाली, 21,450 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, घटना में इस्तेमाल की गई एक स्विफ्ट डिजायर कार और चोरी के कई उपकरण भी जब्त किए गए हैं।पुलिस के ये लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के बाद भारत से चुराए गए सामान को नेपाल में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। गिरफ्तार आरोपी रामकृपाल चौहान के खिला फ गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच सहित



कई जिलों में कुल 17 मुकदमे दर्ज हैं।वही बहराइच जिले के रिसिया थाने का हिस्ट्री शीटर अपराधी भी है।इस मामले में अभी भी मास्टरमाइंड सहित तीन अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इन की गिरफ्तारी के लिए एसओजी,सर्विलांस और अन्य पुलिस टीमों को लगाया है।पूछताछ के दौ रान,आरोपियों ने बताया कि उनका संगठित गिरोह आर्थिक लाभ कमाने के लिए विभिन्न तरीकों से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था।उन्होंने 13 फरवरी की रात वजीरगंज स्थि त सर्राफा दुकान में चोरी की थी। इससे पहले, 15 जनवरी को थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बालापुर में एक घर में और 19 जनवरी को ब स्ती के थाना गौर क्षेत्र के ग्राम सुजिया में एक सर्राफा दुकान में भी चोरी की थी। चोरी के बाद प्राप्त आभूषण और नकदी को वे आपस में बां ट लेते थे।गाड़ी स्विफ्ट डिजायर के बारे में पूछ ने पर आरोपी विवेक कुमार उर्फ बच्चन ने बता या।कि यह गाड़ी वह एक चालक के तौर पर च लाता है गाड़ी का मालिक फारूख अली पुत्र मो सद्दीक निवासी गोडपुरवा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती है। 13 फरवरी को वह जमुनहा नेपाल बार्डर से अपने साथी रामकृपाल व अन्य को बैठाकर बहराइच शहर में गया।जहां इन लोगों ने एक दुकान से गैस कटर व रिंच खरीद कर योजना बनाकर गाड़ी से ही सब लोग कस्बा वजीरगंज गोण्डा आये।जहाँ उन्हे जगदम्बा चौ हान पुत्र लल्ला चौहान मिला जिसने पहले से ही सर्राफा दुकान की रेकी कर ली थी।रात में सबने मिलकर योजना के मुताबिक वजीरगंज कस्बा स्थित सर्राफा दुकान में पीछे के रास्ते चढ़कर गैस कटर से दरवाजा काटकर दुकान में घुसे थे और अलमारी व तिजोरी तोड़कर सोने व चाँदी के विभिन्न आभूषण चोरी की थी जिस के बाद दुकान से मिले आभूषण व नगदी को आपस में बाँट लिये थे।

# हिंदुस्तान उर्वरक रसायन ने चलाया मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण अभियान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । भारत सरकार के उर्वरक मंत्रालय के नि र्देशानुसार हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटे ड द्वारा लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मृदा स्वास्थ्य एवं संरक्षण अभियान के तहत कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयो ज न किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसा नों को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक करना तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### वैज्ञानिक खेती और संतुलित उर्वरक के उपयो ग पर जोर

कार्यक्रम में एचयूआरएल के सह उपाध्यक्ष (विपणन) अरुणी कुमार, सह उपाध्यक्ष (विप णन) जोगेश कक्कड़,प्रबंधक धीरज कुमार मि श्रा,सहायक विपणन प्रबंधक हिमांशु,रोहित कु मार व अथरिस्ट फार्मर प्रोडूसर कंपनी के सीई ओ कुलदीप मिश्रा मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अत्य धिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार प्र भावित हो रही है,जिससे उत्पादन में गिरावट दे खने को मिल रही है।बिना मिट्टी की जांच करा ए उर्वरकों का प्रयोग करना खेतों के लिए नुक सानदायक साबित होगा,और धीरे धीरे उत्पादन क्षमता घटने लगेगी। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वर कों का प्रयोग करने की सलाह दी।साथ ही जैव उर्वरकों और कार्बनिक खाद के उपयोग को ब ढ़ावा देने की अपील की।

### किसानों ने दिखाई रुचि

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने मृदा स्वास्थ्य का ड,उर्वरक प्रबंधन और फसल उत्पादन बढ़ाने से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया।अधिकारियों ने कहा कि यदि किसान वैज्ञानिक विधियों को अपनाएं औ र मिट्टी की गुणवत्ता पर ध्यान दें, तो उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ लागत में भी कमी लाई जा सकती है।अंत में किसानों से अपील की गई कि वे टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर मिट्टी की सेहत को सुरक्षित रखें, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए भी भूमि उपजाऊ बनी रहे।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता की पीट - पीट कर हत्या



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा:जिले में जमीनी विवाद में हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।बचाने आए उनके बेटे और दो भतीजों को लाठी-डंडों से जमकर मारा।जिसमें वह गंभीर घायल हो गए।गोंडा मेडिकल कॉलेज में उनका इलाज चल रहा है। परिजनों का आरोप है कि बदमाशों ने फायरिंग भी की।दरअसल, 9 बीघा जमीन को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था।अप ने पक्ष में फैसला आने के बाद वकील खेत की जुताई करने पहुंचे।तभी विरोधी पक्ष के पंद्रह से बीस लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथि यार लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। घटना के बाद कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर प हुंची।पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। ग्रामीणों से पूछताछ की गई। गांव में एहतियातन फोर्स तैनात की गई है।पुलि स ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है,अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगी हैं।सू चना मिलते ही लखनऊ से वकील के बड़े बेटे एडवोकेट अभिषेक मिश्रा पोस्टमॉर्टम हाउस प हुंचे।उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ स ख्त कार्रवाई की मांग की। मामला करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सुदाई पुरवा गाँव निवासी ए डवोकेट सुभाष चंद्र मिश्रा लखनऊ हाई कोर्ट के प्रशासनिक अधिवक्ता और अवध बार एसो सिएशन के मंत्री रह चुके हैं,उनके दो बेटे हैं बड़ा बेटा अभिषेक मिश्रा भी लखनऊ हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं।वहीं छोटा बेटा अनुरा ग मिश्रा घर पर रहकर खेती-बाड़ी संभा लता है।परिजनों के अनुसार, सुभाष चंद्र मिश्रा का गांव के पूर्व प्रधा न हरिशरण मिश्रा से करीब 9 बीघा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। सुभाष चंद्र मिश्रा ने करनैलगंज ग्राम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था।इसमें उन्हें जीत मिली थी।रविवार दोपहर को सुभाष उसी जमीन पर ट्रैक्टर से जुताई करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान हरि शरण मिश्रा पंद्रह से बीस लोगों के साथ लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुं चे और हमला कर दिया,सुभाष को पिटता देख उनके बेटे अनुराग मिश्रा के दो भ तीजे आकाश मिश्रा और विश्वास मिश्रा बचाने पहुंचे तो हम लावर उन्हें भी पीटने लगे।शोर सु नकर गांव वाले भी आ गए। यह देख हमलावर भाग गए।मारपीट में सुभाष चंद्र,अनुराग, आका श और विश्वास घायल हो गए।सभी को सीएचसी कर्न लगंज में भर्ती कराया गया।

### फर्जी तरीके से कराया बैनामा

परिजनों ने बताया, सुभाष चंद्र को जमीन उन के पिता द्वारा वसीयत में दी गई थी।जिसके बा द से उनका कब्जा था।आरोप है कि विरोधी प क्ष ने सुभाष की मां से फर्जी तरीके से बैनामा कराकर जमीन पर दावा किया था,जिसे लेकर कोर्ट में मामला चला।फैसला सुभाष चंद्र मिश्रा के पक्ष में आया।वही छोटे बेटे अनुराग मिश्रा ने आरोप लगाया- अरुण कुमार मिश्रा, हरिशरण मिश्रा, सत्यम मिश्रा, संतोष मिश्रा समेत अन्य लोगों ने मिलकर हमला किया।एक दिन पहले ही कोर्ट के आदेश की प्रति लेकर उनके पिता करनैलगंज कोतवाली गए थे।पुलिस को सूचित किया था कि वे अगले दिन जमीन पर कब्जा ले ने जाएंगे।वही अनुराग ने बताया कि रविवार को जैसे ही वे लोग खेत पर पहुंचे,आरोपियों ने हमला कर दिया।लाठी-डंडों से पिटाई की गई और फायरिंग भी की गई।गोली उनके भाई के कान के पास से निकल गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि घटना में बीस से तीस लोग शामिल थे।उन्होंने सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्ता री और कड़ी सजा की मांग की है।एएसपी प श्चिमी राधेश्याम राय ने बताया- वकील के भती जे विश्वास चंद्र की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है।

# सेहरिया,रसूलपुर व कादीपुर में दोनों हाथों से लूट रहे मनरेगा का धन

## ब्लॉक प्रमुख व बीडीओ पर दरियादिली का आरोप ग्रामीणों ने की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के विकास वजीरगंज की ग्राम पंचा यत ढोडियापारा,सेहरिया, रसूलपुर,व कादीपुर में केंद्र सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन की खुलेआम बंदरबांट की जा रही है और जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जाता है।ऐसे में इस योजना का ला भ लोगों को नहीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी को ज्यादा जिम्मे दार बता रहे हैं।जिले के वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में लूट म ची हुई है।यहां की ग्राम पंचायत सेहरिया,रसूल पुर और कादीपुर में तो प्रधान के रसूख और प द के नशे के चलते केंद्र सरकार की इस अति महत्वाकांक्षी योजना का बंटाधार किया जा रहा है।एक दिन में कहीं 98 तो कहीं 63,तो कही 78,श्रमिकों का मस्टर रोल तैयार कर सरकारी धन की न सिर्फ बंदरबांट की जा रही है,



बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेरा जा रहा है। सूत्र बताते हैं प्रधान खुद को बीजेपी विधायक और सांसद व ब्लॉक प्रमुख का करीबी बताता है,जिससे वह सत्ता की छत्रछाया में अपना दब दबा प्रदर्शित कर क्षेत्र के लोगों के साथ ही अ धिकारियों पर भी दबाव बनाने का काम करता है।यही वजह है कि उक्त ग्राम पंचायत में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई,नाला सफाई व सड़क पर मिट्टी

पटाई का कार्य दिखाकर धन की बंदरबांट की जा रही है। हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 98 तो कहीं 63 श्रमिकों की हाजिरी लगा ई जा रही है,जबकि सूत्र बताते हैं कि धरातल प र सिर्फ नाम मात्र श्रमिक काम करते हैं।इस का रनामे को अंजाम में सिर्फ प्रधान ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के जिम्मेदार अफसर, ब्लॉ क प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बराबर की हिस्सेदारी बताई जाती है,जो कमीशन के चक्क र में अपना ईमान तक बेच देते हैं। फर्जी मस्टर रोल भरकर सरकारी धन की जमकर लूट की जा रही है।प्रधान ने गांव में कागजों में विकास की गंगा बहा दी है। बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए सेहरिया,रसूलपुर व कादीपुर के प्रधान ने ऐसा जाल बुना कि जिले के विकास भवन में बैठे साहब भी गच्चा खा गए।गांव वालों का आ रोप है कि ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लू ट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जि म्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामिल बताए जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके हेराफ़ेरी की जा रही है साथ ही एनएमएमएस ऐप जो पारदर्शिता के लिए बनाया गया था, अब भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया गया है। पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं, जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयो ग कर रहे हैं,जो प्रश्नचिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्र वाई करने को तैयार नहीं हैं। इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगाता र मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।इस सं बंध में डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी।

## शादी में फिल्मी अंदाज में रुपयों से भरा बैग छीनने वाले तीन लोग गिरफ्तार

अमेठी । थाना अमेठी पुलिस ने एक मैरिज लान में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में हुई लूट का खुलासा करते हुये तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से लूट के सैंतालिस हजार चार सौ रुपये नगद, हैण्ड बैग, वादी का आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर लूट के मामले से संबन्धित स्पेलेण्डर प्लस मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 सी 8655 सवार सचिन कुमार चौहान पुत्र रामदर्शन चौहान निवासी ग्राम तुलापुर कोडरी मजरे नुवांवा, सिराजुद्दीन उर्फ लकी पुत्र निजामुद्दीन व धीरज पुत्र गया प्रसाद निवासीगण ग्राम लोनियापुर थाना व जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

# अल-हादी अकादमी में वार्षिक खेल महोत्सव संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। नगर स्थित अल-हादी अकादमी में वार्षिक खेल महोत्सव 2026 का आयोजन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रेसिंग प्रतियोगिता में पी.जी. वर्ग से अहमद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्शियान और जैन अब्दुल्ला क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। नर्सरी वर्ग में इंशिरा ने पहला स्थान हासिल किया। एल.के.जी. एवं यू.के.जी. वर्ग में अदीबा ने रेसिंग प्रतियोगिता में बाज़ी मारी। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में नर्सरी वर्ग से अबू-बकर प्रथम रहे, वहीं एल.के.जी. एवं यू.के.जी.



वर्ग में तमीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। रन विद चेयर प्रतियोगिता में पी.जी. वर्ग से अहमद विजेता बने। रन विद कोन एंड बॉल प्रतियोगिता में नर्सरी की इंशिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पिक द बॉल प्रतियोगिता में आयशा परवीन और तमीम संयुक्त विजेता रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास देखने को मिला। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# अमेठी में टीचर प्रीमियर लीग मैच में संग्रामपुर टीम का दबदबा रहा कायम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । टीचर क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन के अंतर्गत खेले गये मैचों में संग्रामपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की जबकि मुसाफिरखाना और शुकुल बाजार की टीमों ने भी दमदार प्रदर्शन कर जीत अपने नाम की जिसमें सबसे रोमांचक मुकाबला मुसाफिरखाना और भादर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भादर की टीम ने दस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर छियानबे रन बनाये। विजय यादव ने तीस रन, सत्येंद्र द्विवेदी ने पच्चीस रन और अनिल यादव ने सोलह रन की उपयोगी पारियां खेलीं। मुसाफिरखाना की ओर से हरिशंकर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुये दो विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करते हुए मुसाफिरखाना की शुरुआत डगमगाई, लेकिन सुधीर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र तेइस गेंदों में नाबाद चौंसठ रन बनाकर टीम को छह विकेट से जीत दिला दी। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।दूसरे मुकाबले में शुकुल बाजार ने बहादुरपुर को तेरह रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शुकुल बाजार ने दस ओवर में छह विकेट पर चौरानबे रन बनाए। विनय (नाबाद 28) और अश्वनी (नाबाद 24) ने निचले क्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि शशिकांत ने तेज अठारह रन बनाकर रनगति बढ़ाई।जवाब में बहादुरपुर की टीम दस ओवर में इक्यासी रन ही बना सकी। राहुल यादव ने तैंतीस रन की जुझारू पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। शुकुल बाजार के राहुल पांडेय ने तीन विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई और मैन ऑफ द मैच बने। अमित सिंह को बेस्ट बॉलर और राहुल यादव को बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार मिला।दिन के अंतिम




**मुसाफिरखाना और शुकुल बाजार की टीम ने शानदार जीत दर्ज किया**

मुकाबले में संग्रामपुर ने शाहगढ़ पर पैंतीस रन से बड़ी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुये संग्रामपुर ने अभिषेक और अनिल यादव की इकतीस इकतीस रन की पारियों की बदौलत एक सौ दस रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। शाहगढ़ की ओर से अरुण यादव ने तीन विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करते हुए शाहगढ़ की टीम दबाव में रही और निर्धारित ओवरों में लक्ष्य से पीछे रह गई। दुर्ग विजय उन्नीस रन और विनोद उपाध्याय पन्द्रह रन के प्रयास भी टीम को जीत नहीं दिला सके।पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने खेल भावना और प्रतिस्पर्धा का शानदार प्रदर्शन किया। लीग के इन रोमांचक मैचों ने दर्शकों को अंत तक उत्साहित बनाए रखा। संग्रामपुर की मजबूत टीम संतुलन, मुसाफिरखाना की आक्रामक बल्लेबाजी और शुकुल बाजार की अनुशासित गेंदबाजी दिन की मुख्य आकर्षण रहीं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से नागेंद्र सिंह देवी शरण कनौजिया, प्रमोद तिवारी,आशीष पाण्डेय,चंदन, सत्यार्थ सत्येंद्र रवि मिश्रा, विनायक, विवेक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।

# भव्यता के साथ आयोजित हुआ सेवा शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मा. कार्यपालक अध्यक्ष, वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में कपूरथला परिसर स्थित मल्टीपर्पज उत्थान आडिटोरिम में मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का सफल आयोजन किया गया। मेगा शिविर के दौरान जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासकीय योजनाओं के बारे में आमजनमानस को जागरूक किया गया वहीं विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, टूल किट, डैमो चेक एवं गोल्डेन कार्ड, कृषि यंत्र इत्यादि का वितरण किया गया। जबकि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेगा शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा




अधिकरण, बहराइच हरेन्द्र प्रसाद, अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा व विराट शिरोमणि, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वीरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बहराइच वीरेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

मेगा शिविर के दौरान जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह द्वारा अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आयुष्मान व आभा, दिव्यांग पेंशन योजना, शहरी आवास, स्वनिधि, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी व विश्वकर्मा श्रम सम्मान, श्रम विभाग, व्यक्तिगत शौचालय, पारिवारिक लाभ योजना, निषादराज बोट योजना व मोपेड विद आईस बाक्स योजना, कृषक दुर्घटना बीमा योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अन्त्योदय राशन कार्ड, फार्मा मशीनरी एवं कृषि यन्त्र योजना, निराश्रित महिला अनुदान तथा कौशल विकास योजना से सम्बन्धित लाभार्थियों एवं हिताधिकारियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण-पत्र, टूल किट, डैमो चेक एवं गोल्डेन कार्ड, कृषि यंत्र इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों को अन्प्रासन कराया गया तथा महिला स्वयं सहायता समूहों को आर.एफ. व सी.आई.एफ. के डैमो चेक के साथ-साथ अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया

### विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत लाभान्वित किये गये लाभार्थी

### छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग कार्यक्रम

कुमारी राय ने बताया कि मेगा वृहद सहायता एवं सेवा शिविर के दौरान ग्राम्य विकास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आवास, नरेगा, स्वास्थ्य, लघु उद्योग, पशुपालन, कृषि, एक जनपद एक उत्पाद, डूडा, सोशल सेक्टर, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, कौशल विकास, सेवा योजना, श्रम, अतिरिक्त ऊर्ज़ा, खादी ग्रामोद्योग, उद्यान विभाग के साथ-साथ बैंकर्स द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों के पंजीकरण की कार्यवाही भी गयी। शिविर के अन्त में प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, बहराइच पवन कुमार शर्मा द्वारा मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया, पुलिस फोर्स व लाभार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 9 वर्षीय अलवीना शेख ने रखा रमजान का रोज़ा

नानपारा, बहराइच। कस्बा नानपारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन रिपोर्ट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष राशिद अली की 9 वर्षीय बेटी अलवीना शेख ने रमजान का अपना पहला रोज़ा रखा। रमजान की आमद की खबर मिलते ही बच्ची खुशी से चहकते हुए अपनी मां से बोली कि वह भी रोज़ा रखेगी। परिवार के लोगों ने उसे समझाया कि वह अभी छोटी है, अगले साल रख लेना, लेकिन बच्ची अपने फैसले पर अडिग रही और रात तीन बजे सहरी के लिए उठकर रोज़ा रखा। रोज़ा रखने के बाद बच्ची ने कहा कि रोज़ा रखने से अल्लाह तआला खुश होंगे, इसलिए उसने रोज़ा रखा है। बच्ची के रोज़ा रखने की खुशी में उसकी मां शाहाना शेख ने रोज़ा कुसाई का कार्यक्रम रखा, जिसमें बिरयानी, खीर, जर्दा आदि बनाकर पूरे मोहल्लेवासियों में भिजवाया गया। इस मौके पर मोहल्ले वासियों और परिवार के लोगों ने बच्ची को रोज़ा रखने पर खूब हौसला अफजाई की और दुआओं से नवाजा।

# मोहल्ला मोहम्मद फारूक में सड़क निर्माण का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में विकास कार्यों को गति देने के लिए चलाए जा रहे ह्ल28 दिन, 28 लोकार्पणङ्क अभियान के तहत वार्ड संख्या 03 के मोहल्ला मोहम्मद फारूक में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट का अनावरण कर किया।

पालिका की ओर से कराए गए इस निर्माण कार्य के अंतर्गत मोहम्मद अहमद के मकान से रामपाल के मकान तक सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही जलभराव व कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी।लोकार्पण के दौरान क्षेत्रवासियों ने पालिका अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने छतों से फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया और सड़क निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि नई सड़क से मोहल्ले के विकास को नई दिशा मिलेगी और दैनिक जीवन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर सभासद शबनम, विकास बाबू, अमित बाल्मीकी, सुजीत शर्मा, सभासद साकेत सक्सेना, निजाकत अली कादरी, वतनदीप मिश्रा, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, राशिद हुसैन, इकबाल हजरत, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, विपिन मिश्रा, कमलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने पूरनपुर में विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

## सपा नेता राजू ने मतदाताओं से बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर में चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एव सपा नेता राजकुमार ह्लराजूङ्क ने विभिन्न बूथों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से अभियान की प्रगति, नए पंजीकरण, संशोधन एवं आपत्तियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सपा नेता राजकुमार ह्लराजूङ्क ने मौजूद नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं से संवाद कर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, त्रुटियों के सुधार तथा स्थान परिवर्तन की स्थिति में आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे लोकतंत्र की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से जुड़कर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं।उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता हैं। प्रत्येक नागरिक का वोट देश और प्रदेश की दिशा तय करता है, इसलिए मताधिकार का प्रयोग करने से पहले मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कर लेना अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी का नाम सूची से वंचित है या किसी प्रकार की त्रुटि है, तो निर्धारित अवधि में दावा एवं आपत्ति दर्ज कर उसे ठीक कराया जा सकता है।सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को अभियान की जानकारी दें, विशेष रूप से पहली बार वोट डालने जा रहे युवाओं को जागरूक करें, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए।उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा की कि अभियान पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारु व्यवस्था के साथ संचालित हो,जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने लोकतांत्रिक अधिकार का लाभ मिल सके।इस अवसर पर स्थानीय कार्यकर्ता जिनमे छात्र नेता नोमान अली वारसी,ओम शर्मा,नादिर रजा बरकाती,बबलू शर्मा,मोहित वर्मा, तौफीक अहमद कादरी सहित क्षेत्रवासी भी उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया है।

# स्वस्थ बीज एवं अनुमोदित गन्ना किस्मों से ही संभव उच्च उत्पादन अस्वीकृत किस्मों की बुवाई से बचें: डॉ. आरसी पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पूरनपुर।किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर के अंतर्गत स्थित गॉव सबलपुर में आयोजित बसंतकालीन गन्ना किसान गोष्ठी में मुख्य गन्ना विकास सलाहकार चीनी मिल संघ उ.प्र. डॉ. आर. सी. पाठक ने किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत गन्ना खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को रोग-कीट रहित प्रमाणित स्वस्थ बीज तथा वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित उन्नतशील गन्ना किस्मों की ही बुवाई करने की सलाह दी।डॉ. पाठक ने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्वीकृत गन्ना किस्मों की बुवाई कदापि न करें, क्योंकि इन किस्मों से न तो पर्याप्त चीनी प्राप्त होती है और न ही संतोषजनक पैदावार मिलती है। उन्होंने बताया कि चीनी मिलों द्वारा ऐसी अस्वीकृत किस्मों की खरीद नहीं की जाती, जिससे किसानों को गन्ना मिल पर ले जाने के बाद वापस लौटना पड़ता है तथा आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कुछ किसान अस्वीकृत किस्मों का सर्वे अगेती किस्मों में दर्ज करा लेते हैं, जो अंततः किसानों एवं चीनी मिल–दोनों के लिये हानिकारक सिद्ध होता है।जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशी राम भार्गव ने बताया कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई के वर्तमान उपयुक्त समय में प्रमाणित स्वस्थ बीज एवं वैज्ञानिक सलाह अपनाकर किसान अधिक उत्पादन एवं आय सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर पीलीभीत क्षेत्र के समस्त किसानों से अपील की कि वे केवल स्वीकृत एवं अनुशंसित गन्ना किस्मों की ही बुवाई करें तथा गन्ना आधारित सहफसली प्रणाली अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें।उन्होंने यह भी कहा कि अस्वीकृत किस्मों की बुवाई से न केवल किसान को हानि होती है, बल्कि चीनी उद्योग की उत्पादकता एवं गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। कोशा. 91269,पी बी. 95,को. 1148, बी ओ 91जैसी किस्मे कदापि न बोये अतः किसान वैज्ञानिक गन्ना खेती की दिशा में जागरूकता एवं अनुशासन बनाए रखें। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, अमित श्रीवास्तव मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर, टी.पी. पाल मुख्य रसायनविद सुरेश पाल सिंह, बादाम सिंह, कृष्ण देव बाजपेई, बहादुर सिंह, गुरभाग सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# योजनाएं सभी के लिए है उसके क्रियान्वयन के लिए ही कार्यक्रम आयोजित : जिला जज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। दीवानी न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित बृहद विधिक साक्षरता/ सेवा शिविर में मौजूद जनमानस को संबोधित करते हुए जिला जज संतोष कुमार चतुर्थ ने मौजूद जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सभी व्यक्तियों के लिए योजनाएं हैं जिसका क्रियान्वयन कार्य पालिका करती है। कहा कि जनमानस तक पहुंचाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अपने उद्बोधन में जिला जज ने यह भी कहा कि पिछड़े पायदान पर निवास करने वाले व्यक्तियों को सभी तरह का लाभ मिले इसी के लिए इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर किया गया है। यह शिविर न्याय पालिका व कार्यपालिका के सहयोग से आम जनमानस को लाभ देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जन्मश को यदि योजनाओं के लाभ लेने में कोई दिक्कत आवे तो दीवानी न्यायालय कैंपस में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अपनी शिकायत दर्ज कराएं उसका निराकरण हो जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी ने कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला जज संतोष कुमार चतुर्थ के द्वारा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कराया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक चूरू निगम व जनपद की न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे । राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस बृहद विधिक साक्षरता/ सेवा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनमानस ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की देखरेख करने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक विभागों की ओर से स्टाल लगाए गए थे। इन स्टालो पर जनपद के सुदूर इलाकों से पहुंचे जनमानस ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जाना और अपना पंजीकरण कराया। विभागों की ओर से पंजीयन के पश्चात सुगमता से संचालित हो रही योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। जिनको जिला जज संतोष कुमार ने प्रमाणपत्र भी दिए। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने सरकार की ओर से चल रही पुलिस विभाग में योजनाओं के बारे में उनके सुरक्षा को लेकर बताया कहा कि महिलाओं के लिए सरकार द्वारा उनके संरक्षण के लिए जो भी सुविधाएं हैं उनको दिलाने में पुलिस विभाग सदैव तत्पर है। पुलिस अधीक्षक अमेठी ने अपने उद्बोधन ने कहा कि महिला हेल्पलाइन व सभी थानों पर महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का गठन किया गया है सूचना प्राप्त होते ही महिलाओं के साथ जो भी समस्याएं हैं उसके निराकरण में पुलिस तत्काल प्रभाव से लग जाता है।

# उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय सरस मेले का चेयरमैन ने किया शुभारंभ

## मेले में लगे स्टॉल बने लोगों के आकर्षण का केंद्र : चेयरमैन डाक्टर आस्था अग्रवाल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का 03 दिवसीय जनपद सरस मेला दिनांक 22-24 फ़रवरी, 2026 गाँधी स्टेडियम, पीलीभीत में लगाया जा रहा है। जिसमें 51 समूहों के 40 स्टॉल लगाए गए हैं। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि आस्था अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पीलीभीत के करकमलों द्वारा किया गया हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी,उपायुक्त( स्वतः रोजगार, जिला विकास अधिकारी,डीडीएम नाबार्ड,अग्रणी जिला प्रबंधक एवं समस्त एनआरएलएम स्टॉफ आदि मौजूद रहे।गाँधी प्रेक्षागृह में आयोजित विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम समापन उपरांत रविन्द्र कुमार, जिला जज एवं संजीव कुमार सिन्हा, प्रधान जज फैमली कोर्ट एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगणों द्वारा मेले के स्टॉलो का अवलोकन एवं उत्पादों की खरीददारी कर समूह की महिलाओं का प्रोत्साहन किया गया,मेले में जरी जरदोजी, जूट के उत्पाद, आर्टिफिशल ज्वेलरी, होली का सामान हर्बल गुलाल, सहारनपुर की लकड़ी, मिट्टी के बर्तन, शहद,अचार, मोरिंगा पाउडर इत्यादि के स्टॉल साथ ही मेले को आकर्षित बनाने के लिए लुभावाने फ़ास्ट फूड के स्टॉल एवं नन्ने मुन्नो को झूलो एवं शूटिंग गेम की व्यवस्था की गई हैं।मेले में उत्पादों की बिक्री से समूह की महिलाओं में विशेष उत्साह है।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर पत्नी संग किया रक्तदान, सहकर्मी रहे मौजूद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सही मायने में ''अच्छे लोग अच्छी बैंक'' के मुहावरे को चरितार्थ यदि कही देखना है तो स्वशासी राजकीय महाविद्यालय परिसर में चलने वाला ब्लडबैंक और उसमें कार्यरत प्रभारी ब्लडबैंक से लेकर एलटी,फार्मासिस्ट वार्डब्वाय तथा सफाई कर्मियों से मिलिये तब लगेगा की इस मुहावरे में कितनी सच्चाई है,हम बात कर रहे है ब्लडबैंक में बतौर लैब टैक्नीशियन अवनीश शाह रविवार को अपनी शादी की 22वीं वर्षगांठ के अवसर पर अपनी पत्नी बबीता साहू के साथ ब्लडबैंक पहुंचकर दोनो ने रक्तदान किया,उक्त अवसर पर ब्लडबैंक प्रभारी डां.संजय सिंह, विजय चौधरी,धर्मेंद्र यादव, सुशील कुमार, सिस्टर संजू सहित मौजूद रहे,प्रभारी ब्लडबैंक डां.संजय सिंह ने अपने आशीर्वचन में दोनों के सुंदर भविष्य की कामना करते हुए सुखद जीवन का आशीर्वाद दिया,साथ ही सहयोगी कर्मियों ने दोनों पति-पत्नी के सुखद भविष्य की कामना की।

## दामाद ने सास पर किया धारदार हथियार से हमला मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलड़िया खास में रविवार दोपहर एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव निवासी पार्वती पत्नी नेतराम ने रविवार दोपहर करीब तीन बजे जानकारी देते हुए बताया कि वह गांव में अपने दामाद के घर के सामने से निकल रही थीं। इसी बात को लेकर दामाद नाराज हो गया और कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोप है दामाद ने धारदार हथियार से पार्वती पर हमला कर दिया। हमले में पार्वती को गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर किसी तरह घायल महिला को अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## कलीनगर लेखपाल संघ चुनाव संपन्न: विकास मौर्य अध्यक्ष,गजेन्द्र यादव मंत्री बने साथी लेखपालों ने फूल माला पहनकर किया भव्य स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की कलीनगर तहसील इकाई का चुनाव रविवार को संपन्न हो गया इस चुनाव में विकास सिंह मौर्य अध्यक्ष और गजेन्द्र कुमार यादव मंत्री चुने गए पांच अन्य पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ अध्यक्ष पद के लिए विकास सिंह मौर्य ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को कई मतों से हराया , मंत्री पद के लिए हुए रोचक मुकाबले में गजेन्द्र कुमार यादव ने कई वोट के अंतर से जीत हासिल की निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलीनगर इकाई के अध्यक्ष और मंत्री पद के चुनाव के लिए लेखपालों ने मतदान किया मतगणना के बाद, अध्यक्ष पद के लिए विकास विजयी रहे मंत्री पद के लिए पड़े मतों में से गजेन्द्र विजेता रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरविन्द कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दुष्यंत कुमार सरोज, उप मंत्री पद पर विवेक सिंह राना, कोषाध्यक्ष पद पर हरिशंकर राठौर और लेखा परीक्षक पद पर मालती देवी वर्मा निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारिओ को पूरे जनपद में तैनात साथी लेखपालों ने शुभकामनाएं दी है।

## ग्राम पंचायत भवन में नहीं बैठते कर्मचारी, ग्रामीण परेशान

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवनों में कर्मचारियों के नियमित रूप से न बैठने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समय ट्ठ ऋट कार्य हर ग्राम पंचायतों में चल रहा है छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी उन्हें ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि हर तरह की सुविधा ग्राम पंचायत सचिवालय से मिलनी चाहिए इस समय परिवार रजिस्टर एक मूल दस्तावेज के रूप में प्रयोग में लिया जा रहा है जिसमें ब्लॉक कर्मचारियों द्वारा मोटी रकम वसूली जा रही है। जिससे समय और धन दोनों की हानि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत भवनों में पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध होने के बावजूद वहाँ कोई कर्मचारी कार्य करने के लिए उपस्थित नहीं रहता। सरकार की मंशा थी कि पंचायत भवनों को गांव के विकास की गतिविधियों का केंद्र बनाया जाए और आय, जाति, निवास तथा मृतक प्रमाण पत्र जैसी आवश्यक सेवाएँ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएँ। किंतु कर्मचारियों की उदासीनता के कारण ये भवन निष्प्रयोज्य साबित हो रहे हैं।
स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि विकासखंड स्तर पर भी इस समस्या के समाधान के प्रति अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायतों से संबंधित सभी कार्यक्रम और जनसेवाएँ पंचायत भवनों से ही संचालित हों, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं और सुविधाओं का समुचित लाभ मिल सके। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## वृहद विधिक व जागरूकता शिविर मेगा शिविर का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान से वृहद विधिक व जागरूकता शिविर मेगा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारीगण एवं उपस्थित सभी विभागों के लाभार्थियों द्वारा बाल विवाह मुक्त अभीयान के अंतर्गत शपथ ली गई।कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के विभिन्न विभागों से संचालित समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्राय साइकिल एवं टूल किट इत्यादि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से संचालित कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व कोविड़ से लाभ प्राप्त कर रहे बालक व बालिकाओ को प्रशस्ति पत्र दिए गए एवं लैपटॉप का वितरण किया गया। बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत सभी अतिथियों को मोमेंटो दिए गए जिला विकास अधिकारी संजय कुमार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

# संदेश फाउडेंशन के बैनरतले वृद्धजनों को बांटी खाद्य सामग्री और फल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। संदेश फाउंडेशन के द्वितीय स्थापना दिवस पर वृद्धाआश्रम एंव वनवासी आश्रम में सेवा भाव के साथ द्वितीय स्थापना दिवस मनाया गया। संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष एंव पदाधिकारियों ने वृद्धजनों से आशीर्वाद लिया। साथ ही सभी वृद्धजनों को खाद्य सामग्री एवं फल बांटे। संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप यादव( पत्रकार ) ने कहा कि जरूरतमंदों को उचित समय पर हर प्रकार की सेवा देने के लिए संदेश फाउंडेशन कृत संकल्पित है।यह संगठन हमेशा असहाय एंव जरुरतमंदों की सेवाओं और उनकी व्यवस्थाओं की सुविधा देना हम सभी का कर्तव्य हैं।संगठन समय समय पर जरूरतमंदों को भोजन,फल वितरण एंव वस्त्र वितरण का कार्यक्रम लगाकर अपने सेवा देता रहता हैं। संदेश फाउंडेशन के स्थापना दिवस पर केक काटकर खुशी का इजहार किया। श्री यादव ने कहा कि प्रत्येक सदस्य संगठन में समर्पण और सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहते है। खाद्य सामग्री एवं फल वितरण में जिला पंचायत सदस्य हंसराज यादव,राजेश यादव ,डाक्टर सुरेश यादव ,दिनेश यादव शिक्षक, राजेश बाबा पत्रकार, ज्ञान सिंह यादव,डाक्टर राम मूरत प्रजापति, पवन यादव ,देवेश यादव,गगनदीप सिंह सरदार, अंकित यादव ,दीपू यादव ,राम सूरत यादव ,मनोज यादव , अजीत यादव अज्जू फौजी सहित इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा। संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने सभी का आभार जताया और इसीतरह सहयोग की अपील की। सहयोगी गण सर्जन डॉ0 संत बहादुर यादव, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश वर्मा,मनोज यादव, संदीप यादव, श्रीश्याम यादव, मनीष यादव, रामकुमार यादव, मनीष यादव, सुरेन्द्र यादव शिक्षक,विवेक यादव, प्रदीप यादव,दीप चंद्र यादव, मीडिया प्रभारी विनोद यादव एवं आदि लोग किया।

# रमई में राज्यमंत्री छब्बीस विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित करेंगे

## रमई में अठाइस फ़रवरी को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और सम्भ्रांत नागरिकों को भी सम्मानित किया जायेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई में प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री द्वारा आगामी अठाइस फ़रवरी को दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित किया जायेगा और विशाल भण्डारा आयोजित कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं सम्भ्रांत नागरिकों को राज्यमंत्री द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है।क्षेत्र की ग्राम पंचायत रमई की ग्राम प्रधान अंकिता सिंह के पति वीर बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत रमई में पन्द्रहवां वित्त आयोग,पंचम राज्य वित्त आयोग के साथ ही मनरेगा योजना के तहत दो करोड़ रुपये की लागत से निर्मित छब्बीस विकास कार्यों का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा लोकार्पण किया जायेगा जिसमें बाबा गम्भीरदास मिनी स्टेडियम ग्रामीणांचल के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के आयोजक बबलू सिंह ने रविवार को राजभवन तिलोई पहुंचकर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह एवं ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह के साथ ही अयोध्या धाम का प्रसाद भेंट किया।प्रधानपति वीर बहादुर सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह की मौजूदगी में इन विकास कार्यों को आम जनमानस को समर्पित किया जायेगा और कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अंकिता सिंह करेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं सम्भ्रांत नागरिकों को राज्यमंत्री द्वारा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया जायेगा। प्रधानपति बबलू सिंह ने बताया कि रमई से अयोध्या धाम तक पदयात्रा कर प्रभु श्रीराम के दर्शनोपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है जिसमें हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रधान पति बबलू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है उन्होंने आम जनमानस से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सम्पादकीय

# प्रकृति, धन और स्वास्थ्य: एक संतुलित दृष्टिकोण

आधुनिक दुनिया में, मानव जीवन मुख्यतः दो शक्तिशाली शक्तियों - प्रकृति और धन के इर्द-गिर्द घूमता है। जबकि प्रकृति हमारे अस्तित्व की नींव रखती है, पैसा हमारी आकांक्षाओं और सुख-सुविधाओं को बढ़ावा देता है। हालाँकि, स्वास्थ्य चुपचाप केंद्र में खड़ा है और दोनों को जोड़ता है। स्वास्थ्य के बिना न तो प्रकृति की सुंदरता का आनंद लिया जा सकता है और न ही धन के लाभों का पूरा उपयोग किया जा सकता है। इसलिए, सार्थक और टिकाऊ जीवन के लिए प्रकृति, धन और स्वास्थ्य का संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक है। प्रकृति जीवन और उपचार का सबसे बड़ा स्रोत है। ताज़ी हवा, स्वच्छ पानी, सूर्य का प्रकाश, जंगल, नदियाँ और उपजाऊ मिट्टी न केवल हमारे शरीर को बल्कि हमारे मन को भी सहारा देती है। वैज्ञानिक अनुसंधान से लगातार पता चलता है कि प्राकृतिक वातावरण में बिताया गया समय तनाव को कम करता है, रक्तचाप को कम कर देता है, प्रतिरक्षा में सुधार करता है, तथा मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाता है। पार्क में टहलना, बागवानी करना या पक्षियों की आवाज सुनना मन को कई कृत्रिम उत्तेजक पदार्थों से अधिक प्रभावी ढंग से शांत कर सकता है। हालाँकि, तीव्र शहरीकरण और औद्योगिकीकरण ने मनुष्यों को प्रकृति से दूर कर दिया है। कंक्रीट के जंगल हरे-भरे जंगलों का स्थान ले रहे हैं। प्रदूषण से वायु और जल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। जलवायु परिवर्तन प्राकृतिक लय को बदल रहा है। जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम अप्रत्यक्ष रूप से अपने स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते है। इस प्रकार, प्रकृति का सम्मान करना और उसका संरक्षण करना केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं है; यह स्वास्थ्य के लिए एक आवश्यकता है। निस्संदेह पैसा महत्वपूर्ण है। यह भोजन, आश्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा प्रदान करता है। आज के समाज में वित्तीय स्थिरता चिंता को कम करती है और विकास के अवसर प्रदान करती है। सम्मानपूर्वक जीवन जीने के लिए एक निश्चित स्तर की आर्थिक सुविधा आवश्यक है। फिर भी, समस्याएं तब उत्पन्न होती हैं जब पैसा जीवन जीने का साधन बनने के बजाय अंतिम लक्ष्य बन जाता है। कई लोग धन की अथक खोज में नींद, पारिवारिक समय, मानसिक शांति और यहां तक कि शारीरिक स्वास्थ्य का भी त्याग कर देते हैं। लंबे समय तक काम करना, दीर्घकालिक तनाव, अस्वास्थ्यकर खानपान और गतिहीन जीवनशैली अक्सर वित्तीय महत्वाकांक्षा की छिपी हुई लागतें होती हैं। विडंबना यह है कि लोग पैसा कमाने के लिए अपना स्वास्थ्य खर्च करते हैं और बाद में स्वास्थ्य को पुनः प्राप्त करने के लिए पैसा खर्च करते हैं। यह विरोधाभास संतुलन के महत्व को उजागर करता है। स्वास्थ्य के बिना धन आशीर्वाद के बजाय बोझ बन जाता है। स्वास्थ्य को अक्सर सबसे बड़ी संपत्ति के रूप में वर्णित किया जाता है, और यह सही भी है। इसमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्थिरता, भावनात्मक लचीलापन और सामाजिक कल्याण शामिल हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति उत्पादक ढंग से काम कर सकता है, स्पष्ट रूप से सोच सकता है, तथा रिश्तों का आनंद ले सकता है। स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए हमेशा महंगे उपायों की आवश्यकता नहीं होती। संतुलित पोषण, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन और सार्थक सामाजिक संबंध सरल लेकिन शक्तिशाली आदतें हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रकृति के साथ पुनः जुड़ना - बाहरी गतिविधियों, सचेत श्वास लेने या बस हरियाली की सराहना करने से - प्राकृतिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। निवारक स्वास्थ्य देखभाल, नियमित चिकित्सा जांच और अनुशासित जीवनशैली कई दीर्घकालिक बीमारियों से बचने में मदद करती है जो आधुनिक समाज में तेजी से आम हो रही हैं। हमारे समय की वास्तविक चुनौती प्रकृति, धन और स्वास्थ्य के बीच चयन करना नहीं है, बल्कि उन्हें सामंजस्य में लाना है। सतत विकास का उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना है।

# भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफ़ेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। ‘मानवता केंद्र में’ का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सस्ती, सुलभ और मानव-केंद्रित तकनीक उपलब्ध कराकर भारत एक नैतिक नेतृत्व स्थापित कर सकता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भविष्य की संरचना का प्रारूप है। यहाँ से निकले संकल्प यदि नीति और क्रियान्वयन में रूपांतरित होते हैं तो भारत तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा सकेगा। यह अवसर है कि हम एआई को केवल आर्थिक लाभ का साधन न मानें, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन और मानव कल्याण के माध्यम के रूप में देखें। आज जब दुनिया में मानवीय मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय है, तब भारत के पास अवसर है कि वह तकनीक और नैतिकता के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करे। एआई का विकास यदि करुणा, समावेशन और सतत विकास के आदर्शों के साथ हो तो यह मानवता के लिए वरदान सिद्ध होगा। भारत को अपने युवाओं, शोधकर्ताओं और नीति-निर्माताओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई की यात्रा मानवता के उत्थान की यात्रा बने, न कि केवल प्रतिस्पर्धा और वर्चस्व की। निस्संदेह, ऐसे वक्त में जब कृषि से लेकर चिकित्सा तक और उत्पादन के क्षेत्र में एआई व रोबोटिक्स की दखल बढ़ रही है, प्रचुर श्रमशक्ति की उपलब्धता के बावजूद भारत को समय के साथ कदमताल करनी होगी। हमें एआई व रोबोटिक्स को अपनाना ही होगा। लेकिन सावधानी के साथ ताकि यह नौकरी खाने वाला बनने के बजाय नौकरी देने वाला बने। समय की पुकार है कि हम तकनीकी प्रगति को राष्ट्रीय संकल्प में बदलें। शिक्षा, अनुसंधान, कौशल विकास और नैतिक नेतृत्व के सहारे भारत एआई युग में एक नई पहचान गढ़ सकता है। यदि हम चुनौतियों को स्वीकार कर दूरदर्शिता से आगे बढ़ें तो यह युग भारत के लिए केवल तकनीकी उन्नति का नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व और मानवीय पुनर्जागरण का युग सिद्ध हो सकता है। – ललित गर्ग

# किशनगंज सैन्य छावनी को लेकर दोहरी राजनीति कब तक?

किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी को लेकर खड़ा किया गया विवाद केवल भूमि अधिग्रहण का प्रश्न नहीं है, यह नेतृत्व की विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा है। किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं? जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं, उत्तर-पूर्व को जोड़ने वाली परियोजनाओं को राष्ट्रीय आवश्यकता घोषित करते हैं, तब उनकी आवाज़ में राष्ट्रहित गूंजता है। किंतु जब उसी भूभाग में सेना की स्थायी उपस्थिति की बात आती है, तो वही स्वर विरोध में बदल जाता है। यह विरोध केवल नीति का नहीं, नीयत का भी परीक्षण है। क्या सुरक्षा केवल रेल लाइन तक सीमित है? क्या परिवहन ढांचा सामरिक है, पर उसकी रक्षा के लिए सैनिक उपस्थिति असामरिक? यदि गलियारे की मजबूती आवश्यक है, तो उसकी सुरक्षा की रीढ़ क्यों विवादास्पद बना दी जाती है? यह विरोधाभास संयोग नहीं हो सकता। यह राजनीतिक सुविधा का गणित है। भूमि अधिग्रहण निःस्संदेह संवेदनशील विषय है। किसानों की आजीविका सर्वोपरि है। परंतु नेतृत्व का दायित्व केवल भावनाओं को हवा देना नहीं बल्कि तथ्यों को स्पष्ट करना भी है। क्या किसानों को बताया गया कि सीमांत क्षेत्र में सैन्य छावनी केवल जमीन का

**ओम पराशर**

**किसान चिंतित हैं और चिंता स्वाभाविक है लेकिन असली सवाल यह है कि क्या जनप्रतिनिधि इन चिंताओं का समाधान खोज रहे हैं या उन्हें राजनीतिक ढाल बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहे हैं? जब वही नेता संसद में खड़े होकर किशनगंज से जुड़े सिलीगुड़ी गलियारे को देश की जीवनरेखा बताते हैं, उसे सामरिक दृष्टि से अनिवार्य मानते हैं।**

उपयोग नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की दीर्घकालिक सुरक्षा और स्थिरता की गारंटी है? क्या संवाद हुआ, या केवल आशंका को उछाला गया? राष्ट्र की सुरक्षा खंडों में नहीं चलती। रेल, सड़क, संचार और सैन्य उपस्थिति, ये सब मिलकर समग्र सुरक्षा तंत्र बनाते हैं। यदि एक का समर्थन और दूसरे का विरोध किया जाए, तो यह रणनीतिक दृष्टि नहीं, राजनीतिक अवसरवाद कहलाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि सुरक्षा जैसे विषय को भी पहचान और ध्रुवीकरण के चश्मे से देखा जाने लगा है। सेना की छावनी कोई सांप्रदायिक या राजनीतिक प्रतीक नहीं होती; वह राष्ट्रीय एकता का संरक्षक स्तंभ होती है। उसे विवाद का विषय बनाना दूरगामी खतरों को आमंत्रण देना है। किशनगंज के नागरिक यह जानने के अधिकारी हैं कि उनके नाम पर कौन-सी राजनीति की जा रही है। क्या सचमुच उनकी चिंता प्राथमिक है, या यह एक बड़े राजनीतिक खेल का मोहरा है? नेतृत्व का अर्थ केवल विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि कठिन निर्णयों के समय साहस दिखाना भी है। यदि जनप्रतिनिधि सचमुच किसानों के हितैषी हैं, तो उन्हें पुनर्वास, उचित मुआवजा और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष करना चाहिए, न कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आवश्यकता को ही संदिग्ध ठहराना चाहिए। विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। आज किशनगंज में जो हो रहा है, वह केवल एक जिले का प्रश्न नहीं है। यह उस राजनीतिक संस्कृति का दर्पण है, जहां राष्ट्रहित और जनभावना के बीच कृत्रिम टकराव पैदा कर लाभ उठाने की कोशिश की जाती है। समय आ गया है कि नेता तय करें कि वे इतिहास में दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में दर्ज होना चाहते हैं, या क्षणिक राजनीति के शोर में खो जाना चाहते हैं। किशनगंज की यह कसौटी केवल स्थानीय नहीं, राष्ट्रीय स्मृति में अंकित होगी।

## सेहत मंत्र

# हल्दी के दूध पीने से मिलते हैं यह गजब के फायदे

हल्दी के बिना भारतीय किचन में शायद ही कोई सब्जी बनती हो। इतना ही नहीं, यह रूप निखारने के साथ?साथ अन्य कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करता है। यूं तो हल्दी का प्रयोग कई तरह से किया जाता है लेकिन अगर दूध में हल्दी मिलाकर इसका सेवन किया जाए तो कई तरह की बीमारियों से बेहद आसानी से राहत पाई जा सकती है। माइग्रेन में लाभकारी- अगर आपको सिर में काफी तेज दर्द हो रहा है तो हल्दी का दूध पीना वास्तव में फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, हल्दी का दूध खून को पतला करके रक्तसंचार को बेहतर बनाता है जिससे सिरदर्द की समस्या से निजात मिलती है। चोट लगने पर - अगर कभी किसी कारणवश चोट लग जाए तो गर्म दूध में हल्दी डालकर सेवन करना चाहिए। दरअसल, हल्दी में पाए जाने वाले औषधीय तत्व चोट को जल्द ठीक करने मे मदद करते हैं। साथ ही हल्दी के एंटी?बैक्टीरियल तत्व संक्रमण से भी बचाता है। जिससे चोट लगने पर इंफ़ेक्शन की संभावना कम हो जाती है। कैंसर से बचाव- हल्दी में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो कैंसर उत्पन्न करने वाले सेल्स को नष्ट करता है। जिसके कारण कैंसर से लड़ने में मदद मिलती है। इसलिए अगर आप इसका सेवन करते हैं तो कैंसर से खुद का बचाव कर सकते हैं। नहीं होगी बीमारियां- कुछ लोगों को मौसम बदलते ही कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन अगर हल्दी के दूध का सेवन किया जाए तो इससे व्यक्ति की रोग?प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। खासतौर से, बदलते मौसम में होने वाले जुखाम, खांसी व अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव में हल्दी का दूध एक रक्षा कवच की तरह काम करता है। अनिद्रा से राहत- आज के समय में लोग जिस तरह तनावग्रस्त हैं, उसका विपरीत असर नींद पर दिखाई देता है। लेकिन अगर रात को सोने से पहले हल्दी के दूध का सेवन किया जाए तो इससे मस्तिष्क में सेरोटोनिन का उत्पादन अधिक होता है और व्यक्ति को काफी अच्छी नींद आती है। लीवर के लिए लाभदायक- आपको शायद मालूम न हो लेकिन हल्दी का दूध लीवर के लिए काफी उपयोगी है। अगर इसे डाइट का हिस्सा बनाया जाए तो फैटी लीवर या लीवर सिरोसिस जैसी बीमारियों से स्वयं को सुरक्षित किया जा सकता है। ऐसा हल्दी के डीटोक्सीफयिंग गुण के कारण होता है, जो हानिकारक रसायनों से लिवर को प्रभावित नहीं होने देता।

## धर्म मंत्र

# प्रयागराज में आराम की मुद्रा में लेटे हनुमानजी का है भव्य मंदिर

प्रयागराज के एक प्राचीन मंदिर में बजरंग बली की एक अनोखी मुद्रा वाली प्रतिमा स्थापित है। इस मंदिर में हनुमान जी लेटे हुए हैं। वैसे भारत में विभिन्न स्थानों में कई और ऐसी प्रतिमायें हैं जिनमें हनुमान जी अनोखी मुद्राओं में स्थापित हैं। ऐसा ही एक मंदिर है इंदौर के उल्टे हनुमान इस मंदिर में जो प्रतिमा है उसमें उल्टे हनुमान हैं, वहीं रतनपुर के गिरिजाबंध हनुमान मंदिर में स्त्री रुप में हनुमान प्रतिमा मौजूद है। इन सबसे हट कर गुजरात के जामनगर में पवनपुत्र बालक रूप में बाल हनुमान मंदिर में स्थापित हैं, इस मंदिर का नाम अनोखे रिकॉर्ड से जुड़ा है जो 50 साल से ज्यादा यहां लगातार गूंज रही रामधुन के चलते बना है। ये रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हनुमान जी की प्रतिमा वाला एक छोटा किन्तु प्राचीन मंदिर है। यह एकमात्र मंदिर है जिसमें हनुमान जी लेटी हुई मुद्रा में हैं। यहां पर स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा 20 फीट लम्बी है। संगम किनारे बना ये एक अनूठा मन्दिर है, जहां हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा को पूजा जाता है। ऐसी मान्यता है कि संगम का पूरा पुण्य हनुमान जी के इस दर्शन के बाद ही पूरा होता है। इस लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के विषय में कई प्रचलित कथायें प्राप्त होती हैं। एक के अनुसार एक बार एक व्यापारी हनुमान जी की भव्य मूर्ति लेकर जलमार्ग से चला आ रहा था। वह हनुमान जी का परम भक्त था। जब वह अपनी नाव लिए प्रयाग के समीप पहुंचा तो उसकी नाव धीरे-धीरे भारी होने लगी तथा संगम के नजदीक पहुंच कर यमुना जी के जल में डूब गई। कालान्तर में कुछ समय बाद जब यमुना जी के जल की धारा ने कुछ राह बदली, तो वह मूर्ति दिखाई पड़ी। उस समय मुसलमान शासक अकबर का शासन चल रहा था।

## पर्यटन



# समुद्र किनारे बसीं फ्रेंच इमारतों का खूबसूरत शहर पुडुचेरी है रिलैक्सिंग वेकेशन के लिए एकदम परफ़ेक्ट जगह

अगर आप किसी ऐसी जगह जाना चाहते हैं जो भीड़भाड़ से दूर होने के साथ ही घूमने के लिहाज से भी बेस्ट हो तो इसमें आप पुडुचेरी को शामिल करें। जहां इतनी सारी खूबसूरत जगहें हैं जो आपको बोर नहीं होने देंगी और साथ ही आपके ट्रीप को मज़ेदार और यादगार भी बना देंगी। तो इस शहर की उन जगहों के बारे में सबसे पहले जान लेना जरूरी है जिनके बिना आपका पुडुचेरी का सफर अधूरा है। फ्रेंच टाउनः जो हेरिटेज एरिया है और उसे व्हाइट टाउन के नाम से भी जाना जाता है। यह रॉक बीच के बिल्कुल पास है। फ्रेंच टाउन इतना खूबसूरत है कि इसकी खूबसूरती के बारे में कहने से नहीं देखने से ही पता चलेगा। पीली, सफ़ेद, ग्रे इमारतें अपने इतिहास की गाथा कहती हैं तो सड़क किनारे हवा के झोंके से हिलते-डुलते पाम के पेड़ एकदम जादुई एहसास कराते हैं, खासकर शाम को। ऐसा मनोरम दृश्य मानो किसी फिल्म का लोकेशन सेट किया गया हो। टाउन में मौजूद रेस्टोरेंट का नजारा भी बहुत ही लुभावना होता है। खानपान में हर तरह की वैराइटी नजर आती है और खास इंटीरियर के साथ लाइट म्यूज़िक आपको यहां बांधे रखने का काम करता है। ऑरोविल शहरः ऑरोविल बहुत ही खूबसूरत शहर है जहां देखने वाली जगहों की कोई कमी नहीं। यहीं मातृमंदिर है, इसका वास्तु शिल्प शानदार है। इसमें चारों तरफ 12 पंखुड़ियां हैं। इसमें सुनहरे गोल-गोल डिस्क बने हैं। इससे सूर्य की रोशनी परिवर्तित होकर अंदर पहुंचती है, जो साधना करने वाले लोगों के लिए अद्भुत वातावरण उत्पन्न करती है। यह विशाल मंदिर चार स्तंभों पर खड़ा है, जो क्रमशः माहेश्वरी, महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के प्रतीक हैं। इसके अंदर जाकर कोई भी साधना कर सकता है। रॉक बीचः रॉक बीच पर बैठकर आप शांति से समुद्र की लहरों को गोते खाते हुए देख सकते हैं। इसे प्रोमिनॉड और गांधी बीच भी कहते हैं। उगता सूरज हो या ढलता, यहां का हर एक नजारा आपके ट्रिप को यादगार बना देगा।

# जिम्मेदारी शून्य, अपेक्षाएँ अनंत: ऐसे कैसे बने स्मार्ट नगर पंचायत ?




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । नगर पंचायत को स्मार्ट, स्वच्छ, स्वस्थ और हरित बनाने के लिए योजनाएँ बन रही हैं, बजट खर्च हो रहा है, अभियान चल रहे हैं लेकिन इन सबके बावजूद ज़मीनी हकीकत यह है कि जागरूकता के अभाव में संसाधनों का लगातार दोहन और विनाश हो रहा है। आबादी तेज़ी से बढ़ रही है, ऐसे में यह मान लेना कि केवल सरकारी तंत्र ही हर समस्या का समाधान कर देगा, न केवल अव्यावहारिक है बल्कि यह नागरिक जिम्मेदारियों से खुला पलायन भी है।

नगर निकाय चाहे जितना काम कर ले, जब तक आवाम अपनी भूमिका नहीं समझेगी, तब तक स्मार्ट सिटी का सपना केवल फाइलों और भाषणों तक ही सीमित रहेगा। आज नगर पंचायतों में फुटपाथ समाप्त होते जा रहे हैं। कारण स्पष्ट है अतिक्रमण। नालों पर कब्ज़ा, फुटपाथों पर दुकानें, ठेले और निर्माण इन सबके चलते रास्ते संकरे हो चुके हैं। नगर पंचायत जब अभियान चलाती है, अतिक्रमण हटता भी है, लेकिन अगले ही दिन वही पुरानी अव्यवस्था फिर खड़ी हो जाती है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन हर सुबह डंडा लेकर खड़ा रहेगा? या नागरिक स्वयं अनुशासन सीखेंगे? हर वर्ष हजारों पौधे लगाए जाते हैं, हरियाली के नाम पर योजनाएँ बनती हैं, लेकिन संरक्षण के अभाव में वही पौधे कुछ महीनों में दम

## बिना जिम्मेदार नागरिकों के स्मार्ट नगर एक भ्रम ,अतिक्रमण हमारी आदत, दोष प्रशासन का

तोड़ देते हैं। अगर अब यह अपेक्षा की जाए कि सरकार हर पौधे की रखवाली करे, तो यह सोच न सिर्फ़ अव्यवहारिक है बल्कि यह देश और समाज के प्रति गैर-जिम्मेदार रवैये को भी दर्शाती है। हरियाली बचेगी तो स्वच्छ हवा हमें मिलेगी, बेहतर वातावरण बनेगा तो स्वास्थ्य हमारा सुधरेगा फायदा तो अंततः नगरवासियों को ही होगा, फिर उदासीनता क्यों स्वच्छ नगर का लाभ भी सभी को मिलता है बीमारी कम होती है, वातावरण बेहतर होता है, निवेश और रोजगार बढ़ते हैं। लेकिन यह सब नागरिक सहभागिता के बिना असंभव है। गंदगी फैलाकर सफाई की उम्मीद करना, अतिक्रमण करके चौड़ी सड़कों की मांग करना, और पौधे नष्ट कर हरियाली की बात करना यह सब दोहरे चरित्र का उदाहरण है।

कठोर शब्दों में कहा जाए तो

जब तक लोग स्वयं जिम्मेदार नहीं बनेंगे, तब तक स्मार्ट नगर निकायों की बात केवल बेमानी बहस और दिखावटी नारा भर रहेगी। स्मार्ट नगर सरकार से नहीं, जागरूक और जिम्मेदार नागरिकों से बनते हैं।

अब समय आ गया है कि हम सवाल प्रशासन से नहीं, खुद से पूछें

क्या हम वाकई उस नगर के योग्य नागरिक हैं, जिसकी हम मांग करते हैं?



नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए नागरिकों की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। हमें आने वाली पीढ़ियों को यह समझाना होगा कि यह देश और यह नगर हमारा है तथा इसके प्रति हमारी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी भी है। स्वच्छता की आदतें बचपन से ही विकसित की जाएँ, ताकि आगे चलकर बच्चे जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

नगरवासियों से अपील है कि गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग रखें, जिससे कचरे के निस्तारण में आसानी हो और पर्यावरण सुरक्षित रहे। सभी ठेले, चाट एवं खाद्य विक्रेताओं द्वारा अनिवार्य रूप से कूड़ादान रखा जाए, ताकि सड़कों और नालियों में गंदगी न फैले और जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो। साथ ही, पालीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रखा जाए। इसका उपयोग नालियों को जाम करता है और पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नगर पंचायत का प्रयास तभी सफल होगा जब प्रशासन और नागरिक मिलकर अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाएँगे।

स्वच्छ और सुरक्षित नगर हम सभी के सहयोग से ही संभव है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**



शहरों को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाना जनता के सहयोग के बिना संभव नहीं है। नगर निकाय नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में नगर पंचायत द्वारा हरियाली बढ़ाने, बेहतर ऑक्सीजन स्तर सुनिश्चित करने, स्वच्छ जलापूर्ति और प्रभावी स्वच्छता व्यवस्था पर निरंतर कार्य किया जा रहा है।

नगर में लगभग 35 प्रतिशत ग्रीनरी विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि पर्यावरण संतुलित रहे और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण मिल सके। इसके साथ ही नगर की आर्थिक मजबूती के लिए फूड प्लाजा, बाजार निर्माण और अन्य विकासात्मक योजनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है, जिससे नगर की आय बढ़े और सुविधाओं का विस्तार हो सके। हालांकि, इन सभी प्रयासों की सफलता तभी संभव है जब नगर के नागरिक भी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और नियमों का पालन करें। स्वच्छता बनाए रखना, सार्वजनिक संपत्ति का संरक्षण करना और नगर व्यवस्था में सहयोग देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

नगर निकाय और जनता के संयुक्त प्रयास से ही स्मार्ट नगर का सपना साकार हो सकता है।

**आशुतोष त्रिपाठी**
**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पंचायत सिद्धौर**



नगर पंचायत द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी आवश्यक एवं मूलभूत सुविधाओं पर निरंतर कार्य किया जाता है। आबादी के अनुपात में नगर पंचायत के कर्मचारी स्वच्छता, जलापूर्ति एवं अन्य नागरिक सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए नियमित रूप से कार्यरत हैं। स्वच्छता को लेकर समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाए जाते हैं, किंतु इसके बावजूद पूर्ण सफलता नहीं मिल पा रही है, जिसका प्रमुख कारण नागरिकों में जागरूकता की कमी है। फुटपाथों पर अतिक्रमण, सड़कों पर कूड़ा फेंकना तथा पालीथीन का प्रयोग जैसी समस्याएँ नगर की व्यवस्था को बाधित कर रही हैं। जब तक नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे और नियमों का पालन नहीं करेंगे, तब तक स्मार्ट नगर की कल्पना साकार नहीं हो सकती। नगर पंचायत अकेले यह लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकती; इसके लिए जनता को भी आगे आना होगा, क्योंकि नगर किसी एक संस्था का नहीं, हम सभी का है और इसके प्रति हम सबकी समान जिम्मेदारी है।

इसके साथ ही नगरवासियों से अपील है कि जन्म एवं मृत्यु की सूचना समय से नगर पंचायत को अनिवार्य रूप से दें। सूचना 21 दिनों के भीतर देने पर 30 दिनों के अंदर नगर पंचायत द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। निर्धारित अवधि के बाद यह प्रक्रिया मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेशानुसार होती है, तथा यदि एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका हो तो प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु उपजिलाधिकारी (एसडीएम) न्यायालय में वाद दायर करना पड़ता है, जिससे प्रक्रिया लंबी हो जाती है।

अतः नागरिक समयसीमा का विशेष ध्यान रखें, ताकि अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। नगर पंचायत और नागरिकों के सहयोग से ही स्वच्छ, व्यवस्थित और जिम्मेदार नगर का निर्माण संभव है।

**राम जनक तिवारी**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत जैदपुर**



यह एक वास्तविकता है कि नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों के बावजूद स्वच्छता, अतिक्रमण और जन-जागरूकता की कमी के कारण अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं। नागरिकों में जागरूकता का अभाव और नगर के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैया स्मार्ट नगर पंचायत के भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है।

नगर पंचायत द्वारा नियमित रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए जाते हैं, किंतु दुर्भाग्यवश अभियान समाप्त होते ही पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है। स्थानीय निकाय को अपेक्षित जनसहयोग नहीं मिल पाता। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाती है, फिर भी व्यवहार में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता।

यह स्पष्ट है कि केवल प्रशासनिक संसाधनों के बल पर नगर को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। जब तक जनता स्वयं जागरूक नहीं होगी और नगर को अपना समझकर जिम्मेदारी नहीं निभाएगी, तब तक उपलब्ध संसाधन भी अपर्याप्त सिद्ध होंगे।

नगर निकायों के बेहतर भविष्य और स्वच्छ, सुव्यवस्थित नगर के निर्माण के लिए जनता और प्रशासन का साझा प्रयास अनिवार्य है। जागरूक नागरिक ही स्मार्ट नगर पंचायत की सबसे मजबूत नींव होते हैं।

**संध्या मिश्रा**
**अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत देवा**

1 स्वच्छता बनाए रखें
घर और प्रतिष्ठान का कूड़ा सड़क, नाली या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें। कूड़ा केवल निर्धारित स्थान और समय पर ही दें।
2गीला और सूखा कूड़ा अलग रखें
गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने से निस्तारण आसान होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचता।
3 पालीथीन का प्रयोग न करें
पालीथीन नालियों को जाम करती है और पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। कपड़े या कागज़ के थैलों का उपयोग करें।
4 अतिक्रमण से बचें
फुटपाथ, नाली और सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। यह यातायात, स्वच्छता और सुरक्षा—तीनों के लिए नुकसानदायक है।
5 ठेले व दुकानों पर कूड़ादान रखें
चाट, ठेले एवं खाद्य दुकानों पर कूड़ादान अनिवार्य रूप से रखें, ताकि कचरा सड़क या नालियों में न जाए।
6 जन्म-मृत्यु की सूचना समय पर दें
जन्म या मृत्यु की सूचना 21 दिनों के भीतर नगर पंचायत को अनिवार्य रूप से दें, जिससे समय से प्रमाण पत्र जारी हो सके। देरी होने पर प्रक्रिया लंबी और जटिल हो जाती है।



यह देश, यह नगर और इसका पर्यावरण हम सबका है। इसकी स्वच्छता, सुरक्षा और व्यवस्था केवल सरकार या नगर निकाय की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि हम स्वयं जागरूक नहीं होंगे, तो कितनी भी योजनाएँ और अभियान सफल नहीं हो सकते। स्वच्छता अपनाना, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालना, पालीथीन का प्रयोग न करना, सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से बचना ये छोटे-छोटे कदम नगर के भविष्य को सुरक्षित बनाते हैं। बच्चों को बचपन से ही स्वच्छता और जिम्मेदारी का महत्व सिखाना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। जब जनता जागरूक होगी, तभी नगर स्वच्छ होगा, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और विकास का लाभ सभी को मिलेगा। जिम्मेदार नागरिक ही मजबूत नगर और मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं।

# फागुनी महोत्सव पर भगवान शिव का भव्य श्रृंगार, भोजन प्रसाद छका





कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शहर के सिटी इंटर कॉलेज के समीप स्थित कल्याणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में फाल्गुनी महोत्सव 2026 का रविवार को भव्य आयोजन हुआ। यह महोत्सव परंपरागत हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर आगामी रविवार को मनाया जाता है। आज प्रातः से ही मंदिर में भगवान के भोलेनाथ के पूजन दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्त जनों का आगमन शुरू हुआ।

श्री कल्यानेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में फाल्गुनी महोत्सव के अवसर पर भगवान का रुद्राभिषेक, पंचाभिषेक, अबीर गुलाल से अभिषेक किया गया। होली की तरह भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया।पूजन पश्चात आरती हुई और तत्पश्चात हवन संपन्न हुआ। हवन के बाद ब्राह्मणों द्वारा भोजन प्रसाद ग्रहण किया गया। सतप्रसाद जय घोष के साथ भंडारा शुरू हुआ सही करो लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रातः पूजन में पंडित पी.एन पुरोहित व अतुल शास्त्री जी के निर्देशन में पूजन संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से प्रदीप कुमार जैन , आशीष कुमार जैन क्षमा जैन, पंकज पोद्दार, नवीन जायसवाल, रमेश पोद्दार , प्रदीप अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, श्यामू डालमिया, सुरेश डालमिया, तरुण चावला ,श्याम अग्रवाल के अलावा नगर विधायक सुरेश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे।

# डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सभागार में रविवार को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य और पंचायत से जुड़े अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए।प्रशिक्षण के दौरान डॉ. योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी और रितिका सोनकर ने पंचायत प्रतिनिधियों को डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कंप्यूटर, मोबाइल और टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर पंचायतों को सशक्त बनाने के तरीके बताए।यह विकास खंड स्तरीय दो दिवसीय अनावासीय पुनश्चर्या प्रशिक्षण रविवार को शुरू हुआ और सोमवार को संपन्न होगा। इसका मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों (प्रधान, वार्ड सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य) को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है।प्रशिक्षण कार्यक्रम में बदोसराय के ग्राम प्रधान निसार मेहंदी, गिद्रापुर के ग्राम प्रधान रामहेत, सिरौली गौसपुर के ग्राम प्रधान मैकू लाल और डूडी के ग्राम प्रधान राम सिंह वर्मा सहित कई अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपाइयों का विरोध पुतला फूंका



जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के विकासखंड हरख चौराहा पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। यह प्रदर्शन नई दिल्ली के भारत मंडपम में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे के विरोध में किया गया।दरअसल, नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर हंगामा किया था।

जिससे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी।किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी और हरख मंडल अध्यक्ष सरिता वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस पार्टी तथा राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर विंद्रा वर्मा, शिवस्वामी वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण वर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बुद्धिराम वर्मा, विजय वर्मा, जयपाल वर्मा, अशोक वर्मा, दिनेश गोस्वामी (मंडल उपाध्यक्ष) और आशीष मिश्रा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सड़क हादसे में पशुपालक की दर्दनाक मौत

निंदूरा बाराबंकी। घुंघटेर क्षेत्र के ददेरा गांव निवासी पशुपालक राजाराम 56 वर्ष की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हुई। वह साइकिल से खोया बेचने लखनऊ स्थित कुम्भरावा जा रहा था। भवानीपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी साइकिल में टक्कर मारी। गंभीर जख्मी हालत में उसे लखनऊ के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। रविवार को शव गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

## बूथों का निरीक्षण कर डीएम ने ली एसआईआर अभियान प्रगति की समीक्षा



बाराबंकी। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चौथे विशेष अभियान दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सदर विधानसभा 268 के मतदान केंद्र राम सेवक इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग (भाग संख्या 435, 436, 437, 438, 439) का स्थलीय निरीक्षण कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बूथ पर उपस्थित बीएलओ से प्राप्त आवेदनों की स्थिति, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य तथा हेल्प डेस्क के माध्यम से दी जा रही सहायता की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिक से अधिक फार्म-6 भरवाने, प्राप्त प्रपत्रों का समयबद्ध परीक्षण करने तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी संबंधी नोटिसों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने पर जोर दिया।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से भगाया

निंदूरा बाराबंकी। दहेज में एक लाख की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष द्वारा विवाहिता को प्रताड़ित कर दो बच्चों सहित घर से निकाल दिया। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के पिपरौली निवासी सुमन का विवाह पांच वर्ष पूर्व बहराइच जनपद के परसौरा गांव निवासी सुरेंद्र कुमार से हुआ था। आरोप है कि ससुरालजन एक लाख रुपये की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर उसे बच्चों सहित मायके भेज दिया गया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गढ़वाखेड़ा चीनी मिल के पास गन्ना से भरी ट्रॉली में पीछे से जा घुसी पिकअप, एक की मौत चालक गंभीर

पूरनपुर। पूरनपुर असम हाईवे पर चौहान शुगर मिल के बाहर गन्ने से भरी ट्रॉली मे माल लेकर पूरनपुर की ओर आ रही पिकअप पीछे से जोरदार टक्कर हो गये जिसमें पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई कंडेक्टर साइट लगने से सीट पर बैठे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जानकारी के अनुसार, झांसी जिले के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र निवासी राजेंद्र प्रसाद पिकअप चला रहे थे उनके साथ जालौन जिले के उरई निवासी मोहम्मद अजीम भी सवार थे दोनों शनिवार रात पूरनपुर की ओर आ रहे थे हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुटे और बचाव कार्य शुरू किया किसी तरह मौके पर मौजूद लोगो ने ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे व्यक्ति को बाहर निकाला शव काफी विक्षत हो गया मोहम्मद अजीम (पुत्र शाहबुद्दीन) के रूप मे पहचान हुई गंभीर रूप से घायल चालक राजेंद्र प्रसाद को पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है, जहाँ उनका इलाज जारी है मृतक मोहम्मद अजीम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# एक छत, एक समाधान प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने काटा फीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में प्रतिमा श्रीवास्तव, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निगरानी में रविवार को शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित मेगा,वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रशासनिक न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़े चिन्हित पात्र लाभार्थियों को एक ही मंच से राज्य सरकार की जन हितैषी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ल्लएक छत, एक समाधानल्ल की भावना को साकार करना था, जिससे लाभार्थियों को एक ही स्थान पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

इससे पूर्व सर्वप्रथम जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश द्वारा मुख्य अतिथि को लाइव प्लाण्ट देकर उनका स्वागत किया गया। मंच पर अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वन्दना सिंह प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायलय, कृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकरी मेगा कैम्प, सुधा सिंह सीजेएम, डीएम शशांक त्रिपाठी जिलाधिकारी, एसपीअर्पित विजयवर्गीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। वितरित किए गए। गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को पोषण किट एवं लाभ की राशि प्रदान की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। रोजगार/ स्वरोजगार विभाग के लाभार्थियों को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए चयनित युवाओं को प्रशिक्षण प्रवेश पत्र वितरित किए गए। नगर पालिका विभाग की घर-घर सफाई योजना के तहत स्वच्छता गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। अनुदान पर ट्रैक्टर दिये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर लोगों से स्वेच्छानुसार रक्तदान कराया गया एवं आंख नाक, दांत का निशुल्क परीक्षण कराया गया। लगभग सभी विभागों के लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज में अच्छा कार्य करने वाले समाजसेवी संस्थाओ, एन0जी0ओ0 जैसे धर्मेन्द्र कुमार पटेल अध्यक्ष भारत सेवा संस्थान, यूथ फार चेन्ज के अध्यक्ष असद, श्री जावी किदवई समाजसेवी, पैनल अधिकक्ता गण, पराविधिक स्वयं सेवकों, रक्तदान करने वाले एवं शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारी/कर्मचारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एक जिला एक उत्पाद, जिला कारागार मे निर्मित वस्तुओं का स्टाल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। शिविर मे विभिन्न विभागों के चिन्हित लगभग 1200 लाभार्थियों को लाभ दिया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने कहा, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि सरकार की हर कल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। यह 'एक छत' कार्यक्रम इसी संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।ल्ल उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों का चयन पूरी पारदर्शिता से किया जाए और उन्हें योजनाओं की जानकारी भी नियमित रूप से दी जाए। इससे पूर्व सर्वप्रथम जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव जनपद न्यायाधीश द्वारा मुख्य अतिथि को लाइव प्लाण्ट देकर उनका स्वागत किया गया। मंच पर अल्पना सक्सेना, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, वन्दना सिंह प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायलय, कृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकरी मेगा कैम्प, सुधा सिंह सीजेएम, डीएम शशांक त्रिपाठी जिलाधिकारी, एसपीअर्पित विजयवर्गीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके पश्चात प्रशासनिक न्यायमूर्ति द्वारा सभी विभागों के स्टाल कर भ्रमण करते हुये आयोजन में उनकी सहभागिता के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गई। भ्रमण के पश्चात विभागवार लाभ का वितरण किया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग के लाभार्थियों को अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गए। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण (ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि) प्रदान किए गए। वृद्धावस्था, विधवा एवं निःशक्तता पेंशन के नए स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। शिवानी रावत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी अतिथियों का, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, स्टाल संचालकों का, पत्रकार, अन्य सहयोगी संस्थाओं, पैनल अधिवक्तागण, अधिकार मित्रों, एवं शिविर के आयोजन से उसकी सफलता तक शामिल प्रत्येक व्यक्ति का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक, अपील

मसौली बाराबंकी। रंगो का त्योहार होली, रमजान एव ईद के मद्देनजर विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए रविवार को सहादतगंज पुलिस चौकी पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एव सम्भ्रान्त जनो से सहयोग की अपील की । क्षेत्राधिकारी गरिमा पंथ ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि रमजान एव होली त्यौहार एक साथ पड़ रहे हैं जिसमे आप सभी लोगो को जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना है आप सभी लोग मिलजुलकर अपना अपना त्यौहार मनाये। सीओ सुश्री पंथ ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से कहा कि त्यौहार पर निगरानी के लिए गांव के जिम्मेदार लोगो को वालिंटियर के रूप मे बना दे जो सभी तरह की नजर रखेंगे। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि होली पर्व रमजान एव ईद को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। जिन गांवों में होलिका दहन का स्थान चिह्नित है, वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें। कहीं भी बवाल न हो इसके लिए पुलिस नजर रख रही है उन्होंने ने कहा कि लाउडस्पीकर हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मानकानुसार ही प्रयोग किया जायेगा। शराब पीकर हरदंगियों पर सख्तत कारवाई होगी।चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी ने क्षेत्रीय लोगो से सहयोग की अपील की इस मौक़े पर समाजसेवी सेठ इरफ़ान अंसारी, ग्राम प्रधान कलीम चौधरी, दिलीप कुमार दीक्षित, संतोष त्रिपाठी, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प के सामने होगी वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की परीक्षा

एजेंसी

मुंबई। बेहद आत्मविश्वास से भरी वेस्टइंडीज की टीम को सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के दृढ़ संकल्प से सतर्क रहना होगा।

यह दोनों टीम टूर्नामेंट में अभी तक अजेय रही है और वे यह सिलसिला जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों ने पहले दौर में अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन काम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि आगे और भी कड़ी चुनौतियां उनका इंतजार कर रही हैं। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज के आत्मविश्वास की यह उस प्रारूप में कड़ी परीक्षा होगी जिसमें वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अपने कौशल का ऐसा नमूना पेश करते हैं जैसा शायद ही कोई अन्य टीम कर पाती है।




पूर्व चैंपियन कप्तान डेरेन सैमी की कोचिंग वाली टीम ने अभी तक एकजुट होकर प्रदर्शन किया है लेकिन उसके लिए निरंतरता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी। वेस्टइंडीज ने लगातार चार मैच में जीत हासिल करके यह सुनिश्चित कर लिया है कि टी20 विश्व कप से पहले सात द्विपक्षीय शृंखलाओं में मिली हार अब अतीत की बात हो गई है। कैरेबियाई टीम एक बार फिर एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है। उसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार जीत हासिल की और निचले पायदान की टीमों को आसानी से हराया। कप्तान शाई होप (155 रन, दो अर्धशतक) ने अपनी फॉर्म वापस पा ली है, जबकि शिमरोन हेटमायर (134) ने नंबर तीन के बल्लेबाज की अपनी भूमिका के साथ पूरा न्याय किया है। जेसन होल्डर और रोस्टन चेज ने भी महत्वपूर्ण योगदान देकर टीम को मजबूती प्रदान की है। शेरफ़ेन रदरफोर्ड (126) की विस्फोटक बल्लेबाजी वेस्टइंडीज के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई है। इसके अलावा रोमारियो शेफर्ड की ऑलराउंड क्षमता से टीम को संतुलन मिला है। वह आईपीएल में वानखेड़े में खेलने के अपने अनुभव का पूरा लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। दूसरी ओर जिम्बाब्वे ने अब तक के अपने प्रेरणादायक प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में नई उम्मीद जगा दी है। उसने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराकर सभी को चौंका दिया था और अब वह यह साबित करने के लिए प्रतिबद्ध होगा कि उसकी यह जीत महज संयोग नहीं थी।

# छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल आज से गुलमर्ग में

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर का प्रसिद्ध शीतकालीन पर्यटन स्थल गुलमर्ग सोमवार से शुरू होने वाले छठे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों (केआईडब्ल्यूजी) की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसमें 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के एक प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट में होने वाले इन चार दिवसीय खेलों के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा इन खेलों का उद्घाटन करेंगे। जम्मू कश्मीर खेल परिषद की सचिव नुज़हत गुल ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। गुल ने कहा, ''इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। गुलमर्ग में अच्छी बर्फबारी हुई है और उम्मीद है कि मौसम हमारा साथ देगा। केआईडब्ल्यूजी का पहला चरण इस वर्ष 20 से 26 जनवरी तक लद्दाख के लेह में



आयोजित किया गया था। अब इन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले भी केआईडब्ल्यूजी का आयोजन जम्मू कश्मीर और लद्दाख में किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग में चार पदक स्पर्धाएं होंगी, जिनमें स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉस-कंट्री) और स्नोबोर्डिंग शामिल हैं। इनमें से अल्पाइन स्कीइंग में सबसे अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। केआईडब्ल्यूजी के लद्दाख चरण में हरियाणा ने चार स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसके बाद लद्दाख, महाराष्ट्र और तेलंगाना का स्थान रहा। शीतकालीन खेलों के सुचारू संचालन के लिए कश्मीर के पुलिस प्रमुख वीके बर्डी की अध्यक्षता में बुधवार को तैयारियों की समीक्षा के लिए सुरक्षा बैठक हुई थी जिसमें पुलिस, सेना, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, खुफिया एजेंसियों और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

## मेस्सी की मौजूदगी में एमएलएस चैंपियन इंटर मियामी को मिली पहले मैच में हार

लॉस एंजिलिस। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिलिस एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। विजेता टीम की तरफ से डेविड मार्टिनेज, डेनिस बुआंगा और नाथन ऑर्डाज़ ने गोल किए। बुआंगा ने मैच के बाद कहा, ''वह मैच हमेशा खास होता है जिसमें मेस्सी खेलते हैं। हम मेस्सी की मौजूदगी में मियामी को हराना चाहते थे। इस मैच के लिए प्रत्येक खिलाड़ी का मनोबल बढ़ा होता है। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिज़ियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया।

## टेनिस स्टार स्टीफंस और पूर्व अमेरिकी फुटबॉलर अल्टिडोर ने चार साल का वैवाहिक बंधन तोड़ा

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पूर्व चैंपियन स्लोएन स्टीफंस और अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पूर्व खिलाड़ी जोजी अल्टिडोर ने चार साल बाद अपना वैवाहिक बंधन समाप्त समाप्त कर दिया है। अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्टीफंस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में जोजी से अलग होने की घोषणा की। स्टीफंस ने लिखा, ''जोजी और मैंने अपना वैवाहिक बंधन खत्म करने का फैसला क्या है। मैं आपसी सहमति और पूरे सम्मान के साथ इस बदलाव का सामना कर रही हूं और इस दौरान निजता बनाए रखने का अनुरोध करती हूं। आपके प्यार और निरंतर समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार। बत्तीस वर्षीय स्टीफंस




2018 में फ्रेंच ओपन में उपविजेता भी रही थी जबकि 36 वर्षीय अल्टिडोर ने 2007 से 2019 तक अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम के लिए 115 मैचों में 42 गोल किए। इसके अलावा मेजर लीग सॉकर और विदेशों में उनका लंबा पेशेवर करियर रहा है।

## भारतीय टीम निरंतरता बनाए रखकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है: मंधाना

एजेंसी

एडिलेड। भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि उनकी टीम लगातार शीर्ष पर बने रहकर विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा कायम करना चाहती है। पिछले साल पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की निगाहें इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप में जीत हासिल करने पर टिकी हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की अपनी तैयारी की शानदार शुरुआत की। मंधाना ने बीसीसीआई टीवी से कहा, ''यह भारतीय टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश कर रही है। हम अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम या अतीत में जो कुछ भी हुआ उसके बारे में नहीं सोचते हैं। हमने इसे हराया, हमने उसे हराया। मुझे लगता है कि अब यह सब उतना महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम एक ऐसे




बदलाव के दौर में हैं जहां हम विश्व क्रिकेट पर अपना दबदबा बनाना चाहते हैं। हम किसे हराते हैं, कहां हराते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हम बस उन्हें लगातार हराने और शीर्ष पर बने रहने में सफल होना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में मंधाना ने 82 रन की पारी खेली। उन्होंने जेमिमा रोड्रिग्स (59) के साथ 121 रन की साझेदारी की जिससे भारत छह विकेट पर 176 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम नौ विकेट पर 159 रन ही बना पाई। मंधाना ने कहा, ''मुझे एडिलेड शहर बहुत पसंद है। यहां खेलने से पहले भी मुझे यहां शहर पसंद था। यह बहुत शांत और सुंदर शहर है। कुछ ऑस्ट्रेलियाई बहुत खुश होंगे जब मैं कहूंगी कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर है। वास्तव में मुझे यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे अच्छा शहर लगता है। महिला टी20 विश्व कप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मंधाना ने कहा, ''यह साल टी20 का साल है। पिछला साल एकदिवसीय क्रिकेट का साल था जिसमें हमने बहुत सारे वनडे मैच खेले। लेकिन अब हम अपने टी20 खेल पर काम कर रहे हैं। हम यह भी तय कर रहे हैं कि टी20 के लिए हमारी सर्वश्रेष्ठ एकादश और सर्वश्रेष्ठ 15 खिलाड़ी कैसे होने चाहिए। निश्चित रूप से डब्ल्यूपीएल से हमें टी20 में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मदद मिली है।

## सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटा: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है। रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया। यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है।




जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई। वैश्विक जिंस आंकड़े विश्लेषक कंपनी 'केपलर' के मुख्य शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ल्लफरवरी में भारत का रूसी कच्चा तेल आयात लगभग 10-12 लाख बीपीडी रहने का अनुमान है, जिसके मार्च में घटकर करीब 8-10 लाख बीपीडी तक आने की संभावना है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी की कीमतों ने लगाई छलांग

**एक सप्ताह में 1,530 रुपये तक महंगा हुआ सोना**

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को सोना और चांदी के भाव में तेजी का रुख है। सोना आज 1,890 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,900 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 5,100 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दर्ज की गई है। कीमत में आए इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये से लेकर 1,59,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,46,000 रुपये से लेकर 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी





आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 1,530 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 1,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी के भाव में इस सप्ताह लगातार उतार-चढ़ाव होने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,430 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## बिजली की खपत बढ़ने से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में कोयले की मांग में आने वाले दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में अब तक कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में लगातार महीनों की नेकारात्मक वृद्धि के बाद, दिसंबर में बिजली की मांग में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत सुधार हुआ है। एमजंक्शन एक बी2बी ई-कॉमर्स मंच और सेल और टाटा स्टील का संयुक्त उद्यम है। वर्मा ने कहा, ''कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से जनवरी में भी बिजली की खपत में बढ़ोतरी जारी रही, जिससे यह रफ्तार बनी रही। उन्होंने आगे कहा, ''हमारा मानना है कि इससे आने वाले दिनों में कोयले की मांग बढ़ेगी। देश का कोयला क्षेत्र एक अरब टन



के उत्पादन का रिकॉर्ड बनाने के बाद अचानक मांग में कमी का सामना कर रहा है। इसके चलते बड़ी सार्वजनिक कंपनियों और नई वाणिज्यिक खनन कंपनियों के बीच अपनी विस्तार योजना को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इन चुनौतियों के बीच एमजंक्शन 24-25 फरवरी को कोलकाता में 19वां भारतीय कोयला बाजार सम्मेलन 'कोआलोसेमः द कोल बैटलग्राउंड' का आयोजन करने जा रहा है। इस सम्मेलन के दौरान, कोयला, बिजली, सीमेंट, स्पॉन्ज आयरन, स्टील, व्यापार, एक्सचेंज और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के शीर्ष 36 दिग्गज अपने विचार रखेंगे।

## शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में कमी का असर

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद अमेरिका में ट्रंप प्रशासन द्वारा आयात शुल्क में कमी के कारण अगले सप्ताह भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा विभिन्न देशों पर लगाये गये ऊंचे आयात शुल्कों प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए जारी आदेश में कहा गया है कि यह दर 24 फरवरी से लागू होगी। श्री ट्रंप ने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर बताया कि 10 प्रतिशत को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि इसके लिए अबतक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। यह देखते हुए कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका ने 18 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया है, दरों में और कमी से निवेशक बाजार में लिवाल रह सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 187.95 अंक (0.23 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 100.15 अंक यानी 0.39 फीसदी चढ़कर 25,571.25 अंक पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी



**शेयर समीक्षा**

मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.18 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो, आईटी और मीडिया समूहों में साप्ताहिक गिरावट रही जबकि बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। खासकर सार्वजनिक बैंकों में जबरदस्त तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में सप्ताह के दौरान एलएंडटी का शेयर सबसे अधिक 4.97 प्रतिशत चढ़ा। आईटीसी में 4.27 फीसदी, पावर ग्रिड में चार प्रतिशत, एनटीपीसी में 2.78 फीसदी, एशियन पेंट्स में 2.71 फीसदी, एक्सिस बैंक में 2.58 फीसदी और टाटा स्टील में 2.49 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.67 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.55, भारतीय स्टेट बैंक का 1.45, बीईएल का 1.32 और टाइटन का 1.30 प्रतिशत की तेजी में रहा। एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी बढ़त में रहे। इटरनल में सबसे ज्यादा 5.70 प्रतिशत की गिरावट रही। टेक महिंद्रा का शेयर 5.09 प्रतिशत, ट्रेंट का 3.82, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 3.42, मारुति सुजुकी का 1.58, इंडिगो और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों का 1.54, आईसीआईसीआई बैंक का 1.47, भारती एयरटेल का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.23 और इंफोसिस का 1.22 प्रतिशत टूट गया। अडानी पोर्ट्स और टीसीएस ने भी साप्ताहिक नुकसान उठाया।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 63,478 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 63,478.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा लाभ लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 187.95 अंक या 0.22 प्रतिशत चढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में लार्सन एंड टुब्रो, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फ़ाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को लाभ हुआ। वहीं भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान लार्सन एंड टुब्रो का बाजार मूल्यांकन 28,523.31 करोड़ बढ़कर 6,02,552.24 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 16,015.12 करोड़ बढ़कर 11,22,581.56 करोड़ हो गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,617.56 करोड़ बढ़कर 14,03,239.48 करोड़ रुपये और एलआईसी का मूल्यांकन 5,977.12 करोड़ बढ़कर 5,52,203.92 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 3,142.36 करोड़ बढ़कर 6,40,387 करोड़ रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 202.99 करोड़ रुपये बढ़कर 19,21,678.78 करोड़ रुपये हो गया। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,338.66 करोड़ रुपये घटकर 11,27,705.37 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,632.10 करोड़ रुपये घटकर 9,97,346.67 करोड़ रुपये रह गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 6,791.58 करोड़ रुपये घटकर 5,48,496.14 करोड़ रुपये पर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 1,989.95 करोड़ रुपये घटकर 9,72,053.48 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, एलआईसी और इन्फोसिस का स्थान रहा।

# यूपी बनेगा देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब : मोदी

एजेंसी

मेरठ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मेरठ की क्रांतिधरा से नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो सेवा का लोकार्पण करते हुए रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार निरंतर कार्य कर रही है तथा आधुनिक कनेक्टिविटी विकसित भारत की सबसे बड़ी पहचान बनकर उभर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहली बार एक ही दिन नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो सेवा का शुभारंभ हुआ है, जो विकसित भारत की कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शहर के भीतर मेट्रो और ट्विन सिटी विजन को गति देने के लिए नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेन देश में नई क्रांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्य संस्कृति शिलान्यास से लेकर लोकार्पण तक परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने की है, इसलिए अब परियोजनाएं लटकी नहीं रहतीं। उन्होंने स्वयं मेट्रो में सफर करने और विद्यार्थियों व यात्रियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों ने इस परिवर्तन की कल्पना भी नहीं की थी। श्री मोदी ने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक शाम होते ही क्षेत्र में भय और असुरक्षा का वातावरण रहता था, जबकि आज कानून व्यवस्था में सुधार और आधुनिक परिवहन सुविधाओं ने विशेषकर महिलाओं और बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया है। उन्होंने बताया कि नमो भारत रैपिड रेल में बड़ी संख्या में बेटियां ट्रेन ऑपरेटर और स्टेशन कंट्रोल जैसे दायित्व निभा रही हैं, जो नारी शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में मेट्रो विस्तार की गति अत्यंत धीमी थी और केवल पांच शहरों में मेट्रो सेवा थी, जबकि आज 25 से अधिक शहरों में मेट्रो चल रही है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश लघु, कुटीर और एमएसएमई उद्योगों का महत्वपूर्ण केंद्र है। केंद्र सरकार के हालिया बजट में लघु उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये के विशेष कोष की घोषणा की गई है, जिससे एमएसएमई को ऋण उपलब्धता आसान होगी। उन्होंने कहा कि निर्यात नियमों में ढील से मेरठ के खेल उद्योग, मुरादाबाद के पीतल उद्योग, सहारनपुर की लकड़ी कारीगरी, खुर्जा की क्रॉकरी, बागपत के होम फर्निशिंग और अन्य कुटीर उद्योगों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने में लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों के हितों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों को लगभग 95 हजार करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं, जिनमें मेरठ के किसानों को भी लगभग 800 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के विजन को आगे बढ़ाते हुए किसानों की आय बढ़ाने और फूड प्रोसेसिंग को प्रोत्साहन देने पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने हाल में आयोजित वैश्विक एआई सम्मेलन का उल्लेख करते हुए कहा कि 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी से भारत का वैश्विक मान बढ़ा है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कुछ दल भारत की उपलब्धियों को राजनीतिक विवाद का विषय बनाकर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश की पहचान दंगों, अपराध और खराब कानून व्यवस्था से जुड़ी थी।

# 'मन की बात' कार्यक्रम का संवाद हमेशा प्रेरणादायी: नितिन नवीन

एजेंसी



अहमदाबाद। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम का संवाद हमेशा प्रेरणादायी होता है।

श्री नितिन नवीन ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री मोदी की भूमि पर, जहाँ भाजपा की नींव रखी गई, ऐसे हेरिटेज क्षेत्र खाड़िया में उपस्थित रहकर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' कार्यक्रम देखने का अनुभव यादगार और अविस्मरणीय है।

उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के समापन के बाद यहां की देसाई की पोल में उपस्थित निवासियों और कार्यकर्ताओं के परिजनों से बड़े उत्साह के साथ मुलाकात की और नागरिकों के अभिवादन को स्वीकार किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वहां उपस्थित एक सफाई कामगार भाई को अपना खेस पहनाकर उनके सेवा कार्य की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इस पोल के घरों के दरवाजों पर उनका स्वागत करने के लिए खड़े बुजुर्गों को नमन कर उनके आशीर्वाद लिए। उपस्थित जनमेदनी ने नितिन नवीन के इस विनम्र और सरल व्यवहार का गगनभेदी जयघोष के साथ स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीशभाई विश्वकर्मा ने कहा कि; बूथ अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष एक साथ बैठकर इस प्रकार कार्यक्रम देखें, यह केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। आज हेरिटेज सिटी अहमदाबाद की ऐतिहासिक पोल संस्कृति के सानिध्य में बूथ कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रभाई मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देखने का अनुभव आनंददायी और कार्यकर्ताओं से संवाद करने का एक सुनहरा अवसर रहा।

उल्लेखनीय है कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन ने आज अहमदाबाद के खाड़िया स्थित विरासत के उत्तम प्रतीक देसाई की पोल में भारतीय जनता पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम 'मन की बात' का 131वां एपिसोड देखा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीशभाई विश्वकर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष जी, प्रदेश संगठन महामंत्री रत्नाकर और कर्णावती महानगर भाजपा अध्यक्ष प्रेरकभाई शाह उपस्थित रहे।

# देश की प्रगति के लिए बिहार का विकास जरूरी : गिरिराज

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने देश की प्रगति के लिये बिहार के विकास को जरूरी बताते हुए राज्य में छोटे तथा मझौले उद्योगों को बढ़ावा देकर रोजगार सृजन की वकालत की है। श्री सिंह ने रविवार को लेट्स इंस्पायर बिहार द्वारा तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित बिहार विकास सम्मेलन के दौरान कहा कि देश की समग्र प्रगति के लिए बिहार का विकास अपरिहार्य है। बिहार ऐतिहासिक रूप से देश का बौद्धिक एवं सभ्यतागत केंद्र रहा है और अब उसे देश के आर्थिक एवं औद्योगिक परिदृश्य में अपना यथोचित स्थान पुनः प्राप्त करना चाहिये। उन्होंने वस्त्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा ग्रामीण उद्योग जैसे क्षेत्रों में रोजगार सृजन की बड़ी संभावना की ओर भी संकेत किया। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पारदर्शी शासन और संरचनात्मक सुधार को बिहार के रूपांतरण की आधारशिला बताते हुए कहा कि सरकार लंबित भूमि एवं राजस्व विवादों के समाधान हेतु व्यवस्थित प्रयास कर रही है। भूमि स्वामित्व की स्पष्टता और प्रशासनिक दक्षता औद्योगिक निवेश और स्टार्ट-अप विस्तार के लिए अनिवार्य हैं।

राज्य से उद्योग एवं पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने औद्योगिक विस्तार और सड़क अवसंरचना विकास को समानांतर रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया ताकि एक सतत आर्थिक ढांचा निर्मित हो सके। उन्होंने निवेशक-अनुकूल नीतियों, बेहतर आवागमन सुविधा और स्टार्ट-अप प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि इससे पलायन रोकने और स्थानीय स्तर रोजगार सृजन को बढ़ावा मिल रहा है। लेट्स इंस्पायर बिहार के संस्थापक और भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी विकास वैभव ने कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति बिहार में बदलाव नहीं लायेगा, इसकी जिम्मेदारी स्वयं बिहारवासियों को लेनी होगी। स्वास्थ्य, शिक्षा या रोजगार के लिए होने वाले पलायन को रोकने के लिए प्रत्येक पंचायत तक स्टार्ट-अप क्रांति पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम में बिहार के खगड़िया से सांसद राजेश वर्मा और जहानाबाद के पूर्व सांसद अरुण कुमार भी मौजूद थे।

# जल की रक्षा, सृष्टि की सुरक्षा

नई दिल्ली। जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है, जीवन की आधारशिला और मानव सभ्यता की जीवनरेखा। जब यह जल स्वच्छ और संरक्षित रहता है, तो केवल पर्यावरण ही नहीं, समाज का सामूहिक स्वास्थ्य और संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इसी विचार को साकार रूप देते हुए प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों, तालाबों, झीलों और समुद्री तटों की निस्वार्थ भाव से स्वच्छता एवं संरक्षण का व्यापक अभियान आज जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहा है। यह पहल केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता, जिम्मेदारी और सामूहिक सहभागिता का सशक्त संदेश है।

'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान के चौथे चरण का भव्य एवं प्रेरणास्पद आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें लगभग 12 लाख स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। यह केवल एक पर्यावरणीय प्रयास नहीं, बल्कि अध्यात्म, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्भुत समन्वय था, जो जन-जन के अंतर्मन को स्पर्श करते हुए जागरूकता एवं कर्तव्यबोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाता है। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में, बाबा हरदेव सिंह जी की अनेक शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए इस 'प्रोजेक्ट अमृत' का आयोजन किया गया। यह परियोजना मानवता को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हुए जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन के प्रति सामूहिक संकल्प का संदेश देती है।



दिल्ली के बुराड़ी चौक ग्राउंड न0.8 में आयोजित विशेष सत्संग कार्यक्रम में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने अमृतमय प्रवचनों में फरमाया कि बाबा जी की शिक्षाएँ केवल स्मरण करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए हैं। सतगुरु माता जी ने कहा कि सच्ची श्रद्धांजलि शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से दी जाती है। यदि हम स्वयं को उनके अनुयायी कहते हैं, तो हमें आत्ममंथन करना होगा कि क्या हम वास्तव में प्रेम, सेवा, करुणा और समदृष्टि जैसे मानवीय गुणों को अपने जीवन में धारण कर रहे हैं। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का सम्पूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने सिखाया कि सेवा, सुमिरन और सत्संग जीवन का आधार हैं। भक्ति केवल वाणी तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार में झलके - यही उनका स्पष्ट संदेश था। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए मिशन द्वारा ‖संत निरंकारी हेल्थ सिटी‖ जैसी मानवीय सेवा परियोजनाओं को विकसित किया जा रहा है। यह पहल केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि करुणा और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। जिस प्रकार ब्रह्मज्ञान आत्मा को शांति प्रदान करता है, उसी प्रकार यह स्वास्थ्य सेवा समाज के प्रत्येक वर्ग को शारीरिक राहत और सशक्त जीवन प्रदान करने का माध्यम बनेगी। सत्संग में यह आह्वान किया गया कि प्रत्येक श्रद्धालु तन-मन-धन को निराकार की देन मानते हुए निष्कपट भाव से सेवा में जुड़े। जब सेवा स्वार्थरहित होती है, तभी वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। अंत में यही कामना की गई कि बाबा जी की शिक्षाएँ प्रत्येक हृदय में जीवित रहें और हेल्थ सिटी जैसे प्रकल्प मानवता की भलाई के नए आयाम स्थापित करें। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का शुभारम्भ सेवादल के प्रार्थना गीत से हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से ओत-प्रोत हो उठा। इस अवसर पर देशभर में प्रसारित दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए सुरक्षा, अनुशासन एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई।

## बेगुनाह कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है पुलिस : कांग्रेस

नयी दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाया है कि भारत मंडपम में एआई समिट प्रदर्शन मामले में पुलिस बौखलाहट में उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी उठा रही है, जिनका प्रकरण से कोई संबंध नहीं है।

श्री यादव ने इसे पूरी तरह अनैतिक और निंदनीय बताते हुए कहा कि पूछताछ के नाम पर कार्यकर्ताओं को थाने में बैठाना गैर कानूनी है। श्री यादव के निर्देश पर दिल्ली कांग्रेस के लीगल और मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार के नेतृत्व में एक लीगल टीम ने तिलक मार्ग थाने के थाना प्रभारी (एसएचओ) से मुलाकात कर राजेंद्र नगर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके विनित यादव और युवक कांग्रेस कार्यकर्ता नितिन शर्मा की रिहाई की मांग की। दोनों को पुलिस ने कल रात हिरासत में लिया था। कांग्रेस का दावा है कि इनका मंडपम प्रकरण से कोई लेना देना नहीं है।

## प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को इज़रायल दौरे पर जाएंगे, इजराइली संसद 'नेसेट' को करेंगे संबोधित

तेल अवीव/ नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी को इज़रायल के महत्वपूर्ण दौरे पर जाएंगे। इस दौरान श्री मोदी इज़रायली संसद 'नेसेट' को संबोधित करने के साथ ही दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक तथा सुरक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कैबिनेट बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होंगे। उन्होंने कहा कि भारत-इज़रायल संबंध 'ऐतिहासिक' हैं और पिछले वर्षों में दोनों नेताओं के बीच लगातार संवाद और आपसी यात्राओं से संबंध काफी मजबूत हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी इजरायल यात्रा के दौरान यरुशलम में आयोजित एक इनोवेशन कार्यक्रम में भाग लेंगे और होलोकॉस्ट स्मारक 'याद वाशेम' का भी दौरा करेंगे। श्री मोदी बुधवार शाम शाम नेसेट को संबोधित करेंगे। श्री नेतन्याहू के अनुसार इस यात्रा में हाई-टेक (उच्च तकनीक) क्षेत्रों में सहयोग पर विशेष जोर रहेगा। दोनों देश कृत्रिम बौद्धिकता (एआई) और क्वांटम टेक्नोलॉजी जैसे आधुनिक क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में सहयोग समय की जरूरत है और इज़रायल दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल होना चाहता है। श्री नेतन्याहू ने श्री मोदी की इस यात्रा को व्यापक क्षेत्रीय रणनीति से जोड़ते हुये कहा कि इज़रायल भारत, अरब देशों, अफ्रीकी देशों, ग्रीस-साइप्रस जैसे भूमध्यसागरीय साझेदारों और अन्य एशियाई देशों के साथ मिलकर सहयोग का एक बड़ा नेटवर्क बनाना चाहता है, ताकि क्षेत्रीय चुनौतियों से मिलकर निपटा जा सके। विशेषज्ञों के अनुसार यह दौरा रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को नयी दिशा दे सकता है तथा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा।

# भारत और ब्राजील ने डाक क्षेत्र में सहयोग मजबूत करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और ब्राजील ने डाक क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिये एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। यह एमओयू डाक सेवाओं, डिजिटल परिवर्तन और समावेशी सेवा वितरण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और ब्राजील के संचार मंत्री फ्रेडरिको डी सिकेरा फिल्हो ने ब्राजील गणराज्य के राष्ट्रपति लुइ्ज़ इनासियो लूला दा सिल्वा की भारत यात्रा के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

यह समझौता भारत के डाक विभाग और ब्राजील के संचार मंत्रालय के बीच सहयोग के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करता है। इसका उद्देश्य डाक क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ाना है। समझौता ज्ञापन के अंतर्गत दोनों देशों के बीच डाक क्षेत्र की नीतियों और संचालन में सर्वोत्तम प्रणालियों और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करना, सार्वभौमिक सेवा को सुदृढ़ बनाना और प्रणालियों का समाधान करना, डिजिटल परिवर्तन, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स और डाक वित्तीय सेवाओं में सहयोग क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और तकनीकी आदान-प्रदान करना है। इसके अलावा दोनों देश पारस्परिक हित की संयुक्त पहल और रणनीतिक परियोजनायें, यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) सहित बहुपक्षीय मंचों में समन्वय को बढ़ाना, समावेशी और सतत विकास के लिए दक्षिण-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देना शामिल है। यह साझेदारी अधिकारियों और विशेषज्ञों के आदान-प्रदान दौरों, संयुक्त कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और दोनों पक्षों के बीच व्यवस्थित सूचना साझाकरण के माध्यम से कार्यान्वित की जायेगी।

यह समझौता ज्ञापन डाक प्रणालियों के आधुनिकीकरण और आर्थिक विकास, वित्तीय समावेशन और अंतिम छोर तक सेवा वितरण के इंजन के रूप में अपने नेटवर्क का लाभ उठाने के लिए भारत और ब्राजील की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत डाक व्यवस्था में व्यापक बदलाव लाने के लिये ब्राजील से अपने अनुभव साझा करेगा जिसमें डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स और नागरिक-केंद्रित सार्वजनिक सेवा वितरण शामिल हैं। उम्मीद है कि यह समझौता तेजी से बदलते बाजार परिवेश में डाक संचालकों की वित्तीय स्थिरता और परिचालन दक्षता को मजबूत करने के प्रयासों में भी सहयोग देगा।

यह समझौता ज्ञापन प्रारंभ में पांच वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगा, जिसमें स्वतः नवीनीकरण का प्रावधान होगा, और इसे दोनों देशों के कानूनों और विनियमों के अनुसार कार्यान्वित किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## आने वाली लड़ाई विकास...

का संकेत है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कार्य संस्कृति शिलान्यास से लेकर लोकार्पण तक परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने की है, इसलिए अब परियोजनाएं लटकी नहीं रहतीं। उन्होंने स्वयं मेट्रो में सफर करने और विद्यार्थियों व यात्रियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों ने इस परिवर्तन की कल्पना भी नहीं की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में मेट्रो विस्तार की गति अत्यंत धीमी थी और केवल पांच शहरों में मेट्रो सेवा थी, जबकि आज 25 से अधिक शहरों में मेट्रो चल रही है और भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन चुका है। उन्होंने बताया कि नमो भारत रैपिड रेल में बड़ी संख्या में बेटियां ट्रेन ऑपरेटर और स्टेशन कंट्रोल जैसे दायित्व निभा रही हैं, जो नारी शक्ति का प्रतीक है। उन्होने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश लघु, कुटीर और एमएसएमई उद्योगों का महत्वपूर्ण केंद्र है। केंद्र सरकार के हालिया बजट में लघु उद्योगों के लिए 10,000 करोड़ रुपये के विशेष कोष की घोषणा की गई है, जिससे एमएसएमई को ऋण उपलब्धता आसान होगी। उन्होंने कहा कि निर्यात नियमों में ढील से मेरठ के खेल उद्योग, मुरादाबाद के पीतल उद्योग, सहारनपुर की लकड़ी कारीगरी, खुर्जा की क्रॉकरी, बागपत के होम फर्निशिंग और अन्य कुटीर उद्योगों को वैश्विक बाजार तक पहुंचने में लाभ मिलेगा। श्री मोदी ने किसानों के हितों का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों को लगभग 95 हजार करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं, जिनमें मेरठ के किसानों को भी लगभग 800 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के विजन को आगे बढ़ाते हुए किसानों की आय बढ़ाने और फूड प्रोसेसिंग को प्रोत्साहन देने पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार से व्यापार और निवेश का वातावरण सुदृढ़ हुआ है और नए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा के अंत में प्रधानमंत्री ने नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो परियोजना के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास ही विकसित भारत की आधारशिला है।

## पीएम मोदी नए और....

मेरठ मेट्रो का नया उपहार दिया है, जो इस दूरी को और घटा रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत के माध्यम से अत्याधुनिक-सुरक्षित तेज पब्लिक ट्रांसपोर्ट सेवाएं आज भारत की पहचान बन रही हैं। पीएम मोदी ने शनिवार को ही गौतम बुद्ध नगर में सेमीकंडक्टर के नए प्लांट का शिलान्यास किया है, यानी हमारा भारत आने वाले समय की चुनौतियों को देखते पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले दिनों नई दिल्ली में संपन्न इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों और 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। इस समिट में वैश्विक नेताओं ने प्रधानमंत्री जी के विजन और उसे धरातल पर प्रभावी ढंग से क्रियानवित करने की भूरि-भूरि प्रशंसा की। सीएम ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के वक्तव्य का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने डिजिटल भारत की सफलता पर विस्तार से अपनी बात रखी। मैक्रों ने कहा कि भारत ने कुछ ऐसा बनाया, जो दुनिया का कोई दूसरा देश नहीं बना सकता - 140 करोड़ लोगों की डिजिटल पहचान और वन हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर, जिसने 50 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत की सुविधा प्रदान की। मैक्रों का कथन प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता साबित करता है, जिनके विकसित भारत विजन में वंचितों को वरीयता के साथ-साथ शासन की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के गरीब, किसान, महिला, नौजवान समेत हर तबके को प्राप्त हो रहा है। आज पूरी दुनिया का ध्यान डिजिटल इंडिया की ओर आकर्षित हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रति दृष्टिकोण विकसित भारत की उस आधारशिला का विजन है, जिसकी दुनिया में चर्चा है। देश में नमो भारत रैपिड रेल का उद्घाटन, मेट्रो का विस्तार, वंदे भारत, वाटरवे, एक्सप्रेसवे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की सुविधा बहुत तेजी से फैली है। आज हर कोई इसकी ताकत को महसूस कर रहा है। इसके जरिए जीवन को आसान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने देखा है कि 2014 के पहले देश कैसे चलता था। हाल में ही प्रधानमंत्री ने देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर की मॉनीटरिंग करते हुए 50वीं बैठक की। इससे पहले बड़े प्रोजेक्ट्स की मॉनीटरिंग नहीं होती थी। आज विकास कार्यों की जितनी समीक्षा प्रधानमंत्री जी करते हैं, उतनी कोई मंत्री भी अपने विभागीय कार्यों की नहीं करता। अब देश में प्रगति नाम की आधुनिक व्यवस्था दिखाई दे रही है। प्रगति की समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री जी द्वारा आइडिया दिया जाता है। यह प्रधानमंत्री जी की कार्यशैली है कि दशकों से लंबित 85 लाख करोड़ की परियोजनाएं मात्र 10 वर्ष में धरातल पर उतरी हैं। सीएम योगी ने मेजर ध्यानचंद के नाम पर मेरठ में बने यूपी के पहले खेल विश्वविद्यालय का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने ही इसका शिलान्यास किया था। यह विश्वविद्यालय अप्रैल तक बनकर तैयार हो जाएगा, कक्षाएं गत वर्ष प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री जी का खेल संस्कृति पर विशेष जोर है। मेरठ का ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट) खेल आइटम ही है। सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट भी लगभग तैयार हो चुका है। प्रधानमंत्री जी ने ही उसका शिलान्यास किया था। आज प्रदेशवासियों की इच्छा है कि खेल विवि व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से हो। इसी तरह केंद्रीय कैबिनेट ने हाल में नोएडा मेट्रो के नए रूट को स्वीकृति दी है। सीएम ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि मेट्रो के नए रूट का शिलान्यास और तीन वर्ष में इसके तैयार होने के उपरांत इसका लोकार्पण भी आपके द्वारा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरठ की धरती भारत की पौराणिक-ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गवाह रही है। क्रांतिनायक धन सिंह गुर्जर, राव कदम सिंह, क्रांतिकारी शाहमल व मातादीन वाल्मीकि ने इसी धरा से भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का आह्वान और भारत की आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का शंखनाद किया था। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, दिनेश खटिक, सोमेंद्र तोमर, राज्यसभा सांसद व पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी, सांसद अरुण गोविल, राजकुमार सांगवान, चंदन चौहान व महापौर हरिकांत अहलूवालिया आदि मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में जैश...

गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी नागरिक और प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद के सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को एक पहाड़ी की तलहटी में एक मिट्टी के घर के अंदर छिपे हुए पाया गया और उन्होंने तलाशी दलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

## एआई सम्मेलन में किया...

हमले के समान है। यह न केवल आयोजन की गरिमा को खतरे में डालता है, बल्कि विदेशी हितधारकों के समक्ष गणराज्य की कूटनीतिक छवि को भी प्रभावित करता है। मजिस्ट्रेट ने कहा कि जांच से पता चलता है कि आरोपियों के कई सहयोगी संभवतः फरार हैं, जो डिजिटल सबूतों, वित्तीय सुरागों आदि से छेड़छाड़ कर सकते हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि कथित अपराधों के लिए ''गहन जांच'' जरूरी है, क्योंकि वे एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर सार्वजनिक व्यवस्था और देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) और धारा 61 (2) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत तीन साल से अधिक की सजा का प्रावधान रखते हैं। अदालत ने कहा कि चारों आरोपियों को 25 फरवरी तक यानी पांच दिन पुलिस हिरासत में रखे जाने की अनुमति दी जाती है। गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों में बिहार से युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि, बिहार से युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव कुंदन यादव; उत्तर प्रदेश से युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार और तेलंगाना से नरसिंह यादव शामिल हैं।

## छह मार्च तक मतदाता...

भी अभियान में सहयोग किया। जबकि जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों से संबंधित 3.26 करोड़ नोटिस जारी किए गए थे, जिनमें से अब तक 1.66 करोड़ से अधिक नोटिसों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। इस प्रकार प्रदेश में नोटिस सुनवाई की औसत प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। वहीं औरैया, एटा, अम्बेडकरनगर, शामली, फिरोजाबाद, बदायूं, आजमगढ़, बस्ती, चित्रकूट, सहारनपुर और मथुरा सहित 11 जनपदों ने 70 प्रतिशत से अधिक प्रगति हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया है। नवदीप रिणवा ने कहा कि इसके अलावा मऊ, बलरामपुर, ललितपुर, अमेठी, श्रावस्ती, सम्भल, गोण्डा, पीलीभीत, गाजियाबाद, कानपुर देहात, महराजगंज, देवरिया, बहराइच, रायबरेली और कौशाम्बी जैसे जनपदों को नोटिस सुनवाई की प्रगति तेज करने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को पटेल नवजागरण न्यास की ओर से आयोजित सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला के भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

पटना-डोभी बाईपास के समीप सिमरा निसरपुरा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने रिमोट के माध्यम से सरस्वती बसंत पटेल अतिथिशाला के शिलापट्ट का अनावरण करते हुए विधिवत शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। पटेल नवजागरण न्यास से जुड़े सदस्यों ने मुख्यमंत्री को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह (उर्फ गांधी जी), विधायक वशिष्ठ सिंह, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक रूहेल रंजन तथा जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पटेल नवजागरण न्यास, बिहार पटना से जुड़े पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद थे। अतिथिशाला के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई गई।

# बिहपुर के सभी 316 बूथों पर सुना गया मन की बात कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 131वें संस्करण में राष्ट्र को संबोधित किया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि बिहपुर क्षेत्र के सभी 316 बूथों पर भाजपा बूथ अध्यक्षों के संयोजन में लोगों ने यह कार्यकम सुना। वहीं बिहपुर विस विधायक ई.शैलेंद्र ने खरीक प्रखंड के लोकमानपुर में बूथ संख्या 225 पर बूथ अध्यक्ष रामविलाश कुमार की अध्यक्षता और मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक ने कहा कि हर बार की तरह यह संस्करण भी प्रेरणादायक संवाद और विचारों के साथ विकसित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता को समर्पित रहा। विधायक ई.शैलेंद्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट को भारत की तकनीकी यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में देश की बढ़ती क्षमता और नवाचारों को विश्व पटल पर उभरती शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। साथ ही अंगदान जैसे मानवीय विषय का उल्लेख कर समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और सेवा भाव को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। उन्होंने तकनीक, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को ल्लसशक्त भारतङ्क के आधार स्तंभ के रूप में रेखांकित किया। ई.शैलेंद्र ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बिहपुर क्षेत्र में 'मन की बात' हर घर तक पहुंचे और प्रत्येक नागरिक राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में सक्रिय सहभागी बने।

# केंद्रीयमंत्री शेखावत ने पर्यावरण संतुलन में युवाओं की भूमिका को सराहा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटनमंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रेरित और भारतीय संस्कृति के संवाहक 'वॉइसेज ऑफ भारत' के दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में पर्यावरण और सतत विकास के मुद्दे पर आयोजित सम्मेलन और युवा सस्टेनेबिलिटी चेंजमेकर्स के आयोजन पर खुशी जताई है। गत दिवस देररातातक चले इस आयोजन में देश के ख्यातिलब्ध पर्यावरणविद, क्लीन एनर्जी पर काम कर रहीं उद्योग जगत की कुछ नामी, -गिरामी कंपनियां, प्रोफ़ेसर्स और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

शेखावत ने अपने संदेश में कहा कि भारत के भविष्य के लिए ऐसे प्रयास बेहद जरूरी हैं। उन्होंने खुशी जताई कि यह युवाओं के नेतृत्व में बदलाव लाने की अच्छी पहल है। इंडिया हैबिटेट सेंटर की भागीदारी के साथ हुए इस सम्मेलन में सस्टेनेबिलिटी स्टोरी टेलर्स के पहले समूह को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सस्टेनेबिलिटी कर्मा एजुकेशन अवार्ड्स-2026 का लॉन्च हुआ। इस दौरान पद्म भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, मशहूर पर्यावरणविद पीपल बाबा, मैग्सेसे अवार्ड विजेता अरु और गूंज की फाउंडर अंशु गुप्ता, रेक्टर इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. केजी सुरेश, बिसलेरी इंटरनेशनल के सीईओ एंजेलो जॉर्ज, विश्वकर्मा स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. देव स्वरूप ने भी विचार रखे। वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे-2025 पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने युवाओं को सस्टेनेबिलिटी का कहानीकार बनाने के उद्देश्य के साथ वॉइसेज ऑफ भारत के इस अभियान श्रीगणेश किया था। युवा फॉर सस्टेनेबिलिटी का फ़ोकस स्टूडेंट्स में कहानी के माध्यम से पर्यावरण के मुद्दों को लोगों के सामने प्रस्तुत करने की कला विकसित करना है। इस पहल को राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण और क्लाइमेट चेंज राज्य मंत्री संजय शर्मा और राजस्थान सरकार की महिला और बाल विकास राज्यमंत्री, डॉ. मंजू बागमार का मजबूत समर्थन प्राप्त है। यह अभियान पांच पूर्व उप कुलपतियों के नेतृत्व में गठित एडवाइज़री बोर्ड की देखरेख में चलाया जाता है। इसमें हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईएमटी विश्वविद्यालय, एपेक्स विश्वविद्यालय और कनोडिया पीजी महिला महाविद्यालय शामिल हैं। उद्योग जगत की ओर से इस पहल का समर्थन बिसलेरी इंटरनेशनल, यूफ्लेक्स, टेट्रा पैक और राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कर रहे हैं। सम्मेलन में तरुण भारत संघ के संस्थापक और अध्यक्ष 'जल पुरुष' राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। वॉइसेज ऑफ भारत के प्रमुख राजीव टिक्कु ने आखिर में अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# महामंडलेश्वर स्वामी रुपेंद्र प्रकाश, विधायक आदेश चौहान व साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन श्रेष्ठ रत्न से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मनु मन की आवाज व आत्म चिन्तनम के तत्वावधान में यहां आयोजित एक समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी रुपेंद्र प्रकाश, रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आदेश चौहान, साहित्यकार डॉ. श्रीगोपाल नारसन, सीडीओ ललित नारायण मिश्रा और डॉ.आनंद भारद्वाज को श्रेष्ठ रत्न सम्मान से विभूषित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड अम्बेसडर डॉ मनु शिवपुरी के संयोजन व संस्कृत भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आनंद भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर बल देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ श्रीगोपाल नारसन ने मनु शिवपुरी के समाजोपयोगी कार्यो की सराहना की। उन्होंने अष्टांग योग को आज के समय के लिए आवश्यकता बताया। समारोह में हरिद्वार के मुख्य विकास अधिकारी डॉ ललित नारायण मिश्रा ने कहा कि समाज की सकारात्मक पहल शासन को भी नई दिशा देती हैं। कार्यक्रम में डॉ मनु शिवपुरी की नई पुस्तक ''जल स्वच्छता व संरक्षण'' का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, अभिनन्दन गुप्ता पूर्व राज्यमंत्री विमल कुमार, अधिवक्ता पुनीत कंसल व अर्क शर्मा, सीए मृणाल शर्मा, अनिल भारतीय, जगदीश लाल पहवा, डॉ विशाल गर्ग और निगम पार्षद तन्मयी आदि मौजूद रहे।

## 'मन की बात' समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला मंच: मुख्यमंत्री धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में जनप्रतिनिधियों एवं संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड को सुना। इस मौके मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम जन-जन को प्रेरित करने वाला सशक्त माध्यम है, जो नवाचार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण में योगदान की भावना को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर आयोजित वैश्विक शिखर सम्मेलन, अंगदान की प्रेरणादायक घटनाओं तथा डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर धोखाधड़ी से सावधान रहने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात करें तथा एआई, स्वास्थ्य जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# गुरदासपुर में नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को मारी गोली, दोनों की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारत-पाकिस्तान सीमावर्ती क्षेत्र में पंजाब के गुरदासपुर में बीती रात दो पुलिसकर्मियों के बीच हुई झड़प ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक-दूसरे को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना की पुलिस विभाग में खूब चर्चा हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे थाना दोरांगला क्षेत्र के गांव आदियां में पुलिस के नाके पर अशोक कुमार व गुरनाम सिंह तैनात थे। यह क्षेत्र है। इसी दौरान दोनों की किसी बात को लेकर बहस हो गई और दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण व राहगीर वहां एकत्र हुए, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इस पर थाना प्रभारी, डीएसपी तथा एसएसपी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। अभी तक उनकी मौत के पीछे का सटीक कारण या झड़प की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस इस संबंध में ग्रामीणों से भी पूछताछ कर रही है। दोनों पुलिसकर्मियों के शवों को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# भीषण अग्निकांड: लाखों की संपत्ति राख, चार बकरियों व कई पालतू पशुओं की मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा जिले के शंकरपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की रात एक दर्दनाक अग्निकांड की घटना सामने आई, जिसमें एक गरीब परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। शंकरपुर थाना क्षेत्र के गिद्दा पंचायत अंतर्गत कजरा कामत वार्ड संख्या 10 में शनिवार देर रात करीब 11 बजे अचानक भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उस समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में थे। यह आग गृहस्वामी मो. इस्लाम के फूस और लार-पतवार से बने घर में लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटों में चार बकरियां और उनके बच्चे (नेमने) सहित करीब आधा दर्जन पालतू पशु झुलसकर मर गए। पशुओं की चीख-पुकार से पूरा माहौल दहल उठा। अग्निकांड में घर में रखा रूई धुनने वाला लाखों रुपये का मशीन, कपड़े, बर्तन, बिछावन, अनाज और अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। परिवार की वर्षों की जमा पूंजी कुछ ही पलों में खत्म हो गई। आग की ऊंची लपटें देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। लोगों ने बाल्टी, मोटर और अन्य संसाधनों से आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि सब कुछ जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, मगर तब तक आग पूरे घर को निगल चुकी थी। गृहस्वामी मो. इस्लाम ने बताया कि यह हादसा बिजली के शॉर्ट सर्किट से हुआ। उस वक्त परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। अचानक आग की लपटें उठीं तो ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। इस भीषण अग्निकांड में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने अंचलाधिकारी राहुल कुमार से शीघ्र सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि वे दोबारा अपने जीवन को पटरी पर ला सकें।

## आजादपुर में शादी से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिमी जिले के मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक 18 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शनिवार और रविवार की दरमियानी रात करीब 2:28 बजे आजादपुर इलाके में हुई। युवक शादी समारोह से घर लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि एक युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे तत्काल बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान जहांगीरपुरी निवासी इशु उर्फ ईशांत (18) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक सवार हमलावरों ने युवक पर कई राउंड फायरिंग की। घटनास्थल से पुलिस को खाली कारतूस भी मिले हैं। सूचना मिलते ही क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली गई है।

# डायट बड़कोट में 211 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का उत्तरा मॉड्यूल प्रशिक्षण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उत्तरकाशी। जिले के बड़कोट में स्थित डायट में 21 1कार्यक्रत्रियों को उत्तरा मॉड्यूल का दस दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हो गया है। यह प्रशिक्षण जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत कार्यक्रत्रियों के लिए आयोजित किया गया था। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य संजीव जोशी ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 में विद्यालयी शिक्षा के शैक्षणिक ढांचे में 10+2 को परिवर्तित कर 5+3+3+4 कर दिया गया है और यह शुरूआती 5 वर्ष शिक्षा की फाउंडेशनल स्टेज है, जिसमें आंगनबाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्यूंकि 6 वर्ष तक की आयु तक मानव मस्तिष्क का 85 फीसदी विकास हो चुका होता है। इस अवस्था के दौरान बच्चे को अधिकाधिक वैक्तिक अनुभव उपलब्ध करवाने चाहिये। प्राचार्य ने कहा कि इस वर्ष ज़िला परियोजना के माध्यम से समस्त को-लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में जादुई पिटारा भी उपलब्ध करावाया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक व डायट प्रवक्ता शान्ति रतूड़ी ने कहा कि इस प्रशिक्षण में आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को प्रथम बार आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की संकल्पना से परिचित कराया गया है, ताकि बालवाटिका स्तर से ही इसके सार्थक प्रयास किये जा सकें। इस प्रशिक्षण में जनपद के समस्त विकासखंडों से आई कुल 211 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किय। इस कार्यक्रम में मुख्य सन्दर्भदाता के रूप में बृजेश कुमार मिश्र, गोपाल राणा, टीका राम सिंह, बबीता सजवाण, एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन से अवनीश, भानुप्रताप, दिनेश कोठियाल ने प्रतिभाग किया।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063